www.epaper.azadsipahi.in

21 दिसंबर, 2025
पौष, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 11, अंक 63

तोशाखाना केस में इमरान और बुशरा बीबी को 17-17 साल की सजा






## कांग्रेस की गलतियां सुधार रहा, निकाल रहे घुसपैठियों को

# कांग्रेस ने घुसपैठियों को छूट दी : मोदी

- गुवाहाटी में इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नये टर्मिनल का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से असम विरोधी काम किया। कांग्रेस ने वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को खुली छूट दी और यहां की डेमोग्राफी बदली। इससे ये हुआ कि पूरे असम की सुरक्षा और पहचान दांव पर लग गयी। कांग्रेस की गलतियां मोदी सुधार रहा है।

आज हिमंता की सरकार मेहनत से असम के संसाधनों को देश विरोधी लोगों से मुक्त करा रही है। अवैध घुसपैठियों को पहचानकर उन्हें बाहर किया जा रहा है। प्रधानमंत्री शनिवार को गुवहाटी में गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट की नयी टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे।



### असम भारत के इस्टर्न गेटवे के रूप में उभर रहा

मोदी ने कहा कि भारत अब दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने जा रहा है। 11 साल में ये कैसे हुआ। इसमें बहुत बड़ी भूमिका इंफ्रॉस्ट्रक्चर की है। विकास के इस महाअभियान में देश के हर क्षेत्र की भागीदारी है। हम पिछड़ों को मौका दे रहे हैं। आज असम और पूर्वोत्तर हमारे मिशन का नेतृत्व कर रहे हैं। हमने पूर्वोत्तर को प्राथमिकता दी है। असम को भारत के इस्टर्न गेटवे के रूप में उभरता देख रहे हैं। ये शुरूआत आगे तक जायेगी। असम कई क्षेत्रों में विकसित भारत का इंजन बनेगा।

### कांग्रेस सरकार के एजेंडे में असम का विकास नहीं था

मोदी ने कहा कि असम में कितने शानदार हाइवे बन रहे हैं, एयरपोर्ट बन रहे हैं। आप भी कहते हैं, अब जाकर असम के साथ न्याय होना शुरू हुआ। कांग्रेस की सरकार के एजेंडे में असम और पूर्वोत्तर का विकास नहीं था। कांग्रेस कहती थी असम को पूर्वोत्तर को हाइवे और रेलवे की जरूरत क्या है। इसी सोच के साथ कांग्रेस ने दशकों तक इस क्षेत्र की उपेक्षा की।

### देश का पहला प्रकृति-थीम वाला टर्मिनल

प्रधानमंत्री दो दिन के असम दौरे पर हैं। गुवाहाटी में लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट की नयी टर्मिनल बिल्डिंग देश का पहला प्रकृति-थीम वाला एयरपोर्ट टर्मिनल है। जिसकी थीम बांस उद्यान पर आधारित है। मोदी रविवार को असम में 15,600 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास किया उन्होंने असम के पहले सीएम लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई की मूर्ति का अनावरण भी किया।

**पूर्वोत्तर में पहले हिंसा होती थी आज टेक्नोलॉजी पहुंच रही:** प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर में पहले हिंसा होती थी, यहां 4जी 5जी से टेक्नोलॉजी पहुंच रही है। साथियों हम पूर्वोत्तर की संस्कृति और पहचान की रक्षा कर रहे हैं। कांग्रेस की जड़ें आजादी से पहले से जुड़ी हैं। गुवाहाटी से जलपाइगुड़ी तक चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ने यात्रा के समय को कम किया। कार्गो ट्रेफिक में 140 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वाराणसी से डिब्रूगढ़ तक गंगा विकास को लेकर उत्साह है। कांग्रेस की सरकारों ने असम और पूर्वोत्तर विकास से दूर रखने का पाप किया है।


## मुख्यमंत्री से पीवीयूएनएल के वरीय अधिकारियों ने की मुलाकात

# युवाओं के कौशल विकास के लिए करें पहल : हेमंत सोरेन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को पतरातु विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (सीइओ) अशोक कुमार सहगल, मानव संसाधन प्रमुख जेड रहमान, वरीय प्रबंधक पंकज कुमार सिंह और डीजीएम जे महापात्र ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि 5 नवंबर 2025 से पीवीएनएल के 800 मेगावाट की क्षमता वाली एक यूनिट से बिजली का व्यावसायिक उत्पादन शुरू हो चुका है। उन्होंने इस यूनिट के चालू होने में राज्य सरकार से मिले सहयोग के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा हर स्तर पर मिले सहयोग का परिणाम है कि इस यूनिट से बिजली का व्यावसायिक उत्पादन तय समय पर शुरू हो सका है। वहीं, इस यूनिट के चालू हो जाने से झारखंड अब बिजली के मामले में आत्मनिर्भर हो चुका है। उन्होंने मुख्यमंत्री को पतरातु विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड का भ्रमण करने के लिए भी आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र सरकार की प्राथमिकता में है। इस दिशा में बिजली इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक और सुदृढ़ करने के लिए ठोस कदम उठाये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पीवीयूएनएल से कहा कि वह युवाओं के कौशल विकास के लिए भी ठोस पहल करे।




## टी-20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम की घोषणा

# झारखंड के इशान किशन ने की वापसी

## कप्तान होंगे सूर्या, शुभमन गिल ड्रॉप, अक्षर पटेल उपकप्तान

- भारत और श्रीलंका विश्व कप की करेंगे मेजबानी
- 7 फरवरी से शुरू होगी प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** भारत और श्रीलंका की मेजबानी में टी20 विश्व कप 2026 खेला जाना है। इसकी शुरुआत 7 फरवरी को होगी। टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया गया है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में 15 सदस्यीय टीम चुनी गयी है। भारत टी20 विश्व कप का वर्तमान चैंपियन है। दक्षिण अफ्रीका को हराकर टीम ने पिछले साल यह टूर्नामेंट अपने नाम किया था।

**चार ऑलराउंडर को मिली जगह:** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में बाहर बैठने वाले रिंकू सिंह की भी वापसी हुई है। सूर्यकुमार यादव के हाथों में टीम की कप्तानी है, तो अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा भी बल्लेबाज के रूप में चुने गये हैं।

अक्षर पटेल के साथ वॉशिंगटन सुंदर स्पिन गेंदबाजी और ऑलराउंडर की जिम्मेदारी संभालेंगे। कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती स्पिन गेंदबाजी की बागडोर संभालेंगे। तेज गेंदबाज के रूप में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा हैं।

**भारतीय टीम का टी20 विश्व कप शेड्यूल:** भारतीय टीम ग्रुप ए में पाकिस्तान, अमेरिका, नामीबिया और नीदरलैंड्स के साथ है। 7 फरवरी को भारत अपना पहला मैच अमेरिका से खेलेगा। इसके बाद 12 को नामीबिया, 15 को पाकिस्तान और 18 से नीदरलैंड्स से मुकाबला करना है।



### फाइनल में शतक लगाने और सफल कप्तानी ने इशान किशन की करायी इंट्री



शुभमन गिल को टी20 विश्व कप टीम से ड्रॉप कर दिया गया है। एशिया कप में वापसी के बाद से उनका बल्ला फेल रहा था। उनकी जगह अक्षर पटेल को उपकप्तान बनाया गया है। इसके साथ ही जितेश शर्मा को टीम से बाहर कर दिया गया है। उनकी जगह इशान किशन की वापसी हुई है। इशान की कप्तानी में झारखंड ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब जीता है। उन्होंने टूर्नामेंट के फाइनल में भी शतक लगाया था। वह बैकअप विकेटकीपर के साथ बैकअप ओपनर हैं। उन्हें लंबे समय बाद टीम में जगह मिली है।

### टीम इंडिया के खिलाड़ी

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल (उपकप्तान), जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती।

# चाइबासा : बच्चे के शव को थैले में ले जाने के मामले में आयी जांच रिपोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** सदर अस्पताल चाइबासा से बच्चे का शव थैले में ले जाने से संबंधित वायरल वीडियो मामले की जांच पूरी कर ली गयी है। चाइबासा सदर के अनुमंडल पदाधिकारी ने जांच रिपोर्ट पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त को सौंप दी है। जांच में कहा गया है कि मृत बच्चे का नाम कृष्ण चातोम्बा (पिता- डिम्बा चातोम्बा), ग्राम बालजोड़ी, नोवामुण्डी है। वायरल वीडियो में बच्चे की उम्र चार वर्ष बतायी जा रही थी, जबकि वह मात्र चार माह का था। बच्चे को 18 दिसंबर की शाम 5:15 बजे सदर अस्पताल चाइबासा में फिवर और लूज मोशन की शिकायत पर भर्ती कराया गया था। बच्चे को पीडियाट्रिक वार्ड में रखा गया। जांच में वह मलेरिया पॉजिटिव पाया गया। बेहतर इलाज के लिए बच्चे को एमजीएम अस्पताल, जमशेदपुर रेफर किया गया, लेकिन पिता द्वारा वहीं इलाज कराने की इच्छा जतायी गयी। इलाज के दौरान 19 दिसंबर को दोपहर 1:15 बजे बच्चे की मृत्यु हो गयी। मृत्यु के बाद शव वाहन की व्यवस्था के लिए संपर्क किया गया। शव वाहन मनोहरपुर में होने की जानकारी परिजनों को देते हुए प्रतीक्षा करने के लिए कहा गया। करीब अपराह्न 4:40 बजे शव वाहन पहुंचा, लेकिन तब तक बच्चे के पिता शव लेकर अस्पताल से जा चुके थे। अन्य मरीजों की देखभाल के क्रम में बच्चे के पिता किस समय शव लेकर गये, यह पता नहीं चला। बच्चे के पिता के पास मोबाइल फोन नहीं होने के कारण उनसे संपर्क भी नहीं किया जा सका। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि परिजन इंतजार करते, तो शव वाहन उपलब्ध हो जाता। भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए प्रशासन ने सुधारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

## जम्मू-कश्मीर के रतले हाइड्रो प्रोजेक्ट पर खतरा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में चिनाब नदी पर बन रहे रतले हाइड्रो प्रोजेक्ट पर खतरा मंडरा रहा है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक प्रोजेक्ट में काम कर रहे 29 मजदूरों के टेरर लिंक मिले हैं। ये कर्मचारी देश विरोधी और क्रिमिनल एक्टिविटी में शामिल थे। पुलिस ने कंपनी से इन कर्मचारियों को काम पर रखने के फैसले पर फिर से विचार करने को कहा है। ऐसे लोग प्रोजेक्ट की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। कंपनी को ऐसे मजदूरों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखनी चाहिये। 850 मेगावॉट क्षमता वाला यह प्रोजेक्ट नेशनल हाइड्रो पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचपीसीएल) और जम्मू-कश्मीर सरकार का जॉइंट वेंचर है। जिसकी अनुमानित लागत 3700 करोड़ रुपये है। कंस्ट्रक्शन का काम मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमइआइएल) को दिया गया है। कंपनी ने कहा कि मजदूरों का हटाना मुश्किल है, क्योंकि ये खुद आतंकी नहीं है न ही ओवर ग्राउंड वर्कर हैं। इनके खिलाफ अभी तक किसी क्रिमिनल केस में दोष भी साबित नहीं हुआ है। हालांकि कंपनी ने आश्वासन दिया कि इन कर्मचारियों की सख्ती से मॉनिटरिंग की जायेगी।

# बांग्लादेश हिंसा: सात साल की बच्ची को जिंदा जलाया

- बीएनपी नेता के घर में आग लगायी, तीन झुलसे


एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश के लक्ष्मीपुर सदर में शुक्रवार देर रात कुछ उपद्रवियों ने एक घर को बाहर से बंद कर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग में जिंदा जलने से एक सात साल की बच्ची की मौत हो गयी, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गये। यह घर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता बिलाल हुसैन का है। पुलिस के मुताबिक घटना रात करीब 1 बजे की है। आग लगने से बिलाल की सात साल की बेटी आयशा



अख्तर की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं बिलाल हुसैन और उनकी दो अन्य बेटियां सलमा अख्तर (16) और सामिया अख्तर (14) गंभीर रूप से झुलस गयीं। बिलाल का इलाज लक्ष्मीपुर सदर अस्पताल में चल रहा है, जबकि दोनों बेटियों को गंभीर हालत में ढाका भेजा गया है। लक्ष्मीपुर सदर अस्पताल के रेजिडेंशियल मेडिकल ऑफिसर डॉ अरूप पाल के मुताबिक दोनों लड़कियों की बॉडी का 50-60% हिस्सा जल गया है। उनकी हालत गंभीर है। इसके चलते उन्हें ढाका के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी में रेफर किया गया है। उधर, लक्ष्मीपुर सदर मॉडल थाना के प्रभारी मोहम्मद वाहिद परवेज ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताते चलें कि इससे पहले गुरुवार देर रात ढाका के नजदीक मयमनसिंह शहर में 25 वर्षीय दीपु चंद्र दास को भीड़ ने बेरहमी से पीट-पीटकर मार डाला था। पुलिस के मुताबिक भीड़ ने उस युवक के शव को नग्न करके पेड़ से लटका दिया और बाद में उसमें आग लगा दी थी।







# झारखंड के 38 कैडेटों का गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन, देंगे राष्ट्रपति को सलामी

## ■ सैनिक स्कूल तिलैया की पहली गर्ल्स कैडेट्स वैष्णवी आनंद ने रचा इतिहास

## ■ जिले के लिए गर्व का पल, वैष्णवी पटना से 25 दिसंबर को दिल्ली होंगी रवाना

सतीश कुमार



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गणतंत्र दिवस परेड-2026 के लिए झारखंड से इस बार कुल 38 एनसीसी कैडेट्स का चयन किया गया है। राज्य की विभिन्न बटालियनों के ये कैडेट्स पटना में आयोजित होने वाले चयन और प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए रवाना हुए। इनमें कई कैडेट्स कोडरमा स्टेशन से भी प्रस्थान किया। जानकारी के मुताबिक रांची ग्रुप से 26 और हजारीबाग ग्रुप से 12 कैडेट्स कुल 38 कैडेट्स नयी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली राष्ट्रीय परेड में शामिल होने का गौरव प्राप्त करेंगे और राष्ट्रपति को सलामी देंगे। इसी बीच जिले के लिए गौरव का पल है कि सैनिक स्कूल तिलैया की पहली गर्ल्स कैडेट नवलशाही, कोडरमा निवासी वैष्णवी आनंद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आरडीसी - 2026 में अपना स्थान सुरक्षित कर इतिहास रच दिया है। वैष्णवी झारखंड की इकलौता सैनिक स्कूल तिलैया की पहली गर्ल्स कैडेट बनी हैं, जिन्हें एनसीसी गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन किया गया है। चयन प्रक्रिया के सभी चरणों में उनकी प्रतिभा, अनुशासन और दृढ़ निष्ठा ने निर्णायकों को प्रभावित किया। इसके पहले पटना, बरौनी में उन्हें ट्रेंड किया गया है। बताते हैं कि इस बार चयनित कैडेट्स में रौशन कुमार, अमर साव, अर्जित कुमार, आलोक कुमार, काजल कुमारी और युविका भी शामिल हैं, जिन्होंने अपने-अपने बटालियन कैंपों में शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर जगह बनायी। इनके साथ वर्ल्ड कैडेट इंस्ट्रक्टर कुसुम कुमारी और बॉयज कैडेट इंस्ट्रक्टर कृपा भी मार्गदर्शन के लिए मौजूद रहीं।

वैष्णवी आनंद का चयन सैनिक स्कूल तिलैया के लिए स्वर्णिम उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। विद्यालय में आयोजित विशेष समारोह में उन्हें सम्मानित किया गया, जहां अधिकारियों, शिक्षकों और कैडेटों ने उनकी सफलता पर गर्व व्यक्त किया। वैष्णवी ने अपनी सफलता का श्रेय प्राचार्य, प्रशिक्षकों और अपने माता शालिनी गुप्ता-पिता आनंद कुमार को दिया। वैष्णवी ने कहा कि यह अवसर उनके लिए सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कोडरमा स्टेशन पर कैडेट्स को शुभकामनाएं देने पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता भी पहुंचीं। उन्होंने कहा कि झारखंड के कैडेट्स लगातार राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं और वैष्णवी की उपलब्धि अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि बड़ी बेटी वैष्णवी है। उसकी कड़ी मेहनत रंग लायी है। उसने माता-पिता के जिले को गौरवान्वित किया है। वह 25 दिसंबर को पटना से दिल्ली के लिए रवाना होगी। वैष्णवी सैनिक स्कूल में क्लास नवीं की कैडेट्स है और फिलहाल पटना में ट्रेनिंग कर रही है।

# झारखंड के सात जिले घने कोहरे की चपेट में, ऑरेंज अलर्ट जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची सहित राज्य के सात जिले घने कोहरे की चपेट में हैं। घना कोहरा छाये रहने के कारण दृश्यता काफी कम हो गयी है, जिससे शनिवार को रांची समेत गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा और गिरिडीह में वाहनों के आवागमन में परेशानी हुई। हालांकि दिन चढ़ने के साथ कुहासे में कुछ कमी आयी। मौसम विभाग ने राज्य के मध्यवर्ती नौ जिलों में रविवार को भी घना कोहरा छाये रहने की संभावना जतायी है। इसे लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जिन जिलों में रविवार को घना कोहरा पड़ने की संभावना है, उनमें रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, लोहरदगा, कोडरमा और धनबाद शामिल हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को इन जिलों के अलावा राज्य के उत्तरी और मध्य भागों में भी घना कोहरा छा सकता है। वहीं सोमवार (22 दिसंबर) को राज्य के उत्तर-पश्चिमी जिलों गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार के साथ-साथ उत्तर-मध्य भागों में हजारीबाग, कोडरमा और गिरिडीह में सुबह के समय कहीं-कहीं घना कोहरा देखे जाने की संभावना है। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी किया है। शनिवार को घने कोहरे और बादलों के कारण दिनभर कड़ाके की ठंड और कनकनी का एहसास हुआ। ठंड से बचने के लिए लोगों ने अलाव का सहारा लिया। दोपहर में हल्की धूप निकलने से कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन ठंड का असर बना रहा। राज्य के उत्तर-पश्चिमी जिले भी कड़ाके की ठंड की चपेट में हैं। डालटेनगंज में अधिकतम तापमान गिरकर 15.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग 10 डिग्री कम है। चाइबासा में अधिकतम तापमान सामान्य से 4.7 डिग्री कम रिकॉर्ड किया गया, जबकि रांची में अधिकतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य के आसपास है। इसके कारण लोगों को दिन में भी ठंड का अहसास हो रहा है। राज्य में सबसे अधिक तापमान पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा में 27 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम न्यूनतम तापमान रांची में 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

राजधानी रांची में शनिवार को अधिकतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम 25.5 और न्यूनतम 13.4 डिग्री, डालटेनगंज में 15.7 और 10.7 डिग्री, बोकारो में 21.1 और 11.1 डिग्री दर्ज किया गया। इसी तरह चाइबासा में अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री और न्यूनतम 11.0 डिग्री, खूंटी में 23.5 और 9.6 डिग्री, लोहरदगा में 21.0 और न्यूनतम 7.7 डिग्री, लातेहार में 18.5 और 8.7 डिग्री तथा सरायकेला में अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# ड्यूटी के दौरान सो रहे थे पुलिस अधिकारी और जवान, एसपी ने किया निलंबित

आजाद सिपाही संवाददाता




**पाकुड़।** जिला में चोरी, छिनतई, लूट, डकैती जैसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पुलिस कप्तान सख्त है। इसको लेकर संबंधित थानेदारों और पुलिस पदाधिकारियों लापरवाही नहीं बरतने, गश्ती पर विशेष ध्यान देने का निर्देश जारी किया है। इसके बावजूद कुछ पुलिस अधिकारी व कर्मी अपने आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं। पाकुड़ एसपी निधि द्विवेदी ने वैसे लापरवाह पुलिस अधिकारियों व जवानों को ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया है। एसपी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक शहरी क्षेत्र में रात्रि पुलिस अधिकारी किस तरह से कर रहे हैं। इसकी जांच करने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दयानंद आजाद निकले। देर रात्रि को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शहरी क्षेत्र में गश्ती में कोई पुलिस अधिकारी व जवानों को नहीं देख पाये तो शिव शीतला मंदिर स्थित टाउन आउटपोस्ट पहुंचे।

जहां जमादार मुद्रिका प्रसाद व हवलदार वीरबहादुर साह अपने बिस्तर पर सोये मिले। वहीं नगर थाना की गश्ती दल की खोजबीन की तो एक स्थान पर कुछ आग ताप रहे थे तो कुछ गश्ती वाहन में ही सोते दिखायी दिये। एसडीपीओ ने गश्ती दल को निर्देश दिया कि पूरे इलाके में घूम-घूमकर विशेष ध्यान रखे और चले गये। जब कुछ देर बाद एसडीपीओ दोबारा लौटे तो वो गश्ती दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी व जवान उसी स्थान पर पाये। एसडीपीओ दयानंद आजाद ने टीओपी व नगर थाना की गश्ती दल द्वारा की जा रही लापरवाही की रिपोर्ट एसपी से की। मिली रिपोर्ट पर टाउन आउटपोस्ट के सहायक अवर निरीक्षक मुद्रीका प्रसाद, हवलदार वीरबहादुर साह एवं नगर थाना के सहायक अवर निरीक्षक विपिन कुमार, हवलदार सुखदेव मंडल, जवान तारनी महतो, निसार अहमद को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

बता दें कि शहरी क्षेत्र में बीते दिनों चोरी की बढ़ी घटनाओं पर रोक लगाने, अपराधिकारियों पर कार्रवाई करने का सख्त निर्देश एसपी निधि द्विवेदी ने थानेदार व पुलिस पदाधिकारियों को दिया है। यह भी चेतावनी दी गयी थी कि अगर ड्यूटी में लापरवाही बरतने की शिकायत मिली तो कार्रवाई की जायेगी। इसके बावजूद पुलिस पदाधिकारी व जवान ड्यूटी में लापरवाही बरती और एसपी ने इन सभी लापरवाह पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को निलंबित कर दिया।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दयानंद आदाद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये आदेश निर्देश का अनुपालन नहीं करने वाले जमादार, हवलदार व जवानों के खिलाफ रिपोर्ट की गयी थी।

# पर्यटकों को लुभाती हैं तिलैया डैम की वादियां

**प्रकृति की हसीन वादियां और अथाह जल का नजारा लोगों को करता है आकर्षित**

गौतम पाल





**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** प्राकृतिक सौंदर्य का अनुपम नमूना तिलैया डैम बरसों से पिकनिक स्पॉट के लोगों की पहली पसंद है। जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर दामोदर नदी की उत्तरी छोर पर पहाड़ों की नैसर्गिक सुंदरता के बीच स्थित डैम लोगों को आकर्षित करती रही है। बाढ़ की विभीषिका पर नियंत्रण रखने, बिजली उत्पादन, मछली उत्पादन और सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर दामोदर नदी एवं इसकी सहायक बराकर नदी पर करीब 300 मीटर लंबा व 33 मीटर ऊंचा बांध का निर्माण कराया गया है। जिसका विधिवत उद्घाटन देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने वर्ष 1953 में की थी। प्रकृति की हसीन वादियों, अगल-बगल हरे-भरे खेत के दिलकश नजारे और चारों ओर अथाह जल का नजारा लोगों को आकर्षित करता रहा है। तिलैया डैम जलाशय में अवस्थित चेचरो पार्क भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। चित्र पार्क जाने के लिए पर्यटकों को वोट का सहारा लेना पड़ता है। चित्र पार्क मगरमच्छों के संरक्षण के लिए बनाया गया था। हालांकि समय के साथ-साथ इसके रखरखाव पर विपरीत प्रभाव पड़ा है और यह पार्क अपनी चमक होते चला गया। नये वर्ष में डैम के जलाशय में वोटिंग करने का अलग ही आनंद है। पिकनिक या सैर पर जाने वाले लोग यहां वोटिंग करना नहीं भूलते हैं। वोटिंग की सुविधा के लिए यहां कई वोट हैं, लेकिन पर्यटकों को सबसे ज्यादा आधुनिक उबल मोटर बोट आकर्षित करता है। तिलैया डैम से सटी पहाड़ी की ऊंची चोटी पर अतिथि गृह भी अवस्थित है। यह अतिथि गृह कई सुविधाओं से लैस है। यहां के सुसज्जित कमरे और आसपास प्रकृति के हसीन नजारे लोगों को आकर्षित करते हैं। यहां के जवाहर घाट और नेहरू पार्क भी दर्शनीय जगह हैं। तिलैया डैम में सैलानियों का आने का सिलसिला दिसंबर माह से ही शुरू हो जाता है। यहां अधिकतर सैलानी पश्चिम बंगाल, यूपी, बिहार, आंध्र प्रदेश व स्थानीय सहित कभी कभार विदेशों से भी आ जाते हैं।

# धार्मिक आस्था और प्राकृतिक सौंदर्य का अनूठा संगम है सतबहनी झरना

## ■ 300 वर्ष से अधिक पुराना यह स्थल 30 फीट ऊंचे दूधिया झरने और नौ प्राचीन मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है

## ■ नववर्ष पर सैलानियों के स्वागत के लिए तैयार है यह तीर्थ स्थल

अरुण कुमार चौबे





**कांडी (गढ़वा) (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर कांडी प्रखंड स्थित सतबहनी झरना तीर्थ स्थल क्षेत्र का एक प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल है। लगभग 300 वर्ष से अधिक पुराना यह स्थल 30 फीट ऊंचे दूधिया झरने और नौ प्राचीन मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। यहां मां दुर्गा, भगवान शिव, गणेश, सूर्य देव, बजरंगबली और भैरवनाथ सहित अन्य देवी-देवताओं के मंदिर स्थित हैं, जहां वर्ष भर श्रद्धालुओं की आस्था बनी रहती है।

करीब 24 एकड़ क्षेत्र में फैले इस स्थल को फरवरी 2019 में पर्यटन का दर्जा प्राप्त हुआ था। इसके बाद से सतबहनी झरना न केवल गढ़वा जिले बल्कि झारखंड और पड़ोसी राज्यों के सैलानियों के लिए भी एक प्रमुख पिकनिक और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हुआ है। पूर्ण रूप से सुरक्षित पिकनिक स्थल माने जाने के कारण नववर्ष के अवसर पर यहां हजारों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचते हैं। पत्थरों की आकर्षक श्रृंखला, ऊंचे-नीचे टीलों के बीच बहती पंडी नदी और चोराटी पहाड़ी का मनोहारी दृश्य सैलानियों को सहज ही अपनी ओर आकर्षित करता है। झरने के आसपास फैली प्राकृतिक सुंदरता और विशाल चट्टानों के बीच लोग पिकनिक मनाते, फोटो खिंचवाते और प्राकृतिक नजारों का आनंद लेते नजर आते हैं सैलानी। कई स्थानों पर तो डीजे की धुन पर युवक-युवतियां नाचते-गाते, झूमते देखे जाते हैं। जिससे पूरा क्षेत्र उत्सवमय माहौल में तब्दील होता प्रतीत होता है।

सैलानियों की सुरक्षा को लेकर कांडी पुलिस की गश्ती टीम लगातार क्षेत्र में भ्रमण करती रहती है। वहीं स्थानीय समिति के सदस्य भी सुरक्षा व्यवस्था में सक्रिय रहते हैं। सतबहनी झरना क्षेत्र में वर्ष भर पूजा-अर्चना, भ्रमण और पिकनिक के लिए लोगों का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन हर वर्ष एक जनवरी को यहां विशेष रूप से भारी भीड़ उमड़ती है। इसके अलावा सतबहनी झरना के आसपास भीम बराज, चटनिया डैम, सुंडीपुर स्थित संगम और कोयल नदी पुल जैसे कई अन्य पिकनिक स्थल भी सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

# बच्चे को डांटा तो अभिभावकों ने शिक्षिका की ही कर दी पिटाई

## पहले से घात लगाये बैठे लोगों ने सड़क पर घेरकर पीटा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** एक शिक्षिका को अपने क्लास के बच्चे को डांटना महंगा पड़ गया। एक निजी स्कूल में कार्यरत महिला शिक्षिका पर दिनदहाड़े हमला किया गया। स्कूल से महज 100 मीटर की दूरी पर उन्हें घेरकर सड़क पर गिराया गया और बेरहमी से पीटा गया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। फुटेज में साफ दिखता है कि हमलावर पहले से घात लगाये बैठे थे। जैसे ही शिक्षिका नजर आयीं, उन पर टूट पड़े ना डर, ना कानून का खौफ। हमले की वजह किसी अपराध या झगड़े से नहीं, बल्कि पढ़ाई और अनुशासन से जुड़ी है। एक दिन पहले शिक्षिका ने एक छात्र को पढ़ाई न करने और उद्दंड व्यवहार पर डांटा था। इसी बात से तिलमिलाए छात्र के परिजन और पड़ोसियों ने मिलकर यह हमला किया। स्थानीय लोगों और शिक्षाविदों का कहना है कि आज के दौर में बच्चों को डांटना या अनुशासन सिखाना शिक्षकों के लिए जानलेवा बन गया है। छोटी सी बात पर भी हिंसा भड़क रही है और शिक्षक सबसे आसान निशाना बनते जा रहे हैं। सवाल सीधा है अगर शिक्षक स्कूल के बाहर भी सुरक्षित नहीं हैं, तो वे बेखौफ होकर पढ़ायेंगे कैसे। फिलहाल घायल शिक्षिका अस्पताल में भर्ती हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 22.2 °c | 9.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.07 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.25 बजे |



## भुरकुंडा: विजय ज्वेलर्स में हुई डकैती

# डेढ़ किलो सोना, एक क्विंटल चांदी, 2.50 लाख नगद लेकर फरार हुए अपराधी

बिजेंद्र कुमार

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा बाजार स्थित विजय ज्वेलर्स में शाम करीब 7:10 बजे डकैती हुई। दुकान मालिक विजय वर्मा ने बताया कि वह रोज की तरह अपनी दुकान को बंद कर घर जाने की तैयारी कर रहे थे। अचानक पांच डकैत दुकान में घुसे। उनमें से एक अपराधी ने शटर गिरा दिया। दूसरे ने मुझे पिस्टल सटा दिया और शोर नहीं मचाने की धमकी दी। अपराधियों ने कहा शोर किया, तो गोली मार देंगे। उन पांच में से एक अपराधी ने दुकान के सीसीटीवी कैमरे के तार को नोच दिया। इसके बाद गल्ला में रखे नगद 2.50 लाख रुपये ले लिए। फिर दुकान में पड़े सारे जेवरात समेट लिये। जिनमें 1.5 किलो सोना और एक क्विंटल चांदी के जेवर थे। कुल मिला कर लगभग तीन करोड़ से उपर की डकैती हुई है। विजय वर्मा ने बताया कि अपराधियों ने हमारे स्टाफ विशाल का मोबाइल भी छीन लिया। इतना ही नहीं उन्होंने मेरे और स्टाफ के अलावा एक ग्राहक के पॉकेट में मौजूद पैसा भी छीन लिया। लूटपाट के बाद अपराधी दुकान से निकले और बाहर जाकर फिर शटर गिरा कर भाग गये। घटना के बाद भुरकुंडा पुलिस एसआइ कुणाल कुमार और एसआइ अजीत कुमार दल बल के साथ पहुंचे। खबर लिखे जाने तक पुलिस मामले की जांच कर रही थी।





दुकान मालिक विजय वर्मा

## मुख्यमंत्री से चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

# राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है उद्योग जगत : हेमंत

**सरकार-उद्योग संवाद पर फोकस, औद्योगिक विकास पर हुई चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआइ) के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्य में औद्योगिक विकास, नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन और औद्योगिक इकाइयों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।

प्रतिनिधिमंडल ने उद्योग जगत के समक्ष आ रही व्यवहारिक चुनौतियों और उनके संभावित समाधानों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि राज्य सरकार औद्योगिक विकास के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि उद्योग जगत राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और झारखंड के आर्थिक सशक्तिकरण में फेडरेशन की भूमिका अहम रही है। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा उठाये गये सभी मुद्दों और सुझावों पर शीघ्र कार्रवाई की जायेगी। संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिये जायेंगे, ताकि उद्योगों को सुगम और अनुकूल वातावरण मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य में व्यवसाय के अनुकूल माहौल बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष राम बांगड़, महासचिव रोहित अग्रवाल, सह सचिव नवजोत अलंग, सह सचिव रोहित पोद्दार, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल और कार्यकारिणी सदस्य मुकेश अग्रवाल, मनीष श्राफ और डॉ अभिषेक रामाधीन उपस्थित थे।



## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** रोजी-रोजगार में लाभकारी वातावरण रहेगा, भागीदारों में व्याप्त मनमुटाव का निराकरण होगा।

**वृष** कारोबार में उन्नति होने की संभावना,नवीन कार्य की योजना सफल होगी।

**मिथुन** कहीं से शुभ फल प्राप्त होगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा, मित्रों से सहायता मिलेगी व किसी विशेष इच्छा पूरी होगी।

**कर्क** शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे,खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है।

**सिंह** राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

## गूंज महोत्सव का समापन, विनोद बाबू की प्रतिमा का हुआ लोकार्पण

# समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है गूंज महोत्सव : राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता


**सोनाहातू।** तीन दिवसीय गूंज महोत्सव का शनिवार को सोनाहातू में रंगारंग लोक संस्कृति की छटा के साथ समापन हो गया। प्रखंड के रांगाडीह टांड़ में तीन दिवसीय गूंज महोत्सव के समापन पर राज्यपाल संतोष गंगवार, गूंज के संरक्षक सुदेश कुमार महतो, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और अन्य अतिथियों के द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इसके पूर्व रंगाडीह मोड़ पर झारखंड आंदोलन के प्रणेता स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने राज्यपाल समेत सभी अतिथियों को शाल मोमेंटो देकर स्वागत किया। महोत्सव में राज्यपाल ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी विनोद बिहारी महतो के स्मृति को स्थापित किया गया है। इनका संघर्ष, सामाजिक चेतना, वैचारिक दिशा प्रदान करता है। गूंज महोत्सव के माध्यम से इनके विचारों को स्थापित किया जा रहा है। पढ़ो और लड़ो प्रेरणादायक है। इस महोत्सव से हमें विविधता में एकता दिखायी देती है। गूंज एक महोत्सव ही नहीं सामूहिक शक्ति का प्रतीक है। इस आयोजन के लिए गूंज परिवार के संरक्षक सुदेश महतो की सराहना की। राज्यपाल ने छऊ कलाकारों और स्कूली छात्राओं का सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर भाव विभोर हुए।

इसके पूर्व राज्यपाल और अतिथियों का स्वागत पाइका नाच और 500 ढोल नगाड़ा वादक के द्वारा किया गया। महोत्सव में पहलगाम आतंकी हमले से शहीद मनीष मिश्रा के माता-पिता को सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता सेनानी बुली महतो के वंशज को राज्यपाल के द्वारा सम्मानित किया गया।

नक्सली हमले से शहीद राहे प्रखंड के भेलवाटिकर-सताकी गांव के सदानंद महतो के परिजन, दरहा गांव के सुरेंद्र स्वांसी और घासीराम महतो के परिजन, चैनपुर गांव के नीलमोहन महतो और खंजन महतो के परिजन को राज्यपाल के द्वारा सम्मानित किया गया। जल संरक्षण में राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने वाले झारखंड बालिका विद्यालय राहे को सम्मानित किया गया।

लॉन बॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ी दिनेश महतो, सहित आर्चरी, बुशु, फुटबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। मारदु गांव की सोनिया कुमारी जिसने बाघ को घर में बंद किया था। इन्हें भी राज्यपाल ने सम्मानित किया। विधानसभा के सभी खेल कोच को भी राज्यपाल के द्वारा सम्मानित किया गया। बुशु खिलाड़ियों को खेल किट राजपाल के द्वारा दिया गया। इस दौरान एक एंबुलेंस जनता को समर्पित किया गया। महोत्सव में कृषि प्रदर्शनी का आयोजन हुआ, जिसमें उत्कृष्ट किसानों को सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में 98 लोगों का जांच कर आवश्यक दवा दी गयी। 75 लोगों की नेत्र जांच हुई जिसमें 20 लोग का मोतियाबिंद के लक्षण पाये गये। इन सभी का महावीर आइ हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर रांची में निशुल्क ऑपरेशन किया जायेगा। अनुदीप फाऊंडेशन के द्वारा आयोजित रोजगार मेला में 80 युवकों को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार देने के लिए चिन्हित किया और तत्काल 3 युवकों को नियुक्ति पत्र सौंपा। महोत्सव में पदमश्री मधु मंसूरी सहित काई स्थानीय कलाकारों के द्वारा नृत्य और गीत प्रस्तुत किया गया।

**महोत्सव में ये रहे शामिल :** महोत्सव में सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व विधायक लंबोदर महतो, रामकुमार पाहन, डॉ देवशरण भगत, डोमन सिंह मुंडा, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, उपाध्यक्ष बीना चौधरी, प्रवीण प्रभाकर, हरेलाल महतो, जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडा, पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा सिंह मुंडा, सुनील कुमार सिंह, जयपाल सिंह, चितरंजन महतो, श्याम महतो, संजय महतो, सहित प्रखंड के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य सदस्य मौजूद थे। महोत्सव में 400 से अधिक कार्यकर्ता विधि व्यवस्था में लगे थे। देर रात तक बॉलीवुड कलाकारों का भी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।








### नयी ऊर्जा और उत्साह का संचार करता है गूंज महोत्सव : संजय सेठ

विशिष्ट अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि सुदेश महतो युवाओं के लिए एक प्रेरणा हैं और गूंज महोत्सव के माध्यम से समाज को एक सूत्र में बांधने और संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य 30 वर्षों से हो रहा है। उन्होंने कहा कि गूंज महोत्सव एक नया उत्साह और ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता के लिए लगातार प्रयास हो रहा है।

### राज्यपाल के आगमन से उत्साहित है पंचपरगना क्षेत्र : सुदेश महतो


इस मौके पर पूर्व उपमुख्यमंत्री और गूंज परिवार के संरक्षक सुदेश महतो ने स्वागत भाषण में कहा कि राज्यपाल एक अभिभावक के रूप में हमलोगों के बीच में हैं। वह झारखंड की माटी और संस्कृति को बहुत गहराई से समझते हैं। उनके आने पर पंचपरगना क्षेत्र के लोग उत्साहित हैं। गूंज महोत्सव सेवा, सम्मान और सांस्कृतिक समागम को आधार मानकर समाज को समरस करता है।

# डिजिटल अरेस्ट कर 30 लाख की ठगी करने वाला जयपुर से गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी के एक बड़े मामले में मुख्य आरोपित योगेश सिंह सिसोदिया को पराध अनुसंधान विभाग (सीआइडी), रांची के साइबर क्राइम थाना ने राजस्थान के जयपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से संबंधित मोबाइल फोन और अन्य महत्वपूर्ण सामग्री भी बरामद की गयी है। साइबर सेल की पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) नेहा बाला ने शनिवार को बताया कि यह गिरफ्तारी उन साइबर अपराधियों के नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में एक अहम सफलता है, जो खुद को केंद्रीय प्रवर्तन एजेंसियों का अधिकारी बताकर लोगों को डराते-धमकाते थे और उनसे बड़ी रकम की ठगी करते थे।

उन्होंने बताया कि यह मामला साइबर क्राइम थाना कांड संख्या 118/24, दिनांक 22 अप्रैल 2024 को दर्ज किया गया था। मामला रांची के एक पीड़ित से जुड़ा है, जिसे ठगों ने झांसा देकर 30 लाख रुपये की धोखाधड़ी का शिकार बनाया था। डीएसपी नेहा बाला के अनुसार, साइबर अपराधियों ने पीड़ित को फोन और वीडियो कॉल के माध्यम से खुद को केंद्रीय प्रवर्तन एजेंसियों का अधिकारी बताकर संपर्क किया। उन्होंने पीड़ित को डिजिटल अरेस्ट की धमकी दी और गिरफ्तारी से बचाने के नाम पर तत्काल पैसे ट्रांसफर करने का दबाव बनाया। भय और मानसिक दबाव में आकर पीड़ित ने आरोपित द्वारा बताये गये पंजाब नेशनल बैंक के खाते में 30 लाख रुपये स्थानांतरित कर दिये। डीएसपी ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है, ताकि इस गिरोह से जुड़े अन्य लाभार्थियों, हैंडलरों और बैंक म्यूल खातों की पहचान की जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल से प्राप्त विवरण के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ देशभर में कुल 10 शिकायतें दर्ज पायी गयी हैं।



### झारखंड पुलिस के हवलदार की बिहार में गला रेतकर हत्या, छुट्टी पर गये थे घर

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड पुलिस में तैनात हवलदार की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गयी। यह घटना बिहार के आरा जिले के चांदी थाना क्षेत्र के भगवतपुर गांव में हुई है। मृतक की पहचान भगवतपुर गांव निवासी पशुपति नाथ तिवारी (स्वर्गीय राम सुरेश तिवारी के पुत्र) के रूप में की गयी है। वे झारखंड के हजारीबाग जिले में चालक हवलदार के पद पर कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार, हवलदार करीब एक सप्ताह पहले ही छुट्टी लेकर अपने गांव आये थे। शुक्रवार देर रात वे अपने घर में सो रहे थे, तभी किसी ने उनकी धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। शनिवार की सुबह जब परिजन उन्हें जगाने कमरे में पहुंचे तो खून से लथपथ शव देखकर उनके होश उड़ गये। मृतक की गर्दन पर धारदार हथियार से किये गये गहरे जख्म के स्पष्ट निशान मिले हैं, जिससे यह साफ हो गया कि उनकी निर्मम हत्या की गयी है। बता दें कि हवलदार तिवारी जनवरी 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले थे।

# बाबूलाल मरांडी ने एमबीबीएस नामांकन में अनियमितता की सीबीआइ जांच की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर शैक्षणिक सत्र 2025-26 में मेडिकल एमबीबीएस कोर्स के नामांकन में हुई अनियमितताओं की शिकायत की है। उन्होंने पूरी नामांकन प्रक्रिया रद्द कर पुनः काउंसलिंग कराने, दोषियों को बर्खास्त करने और मामले की सीबीआइ जांच कराने की मांग भी की। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा गया है कि कुछ अभ्यर्थियों की शिकायत के बाद आइएएस अबु इमरान की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति बनायी गयी। समिति की रिपोर्ट में पता चला कि सुचारिता दास, काजल भिवानी और एक अन्य अभ्यर्थी के जाति एवं निवास प्रमाण पत्र गलत थे, जबकि छह अन्य अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्र फर्जी पाये गये। फर्जी प्रमाण पत्र उपायुक्त गोड्डा एवं गिरिडीह द्वारा निर्गत किया गया था। साथ ही छह अभ्यर्थियों, जिनका जेसीइसीइबी द्वारा मेडिकल कॉलेजों में नामांकन के लिए सीटें आवंटित कर दी गयीं, इनका भी प्रमाणपत्र जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र फर्जी तरीके से बना था, जो राज्य से बाहर के रहने वाले हैं। जेसीइसीइबी ने डाटा शेयरिंग किये बगैर जानबूझकर गड़बड़ियां करने के उद्देश्य से यह गलत कार्य को अंजाम दिया। मरांडी ने आरोप लगाया कि जेसीइसीइबी ने डेटा शेयर किये बिना जानबूझकर गड़बड़ियां कीं, एमसीसी गाइडलाइन (क्लॉज 9 और 11) की अनदेखी की, एनटीए से लिंक किये बिना काउंसलिंग की और फर्जी प्रमाणपत्र वाले अभ्यर्थियों को सीटें दीं। इसके अलावा, 1985 के बाद के झारखंड निवासी नियमों का भी उल्लंघन हुआ। मरांडी ने कहा कि उचित जांच कर दोषियों को दंडित किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की अनियमितताओं की पुनरावृत्ति न हो।



# विष्णुगढ़ के पिकनिक स्पॉट पर जुटने लगी है सैलानियों की भीड़

बंटी मिश्र




**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** नववर्ष के आगमन के साथ ही विष्णुगढ़ के पिकनिक स्पॉट सैलानियों के स्वागत में मानो अपनी बाहें फैलाये खड़े हैं। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण विष्णुगढ़ क्षेत्र में ऐसे कई रमणीय स्थल हैं, जिनकी खूबसूरत वादियां दूर-दराज के सैलानियों को बार-बार अपनी ओर खींच लाती हैं। इनमें प्रमुख रूप से कोनार डैम, जमुनिया डैम और चन्द्रू फाल की वादियां खास तौर पर प्रसिद्ध हैं।

कोनार डैम की विशाल अथाह जलराशि, चारों ओर फैली हरियाली और प्रकृति द्वारा प्रदत्त मनोरम दृश्य सैलानियों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। जलाशय में अठखेलियां करते प्रवासी पक्षियों का कलरव वातावरण को जीवंत बना देता है। डैम के फाटक से ऊंचाई से गिरता पानी और कोनार नदी का कल-कल बहाव मन को अद्भुत शांति प्रदान करता है। नव वर्ष के उपलक्ष्य में बड़ी संख्या में शैलानी यहां पहुंचते हैं और पिकनिक का आनंद उठाते हैं।

**जमुनिया डैम : नववर्ष पर उमड़ती है सैलानियों की भीड़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड में ही स्थित जमुनिया डैम, विष्णुगढ़-गोमिया मुख्य मार्ग पर काली सड़क के किनारे अवस्थित है। घने जंगलों के बीच फैली विशाल जलराशि इसे एक मनोहारी पिकनिक स्थल बनाती है। नववर्ष के अवसर पर जमुनिया डैम स्थानीय लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहता है, जहां सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ती है। सुरक्षा की दृष्टि से अपेक्षाकृत सुरक्षित होने के कारण यहां परिवार सहित लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। इसके अलावा सैलानी यहां नौका विहार का भी भरपूर आनंद उठा सकते हैं।

**चंद्रू जलप्रपात : प्रकृति की गोद में बसा स्वर्ग :** विष्णुगढ़ से करीब 22 किलोमीटर की दूरी पर पूरब दिशा में स्थित चन्द्रू जलप्रपात सदारो गांव के समीप प्रकृति की गोद में बसा एक अनुपम पर्यटन स्थल है। विशाल चट्टानों के बीच से गिरता झरने का शीतल जल और चारों ओर फैली हरियाली यहां की वादियों में चार चांद लगा देती है। हालांकि यहां तक पहुंचने के लिए सैलानियों को कच्चे और टेढ़े-मेढ़े रास्तों से होकर गुजरना पड़ता है, फिर भी नववर्ष के दिन बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचते हैं। यदि चंद्रू जलप्रपात को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाये, तो स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नये अवसर भी सृजित हो सकते हैं।

## कोनार डैम : प्रकृति और जलराशि का अद्भुत संगम




विष्णुगढ़ से मात्र 11 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कोनार डैम सैलानियों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र है। वर्ष 1955 में बनकर तैयार हुए इस डैम का उद्घाटन देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने किया था। डीवीसी द्वारा निर्मित कोनार डैम तक दोपहिया और चारपहिया वाहनों से आसानी से पहुंचा जा सकता है। यहां आने-जाने के लिए वाहनों की सुविधा हमेशा उपलब्ध रहती है। कोनारडैम में नोका विहार का आनंद भी लेने का साधन उपलब्ध है। पुलिस प्रशाशन एक जनवरी को मुस्तैद भी रहती है। ताकि नव वर्ष के आनंद मनाने वालो को कोई परेशानी न हो। यहां की मनोरम वादियां पर्यटकों को बरबस आकर्षित करती है।

## एनटीपीसी सीबी में 68 वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया




**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** 68 वें वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह 2025 के अवसर पर एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की चट्टी-बरियातु कोल माइनिंग परियोजना द्वारा शनिवार को निरीक्षण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संगठन की व्यावसायिक सुरक्षा, वैधानिक अनुपालन और परिचालन उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से प्रतिबिंबित करता है। कार्यक्रम का शुभारंभ सिबिसीएमपी के कैक्टस कॉन्फ्रेंस हॉल में निरीक्षण दल के आगमन के साथ हुआ जिसके उपरांत सुरक्षा शासन प्रणाली, रणनीतिक पहलों और प्रदर्शन उपलब्धियों पर आधारित एक विस्तृत प्रस्तुति दी गयी। इसके पश्चात पगार साइट कार्यालय का भ्रमण किया गया जिससे विचार-विमर्श से क्षेत्रीय निरीक्षण की ओर एक सहज संक्रमण सुनिश्चित हुआ। औपचारिक स्वागत समारोह के दौरान गुब्बारों का विमोचन किया गया जो सुरक्षित और दुर्घटनामुक्त कार्य वातावरण के प्रति सामूहिक संकल्प का प्रतीक था। कार्यक्रम को गणेश वंदना और सुरक्षा शपथ के साथ गरिमामय स्वरूप प्रदान किया गया, जिससे नैतिक दायित्व और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये संबोधनों में नेतृत्व की भूमिका, व्यवस्थित जोखिम न्यूनीकरण और सुरक्षा उत्कृष्टता बनाये रखने में कार्यबल की सक्रिय सहभागिता के महत्व पर विशेष बल दिया गया। ट्रेड टेस्ट में सफल प्रतिभागियों और सेफ्टी स्टार्स के सम्मान के साथ-साथ सुरक्षा आधारित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अपेक्षित सुरक्षित व्यवहारों को प्रभावी ढंग से प्रोत्साहित किया गया।

## उपचार सह प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के सिंघानी, नूतन नगर में आरोग्य पीठ अंतर्गत अर्धनारीश्वर चिकित्सा वैलनेस न्यूरोथैरेपी के दो दिवसीय उपचार सह प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन विधायक प्रदीप प्रसाद द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर बिना दवा के उपचार पद्धतियों के माध्यम से विभिन्न प्रकार के दर्दों से मुक्ति पाने के प्रभावी तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गयी। शिविर में न्यूरोथैरेपी के वैज्ञानिक और व्यावहारिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए इसे जनस्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया गया। इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने स्वयं भी न्यूरोथैरेपी उपचार करवाया और इसके सकारात्मक अनुभव साझा करते हुए कहा कि वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियां आज के समय में आमजन के लिए उपयोगी सिद्ध हो रही हैं, विशेषकर जब उपचार बिना दवा के संभव हो। विधायक प्रदीप प्रसाद ने इस सराहनीय पहल के लिए आयोजक डॉ. उज्जवल कुमार सिन्हा, सीनियर न्यूरोथैरेपिस्ट, आरोग्य पीठ हजारीबाग को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे शिविर समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों को सुरक्षित व प्रभावी उपचार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# घने कोहरे की चादर में लिपटा चुरचू प्रखंड, ठंड बढ़ने से जनजीवन प्रभावित

नितेश कुमार माली



**चरही (आजाद सिपाही)।** शनिवार की सुबह बरगाइया और चरही कोयलांचल क्षेत्र समेत पूरे चुरचू प्रखंड क्षेत्र में घना कोहरा छाया रहा। सड़कों, पर कोहरे की सफेद चादर से वाहनों का रफ्तार धीमी पड़ गयी। जिससे दृश्यता बेहद कम हो गयी। हालात ऐसे बन गये कि लोगों को दिन में ही रात जैसा एहसास होने लगा। कोहरे के छा जाने से राष्ट्रीय और ग्रामीण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम सी गयी। दोपहिया, चारपहिया से लेकर भारी वाहन तक सभी को लाइट जलाकर चलना पड़ा। कई स्थानों पर वाहन चालकों को आगे का रास्ता नजर नहीं आने के कारण बार-बार ब्रेक लगाना पड़ा, जिससे जाम जैसी स्थिति भी बनती नजर आयी। खासकर चरही बाजार, 44 मोड़, चुरचू चौक और आसपास के इलाकों में आवागमन प्रभावित रहा। मौसम में आए इस बदलाव के साथ ही तापमान गिरकर करीब 9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे ठंड में अचानक बढ़ोतरी दर्ज की गयी। शाम होते ही ठंडी हवा और नमी के कारण लोग घरों में सिमटने को मजबूर हो गये। बाजारों में रौनक कम दिखी और जरूरी काम से निकले लोग जल्द घर लौटते नजर आए। ठंड से बचाव के लिए चौक-चौराहों पर लोगों ने स्वयं अलाव जलाकर राहत लेने की कोशिश की। मजदूर, ठेला-खोमचा लगाने वाले, बुजुर्ग और राहगीर अलाव के पास जमा होकर ठंड से निजात पाते दिखे। हालांकि कई जगहों पर अलाव की समुचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ठंड और कोहरे का असर लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में प्रशासन को चाहिए कि प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों और टेम्पो स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थलों पर अलाव के लिए सूखी लकड़ी की व्यवस्था सुनिश्चित करे, ताकि गरीब और जरूरतमंद लोगों को ठंड से राहत मिल सके। अचानक बदले मौसम ने पूरे चुरचू प्रखंड में जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। लोगों को आशंका है कि आने वाले दिनों में कोहरा और ठंड और अधिक बढ़ सकती है, जिससे आम जनजीवन पर इसका असर और गहराने की संभावना है।

## बरही और बरकट्ठा के 6 स्थानों पर छापेमारी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** अवैध शराब की बिक्री, निर्माण, संचय, परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु सहायक आयुक्त उत्पाद शिवकुमार साहू के निर्देश पर बरही और बरकठा थाना अंतर्गत करसो, गायपहाड़ी और बरसौत में अवैध महुआ चुलाई शराब की संचालित 6 अलग अलग भट्ठीयों में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान घटनास्थल और आसपास छुपाकर रखा हुआ जावा महुआ को नष्ट करते हुए शराब बनाने की समग्रीयों, और 250 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया गया। इस कारोबार में शामिल व्यवसाईयों के खिलाफ मामला दर्ज करने की कार्रवाई जारी थी। कार्रवाई में घटनास्थल से करीब 4 सौ किलोग्राम जावा महुवा विनष्ट किया गया। छापेमारी दल में अवर निरीक्षक उत्पाद सुमितेश कुमार, सहायक अवर निरीक्षक सय्यद बसीरुद्दीन, उत्पाद आरक्षी अनूप कुमार सिंह और सशस्त्र गृह रक्षा वाहिनी के जवान शामिल थे।

## सरजू राम के निधन पर रविदास महासभा ने किया शोक सभा का आयोजन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** रविदास महासभा के नगर संगठन मंत्री सरयू राम के निधन हो जाने पर रविदास महासभा द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम और संचालक पंचायत समिति सदस्य राज्य रंजन ने किया। मौके पर उपस्थित होकर रविदास महासभा के प्रखंड अध्यक्ष अशेश्वर राम ने कहा कि सरजू राम भुरकुंडा से रामविलास पासवान के साथ राजनीतिक करना शुरू किये थे। बाद में राजनीतिक क्षेत्र से अलग होकर समाजसेवी का काम करने में लग गये। वे समाज सेवा में समर्पित रहे। इसलिए इन्हें समाज के लोग नहीं भूल सकते हैं। नगर अध्यक्ष रामेश्वरम ने कहा कि सरजू राम दूसरों का हक दिलाने के चक्कर में स्वयं की अभाव की जिंदगी में जी रहे थे। ठंड के कारण उनकी मौत होना, झारखंड सरकार एवं सामाजिक व्यवस्था के लिए प्रश्नचिन्ह है। मौके पर भाजपा के जिला मंत्री रामपति राम, पूर्व मुखिया दीपक दास, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजीव रंजन, रविदास महासभा के प्रखंड अध्यक्ष अशेश्वर राम, सचिव रघुनाथ राम, नगर उच्च शिक्षा मंत्री सुरेंद्र राम, रीतन राम, महावीर राम, सेवानिवृत्ति शिक्षक कृष्ण कुमार राम, शिव शंकर दास, मुनेश कुमार राम, रामवृक्ष राम, शिक्षक अशोक कुमार राम, मनोज राम, नेमधारी राम, नंदकिशोर भुइयां, संजय राम, सुखदेव राम, महेश्वरी राम, शिवनाथ राम, विश्वनाथ राम, खिरोधर राम, महेश राम, नीरू राम, अजय राम, राजेश राम, किशोर मेहरा, अशोक अविनाश आदि मौजूद थे।

## चैंप ऑल इंडिया टेस्ट में सेक्रेड हार्ट के छात्रों ने 12 पदक जीता



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** चैतन्य एकेडेमी रांची के सहयोग से आयोजित चैंप ऑल इंडिया टेस्ट 2025 में सेक्रेड हार्ट स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों ने कुल 12 पदक प्राप्त कर सफलता हासिल की। प्रतियोगिता में कक्षा 10वीं के आयुष कुमार, ऐश्वर्य प्रीत, प्रभजोत सिंह और विनीत कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किये। वहीं अमित कुमार यादव, शैलजा कश्यप, आयुष्मान सिंह और असदक शहजादा को रजत पदक और पल्लवी कुमारी, यश राज, सौरभ कुमार और आर्यन जायसवाल को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। विजेता विद्यार्थियों को चैतन्य अकादमी के भौतिकी विभागाध्यक्ष अमरनाथ सिंह और गणित विभागाध्यक्ष सुभाष कुमार द्वारा पदक प्रदान किये गये। उन्होंने छात्रों की मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि चैंप ऑल इंडिया टेस्ट 2025 में हमारे विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी सतत मेहनत, मजबूत शैक्षणिक आधार और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का प्रतिफल है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर उपप्राचार्य प्रवीण कुमार, कोऑर्डिनेटर शगुफ्ता प्रवीण सहित समस्त शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी। इस सफलता से विद्यालय परिसर में हर्ष और गर्व का वातावरण है।

# सागर गिरी की निस्वार्थ सेवा, खतरनाक घाटी में इंसानियत की मिसाल

अमित कुमार





**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड-बिहार की सीमा पर स्थित कोडरमा जिला अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ खतरनाक कोडरमा घाटी के लिए भी चर्चित है। तीखे मोड़, ऊंची चढ़ाई, गहरी घाटियां और घना जंगल इस मार्ग को बेहद जोखिमभरा बनाते हैं। जिसको लेकर सड़क सुरक्षा विभाग ने इस क्षेत्र को एक्सीडेंटल जोन घोषित कर जगह-जगह चेतावनी बोर्ड लगाये हैं। इसके बावजूद हर सप्ताह यहां छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ऐसे में मेघातरी गांव निवासी सागर कुमार गिरी दुर्घटना पीड़ितों के लिए किसी देवदूत से कम नहीं हैं।

**दुर्घटना की सूचना मिलते ही छोड़ देते हैं हर काम :** इस बाबत सागर कुमार गिरी ने बताया कि अब तक उनके प्रयासों से 103 से अधिक दुर्घटनाग्रस्त लोगों की जान बचाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि यह सेवा वह किसी स्वार्थ या दिखावे के लिए नहीं, बल्कि मानवता के नाते करते हैं। कोडरमा घाटी में कहीं भी दुर्घटना की सूचना मिलते ही वह अपने सारे काम छोड़कर तुरंत घटनास्थल की ओर निकल पड़ते हैं। उनकी पहली प्राथमिकता घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाना है।

**सागर को जिला प्रशासन कर चुकी है सम्मानित :** सागर गिरी की निस्वार्थ सेवा को देखते हुए जिला प्रशासन ने राज्य स्थापना दिवस पर उन्हें जिला स्तर पर सम्मानित किया है। उन्होंने एक भावुक घटना साझा करते हुए बताया कि एक गंभीर हादसे में समय पर मदद मिलने से एक व्यक्ति की जान बच गयी थी। बाद में उसका पूरा परिवार बोकारो से आकर उनसे मिला और आभार जताया। सागर गिरी आज कोडरमा घाटी में इंसानियत की सबसे बड़ी पहचान बन चुके हैं।

### सागर रहता हमेशा एक्टिव

घाटी का इलाका पहाड़ी और जंगली होने के कारण कई मोबाइल कंपनियों का नेटवर्क यहां काम नहीं करता। ऐसे में बाहरी मदद समय पर नहीं पहुंच पाती और घायल लोग घंटों तड़पते रहते हैं। इसी वजह से नियमित रूप से गुजरने वाले ट्रक चालक और यात्री सीधे सागर गिरी को फोन कर सूचना देते हैं। कई बार एंबुलेंस न मिलने पर वह अपने निजी वाहन से ही घायल को अस्पताल पहुंचाते हैं।

## प्रमुख ने बिरहोर परिवारों के बीच बांटे कंबल



**बरही (आजाद सिपाही)।** बरही प्रखंड प्रमुख मनोज रजक ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए खोड़ाहर पंचायत के पांचमाईल और जावतारी के 18 बिरहोर परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया। वहीं कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर संतोष और राहत साफ दिखायी दे रही थी। कई बुजुर्गों और महिलाओं ने प्रमुख मनोज रजक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस ठंड में कम्बल उनके लिए बड़ी मदद साबित होगी। इस दौरान प्रमुख ने लोगों को कंबल प्रदान करते हुए कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं और सहायता को पहुंचाना ही उनका उद्देश्य है, साथ ही उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम मद गरीब और असहाय लोगों को सबसे अधिक परेशानी होती है, ऐसे में जनप्रतिनिधि होने के नाते उनका दायित्व है कि वे समय पर सहायता उपलब्ध करायें। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस तरह कैफ जनहितकारी कार्यक्रम लगातार जारी रहेंगे। मौके पर पूनम कच्छप, चांदमुन्नी, सरिता कुमारी, बसंती तिर्की, यशवंती किस्पोटा, सुकरो लिंडा, रिबन टोप्पो, शांति केरकेट्टा, सीमा कुमारी, जासो देवी, तारामणि देवी, शनिचर उरांव, जीरा देवी, मुनिया देवी, शांति देवी, नंदिया तिर्की, लूसिया देवी और राजू तिर्की समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## अवैध कोयला लदे तीन ट्रक जब्त



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत थाना मोड़ चेक पोस्ट के समीप शनिवार की सुबह जीएसटी को लेकर वाणिज्य कर विभाग ने कोयला लदा तीन ट्रक को जब्त किया है। वहीं तीनों ट्रक वाहन की निबंधन बीआर 21 जीसी 9301, जेएच 11यू 8593 और जेएच 11वाई 6092 है जो धनबाद से कोयला लेकर सतगावां के रास्ते बिहार की ओर जा रहा था। मामले को लेकर ड्राइवर खुर्शीद आलम (गिरिडीह) ने बताया कि कई माह से सतगावां के रास्ते कोयला लदे ट्रकों का परिचालन हो रहा था। जहां किसी भी थाने के पास कोड ठाकुर जी का नाम से पासिंग मिल जाता है और जहां सेटिंग नहीं होती है वहां कुछ रुपए देकर पास किया जाता है। साथ ही उन्होंने कहा कि जब से चल रहे हैं जीएसटी चालान नहीं देते हैं। पहली बार ट्रक को रोका गया है। ड्राइवर ने बताया विशेष जांच रहने के दौरान कोडरमा की ओर से चले जाते हैं। वहीं इस अवैध कोयले मामले को लेकर एक बात सामने आ रही है कि आखिर ठाकुर साहब कौन है जिसके कोड नाम ठाकुर साहब से ही पासिंग मिल जाता है। यह कौन सरगना है जो इस खेल में शामिल है, जिस थाने में जाते हैं उस थाने में सेटिंग किसके इशारे पर हो रही है। ठाकुर नाम से ही पुलिस पीछे हट जाती है। ट्रक ड्राइवर ने बताया कि इस कोयला लदा ट्रक का सारे कागजात विभाग वाले हमसे हस्ताक्षर करवा कर साथ ले कर चले गए हैं। इस मामले में थाना प्रभारी सौरव कुमार शर्मा ने बताया कि वाणिज्य कर विभाग की टीम ने ट्रक को पकड़कर थाने को सुपुर्द किया है।

# धर्मपुर स्वास्थ्य उपकेंद्र के पीछे झाड़ियों में मिला नवजात

**देखने के लिए उमड़ा भीड़, मानवता को किया शर्मशार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**टाटीझरिया।** प्रखंड के धरमपुर गांव से शनिवार की सुबह मानवता को झकझोर देने वाली एक घटना सामने आई है। यहां धरमपुर स्वास्थ्य उपकेंद्र के पीछे झाड़ियों में एक नवजात बच्ची लावारिस हालत में मिली। कड़ाके की ठंड में तड़पती इस बच्ची को देखकर जहां एक ओर इलाके में सनसनी फैल गयी, शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार की सुबह जब ग्रामीण स्वास्थ्य उपकेंद्र के पीछे से गुजर रहे थे, तब उन्हें कुछ हलचल महसूस हुई। शुरुआत में लोगों को लगा कि बच्ची मृत है, लेकिन पास जाने पर उसके हल्का रोने की आवाज सुनायी दी। नवजात को इस हालत में देख ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। कथित तौर पर कोई निष्ठुर मां अपनी इस कलेजे के टुकड़े को कड़ाके की ठंड में फेंक कर फरार हो गयी थी। भीड़ में मौजूद धरमपुर निवासी बिरेन्द्र हलवाई (पिता बलराम हलवाई) ने तुरंत बच्ची को अपनी गोद में उठा लिया। रात भर खुले आसमान के नीचे रहने के कारण नवजात बच्ची को गंभीर ठंड लग गयी है। मुखिया प्रतिनिधि अशोक यादव ने प्राथमिक उपचार के लिए विरेन्द्र हलवाई के साथ उसे बेहतर इलाज के लिए प्राइवेट वाहन से सदर अस्पताल हजारीबाग ले जाया गया है, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका उपचार चल रहा है। घटना की सूचना स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को दे दी गयी है। मामले की छानबीन कर यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि बच्ची को वहां किसने छोड़ा। इस घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह के कयास लगाये जा रहे हैं।

### बीडीओ सह सीओ ने नवजात शिशु को बाल कल्याण समिति को सौंपा

बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबु मिंज को जानकारी मिलते ही हजारीबाग सदर अस्पताल पहुंच बच्ची के हाल चाल को जाना। इलाजरत नवजात बच्ची को बीडीओ ने बाल कल्याण समिति हजारीबाग को सौंप दिया। बीडीओ ने कहा कि नियम के अनुसार बच्ची बाल कल्याण समिति के पास जायेगी। इधर गांव की महिलाएं धर्मपुर के विरेन्द्र हलवाई के पास नवजात बच्ची को रखना चाहते थे। इसलिए जब बीडीओ बाल कल्याण समिति को बच्चा सौंप दिया।

## इग्नू में जनवरी 2026 सत्र में नामांकन शुरू

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जनवरी 2026 सत्र के लिए नामांकन शुरू हो गयी है। नामांकन की तिथि 31 जनवरी तक निर्धारित है। छात्र ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग और ऑनलाइन मोड के तहत विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 31 जनवरी तक नामांकन ले सकते हैं। इग्नू द्वारा डिप्लोमा, अंडरग्रेजुएट, पोस्टग्रेजुएट, सर्टिफिकेट और पीजी डिप्लोमा जैसे कई कोर्सेज ऑफर किये जाते हैं, जिनमें अब इच्छुक अभ्यर्थी तय समय सीमा तक ऑनलाइन नामांकन ले सकते हैं। छात्र निर्धारित अवधि तक विभिन्न पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन या डिस्टेंस लर्निंग मोड से दाखिला ले सकते हैं। इग्नू जनवरी 2026 सत्र में छात्रों को 300 से अधिक कोर्सेस में दाखिला लेने का सुनहरा अवसर दे रही है। इनमें 48 अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम जैसे बीए., बी कॉम और 75 पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम जैसे एमए, एसएससी, एमबीए शामिल हैं। इसके साथ ही डिप्लोमा, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा, सर्टिफिकेट और अवेयरनेस प्रोग्राम्स की भी विस्तृत श्रृंखला मौजूद

## दो दिनों से घने कोहरे का कहर, कंबल व अलाव की व्यवस्था अब तक नदारद

**लावालौंग / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में बीते दो दिनों से लगातार घने कोहरे और कड़ाके की ठंड ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। सुबह से ही छाए घने कोहरे के कारण आम जनजीवन ठप सा नजर आ रहा है। लोग अत्यधिक ठंड के कारण घरों में दुबकने को मजबूर हैं, वहीं आवश्यक कार्यों के लिए बाहर निकलना भी लोगों के लिए कठिन हो गया है। ठंड और कोहरे की मार से सबसे अधिक परेशानी गरीब, मजदूर, बुजुर्ग और असहाय वर्ग के लोगों को झेलनी पड़ रही है। घने कोहरे और शीतलहरी के चलते क्षेत्र में सर्दी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण की प्रक्रिया शुरू नहीं किए जाने से लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। बेघर और फुटपाथ पर जीवन यापन करने वाले लोग खुले आसमान के नीचे रात-दिन ठंड में गुजर करने को विवश हैं। कंबल तो दूर, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था भी अब तक नहीं की गयी है, जिससे जरूरतमंदों को राहत नहीं मिल पा रही है। ठंड और कोहरे का असर यातायात व्यवस्था पर भी साफ नजर आ रहा है। सुबह और शाम के समय यात्रियों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दृश्यता कम होने के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। वहीं किसानों के बीच भी चिंता का माहौल है। लगातार घने कोहरे के कारण रबी फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है, जिससे फसल नुकसान की आशंका बढ़ गयी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिसंबर माह की शुरुआत के साथ ही उन्हें प्रशासन द्वारा कंबल वितरण और अलाव की व्यवस्था किये जाने की उम्मीद थी, लेकिन दिसंबर का पहला सप्ताह समाप्त होने को है और प्रशासन द्वारा अब तक किसी प्रकार की ठोस पहल नहीं की गयी है। इससे गरीब, मजदूर और असहाय वर्ग खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द कंबल वितरण की प्रक्रिया शुरू की जाए और प्रमुख चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि घने कोहरे और कड़ाके की ठंड से लोगों को राहत मिल सके।

## एसडीओ ने धान अधिप्राप्ति केंद्रों का किया औचक निरीक्षण, ली जानकारी




**लावालौंग / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में संचालित धान अधिप्राप्ति केंद्रों में धान खरीद की प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू बनाये रखने के उद्देश्य से शनिवार को सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज और लावालौंग प्रखंड विकास पदाधिकारी विपिन कुमार भारती ने संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण अभियान के तहत अधिकारियों ने सर्वप्रथम लावालौंग स्थित धान अधिप्राप्ति केंद्र के गोदाम का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध भंडारण क्षमता, खरीद पंजी, नमी मापक यंत्र, तौल व्यवस्था तथा किसानों की सुविधा संबंधी व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। इसके पश्चात अधिकारियों ने कटिया और हेडूम पंचायत क्षेत्रों में संचालित धान अधिप्राप्ति केंद्रों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोदामों की साफ-सफाई, धान के सुरक्षित भंडारण, समय पर तौल और खरीद प्रक्रिया, तथा किसानों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली गयी। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक चंद्रदीप गांधी सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे। अनुमंडल पदाधिकारी सनी राज ने मौके पर मौजूद किसानों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीद की जा रही है, इसलिए किसान किसी भी प्रकार के बिचौलियों या दलालों के बहकावे में न आएं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे सीधे नजदीकी धान अधिप्राप्ति केंद्र में अपना धान विक्रय करें, जिससे उन्हें उचित मूल्य के साथ समय पर भुगतान सुनिश्चित हो सके। प्रखंड विकास पदाधिकारी विपिन कुमार भारती ने बताया कि कटिया में संचालित धान अधिप्राप्ति केंद्र के माध्यम से धान बेचने वाले एक किसान के खाते में राशि का भुगतान सफलतापूर्वक कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि शेष किसानों का भुगतान भी प्रक्रिया के अनुसार शीघ्र कर दिया जायेगा। प्रशासन की ओर से लगातार निगरानी रखी जा रही है ताकि धान अधिप्राप्ति कार्य में किसी प्रकार की अनियमितता न हो और किसानों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रण समिति ने कई फैक्ट्रियों का किया निरीक्षण



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण समिति के सभापति उदय शंकर सिंह बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने क्षत्रिय पदाधिकारी के साथ पतरातू औद्योगिक क्षेत्र के गुप्ता टायर इंडस्ट्रीज और एवरग्रीन टायर प्लांट और असम मिल्क प्लांट और पाली हिल्स बेवरीज फैक्ट्री सहित कई फैक्ट्रियां का निरीक्षण किया। इस दौरान समिति ने औद्योगिक क्षेत्र पतरातू के रियाडा भूमि के टायर फैक्ट्रीयां से निकलने वाले धुएं से आसपास के दर्जनों गांव प्रभावित हो रहे हैं इसकी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान गुप्ता इंडस्ट्रीज टायर फैक्ट्री और एवरग्रीन इंडस्ट्रियल टायर फैक्ट्री में प्रवेश करते ही कामगारों की वस्तु स्थिति को देखकर सभापति उदय शंकर सिंह धड़क उठे। इस दौरान विधायक रोशन लाल चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधियों ने सभापति को टायर फैक्ट्री और असम मिल्क प्लांट और पाली हिल बेवरेज से निकलने वाले केमिकल युक्त गंदा पानी बिना रीसायकल किये सीधे पास की एक छोटी नदी में छोड़ा जाता है इससे फैक्ट्री से आने वाली दुर्गंध बदबू और जहरीली गैस से पूरे पर्यावरण प्रदूषण से अवगत कराया। इस मौके पर झारखंड विधानसभा पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण समिति के सभापति ने कहा कि प्रदूषण के मामले में यहां की स्थिति बत्तर है कैसे यहां लोग जी रहे हैं आश्चर्यजनक बात है गुप्ता इंडस्ट्रीज टायर फैक्ट्री से वायु और जल में काफी प्रदूषण हो रहा है। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा की यहां पर पर्यटक स्थल भी है देश के लोग आते जाते भी हैं टायर फैक्ट्री से इतना प्रदूषण है कि जीना भी मुश्किल हो चुकी है इसकी रिपोर्ट सोपी जायेगी। इस मौके पर विधान समिति के मिथिलेश कुमार आर ओ शिव शंकर कुमार पतरातू अंचलाधिकारी मनोज चौरसिया विधानसभा समिति के कई सदस्य सहित सही पंचायत प्रतिनिधि शामिल थे।
मुख्यमंत्री से पीवीयूएनएल के सीईओ ने की मुलाकात।

## कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)।** शनिवार को कुंदा शक्ति केंद्र परिसर में सांसद कालीचरण सिंह के सौजन्य से कमल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं और आमजनों के बीच कमल का वितरण किया गया, जिससे संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती मिली। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सौंडिक, मंडल अध्यक्ष दिलेशर भोक्ता, इंद्रदेव भारती और सतेंद्र सिंह सहित कई पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे। सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने और केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। जिसमें कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

# रामगढ़ में प्रचंड शीतलहर का प्रकोप, जनजीवन अस्त-व्यस्त

- कुहासे की चादर में लिपटा जिला, ठंड से बढ़ी लोगों की मुश्किलें
- स्कूली बच्चों पर ठंड की भारी मार, सर्दी-खांसी का हो रहे है शिकार
- ठंड को देखते हुए प्रशासन से स्कूलों में छुट्टी घोषित करने की अपील



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में दो दिनों से शीतलहर का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। ठंड और घने कुहासे ने पूरे जिले को अपनी चपेट में ले लिया है। सुबह और देर शाम घना कोहरा छाए रहने से सड़कों पर दृश्यता बेहद कम हो गयी है, वहीं कड़ाके की ठंड के कारण आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। हालात ऐसे हैं कि लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं।

**हर ओर गहरा कुहासा, यातायात प्रभावित :** शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक कुहासे की मोटी चादर पसरी हुई है। सुबह के समय सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। वाहन चालकों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ठंड के साथ ठंडी हवाओं ने ठिठुरन और बढ़ा दी है।

**स्कूली बच्चों पर ठंड की मार, सर्दी-खांसी का हो रहे शिकार :** बढ़ती ठंड का सबसे ज्यादा असर स्कूली बच्चों पर देखने को मिल रहा है। सुबह-सुबह स्कूल जाने वाले छोटे बच्चे ठंड से कांपते नजर आ रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि अत्यधिक ठंड के कारण बच्चों की तबीयत बिगड़ रही है। सर्दी, खांसी, बुखार और गले में संक्रमण की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं।

**प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की उम्मीद :** बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए लोग जिला प्रशासन से जल्द निर्णय लेने की उम्मीद कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाये गये तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। अब देखना होगा कि रामगढ़ जिला प्रशासन बढ़ती ठंड को लेकर क्या कदम उठाता है और स्कूली बच्चों और आम जनता को राहत कब तक मिलती है।

### स्कूल बंद करने की उठी मांग

ठंड को देखते हुए रामगढ़ वासियों ने जिला प्रशासन से सभी सरकारी और निजी स्कूलों को अस्थायी रूप से बंद करने की मांग की है। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों की सेहत से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। लोगों ने रामगढ़ उपायुक्त से हस्तक्षेप कर तत्काल स्कूलों में छुट्टी घोषित करने की मांग की है।

### पंचायत स्तर पर अलाव की मांग

ग्रामीण इलाकों में ठंड से बचाव के लिए अब तक पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने का आरोप लगाया जा रहा है। ग्रामीणों ने पंचायत स्तर पर अलाव की व्यवस्था कराने की मांग की है ताकि गरीब, बुजुर्ग और असहाय लोग ठंड से राहत पा सकें।

## लंबित श्रम विवाद पर सीसीएल प्रबंधन की एक तरफा कार्रवाई से कैंटीन कर्मचारियों में आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकाकाना।** केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना परिसर में एनसीडीसी सीसीएल एम्पलाइज कैंटीन कॉपरेटिव सोसाइटी द्वारा संचालित कैंटीन कर्मचारियों ने प्रबंधन द्वारा कैंटीन खाली कराने और हैंडओवर लेने संबंधी जारी पत्र पर कड़ी आपत्ति दर्ज की है। कैंटीन कर्मचारियों ने बताया कि कैंटीन से संबंधित श्रम विवाद वर्तमान में मुख्य श्रम आयुक्त धनबाद के समक्ष इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट्स एक्ट 1947 की धारा बारह के अंतर्गत समझौता की अवस्था में लंबित है, जिसकी अगली संयुक्त चर्चा की तिथि अठारह जनवरी निर्धारित है। जिसकी सूचना प्रबंधन सहित सभी पक्षों को विधिवत दी जा चुकी है। ऐसी स्थिति में प्रबंधन द्वारा कैंटीन परिसर खाली कराने, चाबी सौंपने अथवा किसी भी प्रकार का हैंडओवर लेने का निर्देश देना इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट्स एक्ट 1947



की धारा तैंतीस का प्रत्यक्ष उल्लंघन है। कानून के अनुसार लंबित श्रम विवाद के दौरान किसी भी प्रकार की एकतरफा या दबावपूर्ण कार्रवाई पूर्णतः निषिद्ध है। कर्मचारियों का कहना है कि यह कदम न केवल श्रम कानूनों के विरुद्ध है, बल्कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का भी उल्लंघन करता है, क्योंकि मामला अभी विचाराधीन है और किसी सक्षम श्रम प्राधिकारी द्वारा कोई अंतिम आदेश पारित नहीं किया गया है। कर्मचारियों ने प्रबंधन से मांग की है कि मुख्य श्रम आयुक्त धनबाद के समक्ष लंबित सुलह प्रक्रिया का सम्मान करते हुए किसी भी प्रकार की एकतरफा कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाये। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि श्रम कानूनों या संवैधानिक अधिकारों के विपरीत कोई कदम उठाया गया। तो कर्मचारी उच्च न्यायालय में लिखित पिटीशन दायर करने सहित सभी वैधानिक उपाय अपनाने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। बताते चलें कि पिछले कई महीनों से सीसीएल कैंटीन के कर्मचारियों का वेतन रुका हुआ है। पिछले कई दशकों से कार्यरत कर्मचारियों को भविष्य में परिवार के भरण पोषण की चिंता सता रही है, जिसके कारण प्रबंधन के खिलाफ उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर दिख रहे है। मौके पर कैंटीन कर्मचारी राजेश्वर सिंह, कुश कुमार, दीपक कुमार, ललका पाहन, देव नंदन शर्मा, रोहन मुंडा, मदन प्रजापति, चांदों देवी, सलखी देवी, फुदकी देवी, ममता देवी उपस्थित रहे।

## सिस्टा ने मजदूरों की समस्याओं को लेकर पीओ की मुलाकात




**कुजू(आजाद सिपाही)। कोल इंडिया एसी/एसटी एम्पलाई एसोसिएशन (सिस्टा) के पदाधिकारियों ने सीसीएल करमा परियोजना के मजदूरों की विभिन्न समस्याओं को लेकर करमा पीओ रामेश्वर मुंडा से मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्रीय सचिव ब्रह्मदेव राम के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने पीओ रामेश्वर मुंडा को बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान ब्रह्मदेव राम ने पीओ से परियोजना अंतर्गत कार्यरत मजदूरों के हक व अधिकार में कार्य करने, समय-समय पर प्रमोशन कराने सहित बातों को रखा। जिस पर पीओ ने हर संभव मजदूरों को साथ लेकर चलने का भरोसा दिलाया। मौके पर क्षेत्रीय सचिव ब्रह्मदेव राम, अध्यक्ष रामप्रसाद बेदिया, शुभम कुमार सेठ आदि शामिल रहे।**

## एनएसएससी शूटिंग चैंपियनशिप में दोहरा स्वर्ण, जिंदल स्टील ने जताया गर्व

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** जिंदल स्टील ने अपने प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिलशान की ऐतिहासिक उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है। कंपनी द्वारा समर्थित एथलीट दिलशान ने राजधानी नई दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित 64वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप (एनएसएससी) में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष और महिला स्कीट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। प्रतियोगिता के दौरान दिलशान ने बेहतरीन




तकनीक, एकाग्रता और आत्मविश्वास का परिचय दिया। उनके इस दोहरे स्वर्ण पदक ने न केवल प्रतियोगिता में सबका ध्यान खींचा, बल्कि भारतीय शूटिंग खेल में उनकी मजबूत उपस्थिति को भी रेखांकित किया। उल्लेखनीय है कि दिलशान इससे पूर्व वर्ष 2025 में चीन के निंगबो में आयोजित 23वीं एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीत चुके हैं। लगातार अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर मिल रही सफलताओं ने उन्हें भारत के उभरते हुए शीर्ष निशानेबाजों की पंक्ति में ला खड़ा किया है। इस अवसर पर जिंदल स्टील ने कहा कि खेलों के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर देना राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम है। कंपनी भविष्य में भी ऐसे होनहार खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग प्रदान करती रहेगी, ताकि वे देश और प्रदेश का नाम रोशन करते रहें।

## सुशासन सप्ताह को लेकर कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडू।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में शनिवार को सुशासन सप्ताह के अवसर पर प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा कुमारी उपस्थित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि निशा कुमारी ने कहा कि 25 दिसंबर तक पूरे जिले में सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। इस सप्ताह का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाना और आम लोगों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि





योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और इसके लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है।

इससे पूर्व कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने अपने-अपने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी लोगों को विस्तारपूर्वक दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित मिश्रा ने की, जबकि संचालन प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनीता सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी शैलेन्द्र तिवारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विमल कुमार बेदिया, एलडीएम दिलीप महली, बैंक ऑफ इंडिया के धीरज कुमार, बीपीओ विजय कुमार, शाहिद सिद्दीकी, मुखिया बैजनाथ राम, अनीता देवी, पंचायत समिति सदस्य विवेक कुमार गुप्ता, उप मुखिया पंकज कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि बालेश्वर भुईयां, रंजीत कुमार, मो मिस्टर सहित प्रखंड के सभी पदाधिकारी और कर्मी भी शामिल थे।

**मनरेगा के तहत जॉब कार्ड का वितरण :** कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा मनरेगा योजना के अंतर्गत तीन लाभुकों के बीच जॉब कार्ड का वितरण किया गया। लाभुकों ने जॉब कार्ड मिलने पर खुशी व्यक्त की।

### विभिन्न विभागों के स्टॉल लगे

सुशासन सप्ताह कार्यक्रम के दौरान प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों के स्टाल लगाये गये। इसमें आधार कार्ड, खाद्य आपूर्ति विभाग, मनरेगा, बाल विकास परियोजना, शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग के स्टाल शामिल थे। इन स्टालों के माध्यम से लोगों को योजनाओं से संबंधित जानकारी दी गयी और कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। कार्यक्रम के पश्चात मुख्य अतिथि निशा कुमारी ने सभी स्टालों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## रामगढ़ की सड़कों पर उतरे हाथी, सड़क घंटों जाम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में शनिवार सुबह माया डूंगरी जंगल के पास घाटी क्षेत्र में हाथियों का एक झुंड दिखायी दिया। जंगल से निकलकर हाथी घाटी पार करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर पहुंच गए, जिससे सड़क पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। अचानक हाथियों के सामने आने से वाहन चालकों और यात्रियों में अफरा-तफरी मच गयी। घने कोहरे और ठंड के बीच घंटों तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सावधानी के साथ हाथियों को नियंत्रित किया। टीम ने हाथियों को सुरक्षित कॉरिडोर की ओर खदेड़ा, जिसके बाद एक बड़ा हादसा टल गया। हाथियों के सड़क से हटने के बाद जाम धीरे-धीरे समाप्त हुआ और यातायात सामान्य हो सका। वन विभाग के अनुसार, जिले में एलिफेंट कॉरिडोर से छेड़छाड़ के कारण हाथियों का झुंड भटक गया है। रामगढ़, कुजू, मांडू, चरही और बोकारो के सीमावर्ती वन क्षेत्रों में हाथियों की लगातार आवाजाही देखी जा रही है। झुंड से बिछड़ने के बाद कुछ हाथी उग्र हो गये हैं, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं बढ़ी हैं। बीते तीन दिनों में हाथियों के हमले में छह लोगों की मौत हो चुकी है। वन विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है और प्रभावित इलाकों में निगरानी बढ़ा दी गयी है।

## समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक में आंगनबाड़ी सुदृढ़ीकरण पर जोर



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। बैठक की शुरूआत आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित बच्चों की उपस्थिति की समीक्षा से हुई। उपायुक्त ने कहा कि 02 से 07 वर्ष की आयु के बच्चों के मानसिक विकास के लिए यह समय अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने इस अवधि में आंगनबाड़ी सेविकाओं की जवाबदेही तय करते हुए निर्देश दिया कि केंद्रों का वातावरण बाल-अनुकूल बनाया जाये और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अच्छी आदतों से परिचित कराया जाए। साथ ही, बच्चों के अभिभावकों से नियमित संपर्क स्थापित कर बच्चों के पहनावे और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने को कहा गया। बैठक में भवन निर्माण से संबंधित लंबित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने के लिए संबंधित कार्यान्वयन एजेंसियों को निर्देशित किया गया। भूमि विवाद से जुड़े आंगनबाड़ी केंद्रों के मामलों में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी और अंचलाधिकारी को संयुक्त जांच कर भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। विगत तीन माह से लगातार खराब प्रदर्शन करने वाली सेविकाओं को चिन्हित कर चयनमुक्ति का प्रस्ताव प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त समाज कल्याण विभाग की प्रमुख योजनाओं—मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना—के अंतर्गत शत-प्रतिशत पात्र लाभुकों को लाभान्वित करने पर विशेष जोर दिया गया। उपायुक्त ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के शत-प्रतिशत विद्युतीकरण का निर्देश देते हुए कहा कि आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। साथ ही, विगत दो बैठकों में अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने और विभिन्न संकेतकों में तीन माह से लगातार खराब प्रदर्शन के कारण बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, चतरा ग्रामीण के विरुद्ध प्रपत्र क गठित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, जिला अभियंता, जिला परिषद प्रतिनिधि, एनआरईपी, विद्युत प्रमंडल और पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता/प्रतिनिधि, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बीआरएल में दखलदिहानी को लेकर भूमि मापी



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू ओपी क्षेत्र के बीआरएल गेट के निकट दखलदिहानी को लेकर दंडाधिकारी की मौजूदगी में एक भूमि की मापी कराई गई। न्यायालय में वर्षों से चल रहे मामले में आदेश के बाद मापी कार्य के लिए बहाल कार्यपालक दंडाधिकारी सदर अनुमंडल रामगढ़ अंबिका कुमारी व कुजू पुलिस की मौजूदगी में भूमि की मापी हुई। जहां मरार मौजा के खाता संख्या 11 प्लॉट नंबर 93,94 कुल रकवा 27 डिसमिल भूमि की मापी कर चिन्हित की गई। जिसके बाद भूमि को चिन्हित कराते हुए दंडाधिकारी ने अतिक्रमण किए हुए लोगों से एक सप्ताह के अंदर खाली करने का निर्देश दिया है। मापी के दौरान सरकारी आमीन सहित दोनों पक्ष के आमीन मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार मरार निवासी तापेश्वर प्रसाद साहू वगैरह ने उक्त भूमि को रैयती बताते हुए दखल कब्जा के लिए 1993 में कोर्ट में मामला दर्ज कराया था। जिसमें गुलजारी देवी व अन्य लोगों पर गलत ढंग से घर बनाकर कब्जा करने की बात कही गई थी। जहां न्यायालय द्वारा तापेश्वर प्रसाद साव के पक्ष में फैसला सुनाते हुए 18 दिसंबर को उक्त जमीन में रह रहे लोगों को खाली करने आदेश के साथ नोटिस जारी किया था। परंतु जमीन खाली नहीं होने के बाद दंडाधिकारी नियुक्त कर मापी कराया गया। वहीं जमीन में रह रहे लोगों ने भूमि रैयती नहीं निकलने और सरकारी भूमि होने पर वहीं रहने का अधिकार मांगा है। मौके पर ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, आशीष कुमार गौतम, अभिनव कुमार, अरविंद कुमार, सलीम खान आदि मौजूद थे। समाचार लिखे जाने तक भूमि माफी कार्य जारी था।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या 3302 दिनांक 19.11.2025 के अनुसार मैं, झानो गोप उर्फ झालो गोप, पिता - चंदर गोप, उम्र - 54 वर्ष धर्म-हिन्दु, जाति, ग्वाला, पेशा - कृषि, साकिन- पीरी, ग्राम पंचायत - पीरी, पो0- पीरी, थाना - सिमरिया, जिला - चतरा शपथ पूर्वक ब्यान करता हूँ, कि :- 1. यह कि मेरा आधार कार्ड स.-7994 2552 5662 मे मेरा नाम झालोगोप (Jhalo Gop) दर्ज है। तथा मेरा वोटर आई.डी पहचान पत्र सं. MNK0532309 मे मेरा नाम झानो गोप (Jhano Gope) दर्ज है।
2. यह कि मेरा मतदान पहचान पत्र में दर्ज नाम झानो गोप (Jhano Gope) है जो सत्य एवं सही है।
3. यह कि मेरा नाम झानो गोप उर्फ झालो गोप नाम को कोई अन्य व्यक्ति नही है मेरा गांव पीरी में मेरा ही नाम झानो गोप है।
4. यह कि मेरा नाम झानो गोप (Jhano Gope) ही सत्य एवं सही है।
5. यह कि यह शपथ पत्र गजट कराने के आशय से कर रहा हूँ।

# शीतकालीन सत्र में प्रदूषण का मुद्दा

संसद का शीतकालीन सत्र जिस अंदाज में शुरू हुआ था, खत्म भी उसी तरह हुआ। नारेबाजी और शोर-शराबे की वजह वजह से से कई का चर्चाएं अधूरी रह गयी और दिल्ली-एनसीआर के प्रदूषण पर तो सत्ता पक्ष और विपक्ष में सहमति के बावजूद बात नहीं हो पायी।

**सहमति तक सीमित :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पिछले हफ्ते प्रदूषण को हेल्थ इमरजेंसी बताते हुए व्यवस्थित बहस की जरूरत बतायी थी। विपक्ष के दूसरे नेता भी इससे सहमत थे और सरकार ने भी हामी भरी थी। लेकिन, गुरुवार को जब लोकसभा में चर्चा की बारी आयी तो मनरेगा की जगह लेने वाले विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) को लेकर चले हंगामे की वजह से सदन में कामकाज नहीं हो पाया। अब सरकार कह रही है कि वह तो तैयार थी, जबकि कांग्रेस सवाल पूछ रही है कि चर्चा क्यों नहीं हो पायी।

**शीत सत्र समाप्त हालात और बिगड़ेंगे :** जिस समय सदन में हंगामा हो रहा था, दिल्ली में कई जगह एक्यूआइ 400 के आसपास था यानी बेहद गंभीर स्थिति। नवंबर से लेकर अभी तक राजधानी के हालात कमोबेश ऐसे ही रहे हैं। पिछले महीने 24 दिनों तक एक्यूआइ 300 के ऊपर रहा। दिसंबर में स्थिति और खराब हो गयी। जीआरएपी-4 लागू होने के बावजूद वायु प्रदूषण का लेवल 350-400 के बीच बना हुआ है।

**वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सार्थक चर्चा के साथ गंभीर उपायों की भी जरूरत है। जीआरएपी समस्या शुरू होने के बाद का कदम है, बचाव का उपाय नहीं। इस समस्या से निपटने के लिए मौसमी के बजाय पूरे साल का एक्शन प्लान चाहिए।**

**राजनीति नहीं चाहिए :** दिल्ली-एनसीआर का प्रदूषण कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। पार्टी और विचारधारा से अलग, इस इलाके में रहने वाले करोड़ों लोगों के जीवन पर जहरीली हवा एक जैसा असर डाल रही है। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर का अनुमान है कि साल 2023 में केवल वायु प्रदूषण की वजह से दिल्ली में 17,200 लोगों को जान गंवानी पड़ी। सड़क हादसों, आपराधिक वारदात या किसी भी दूसरी बीमारी की तुलना में यह आंकड़ा बहुत बड़ा है।

**बने पूरे साल का प्लान :** वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सार्थक चर्चा के साथ गंभीर उपायों की भी जरूरत है। जीआरएपी समस्या शुरू होने के बाद का कदम है, बचाव का उपाय नहीं। इस समस्या से निपटने के लिए मौसमी के बजाय पूरे साल का एक्शन प्लान चाहिए। स्पष्ट गाइडलाइन, नियमों का सख्ती से पालन, एनसीआर में शामिल राज्यों के बीच तालमेल और जागरूकता के बिना यह काम नहीं हो सकता। वायु प्रदूषण की चुनौती से निपटने के लिए दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**एनएसएसओ और आइआइपीएस की 2017-18 की रिपोर्ट के अनुसार हर साल झारखंड से 7.8 से 9.5 लाख लोग पलायन करते हैं। इनमें से 68 प्रतिशत युवा पुरुष हैं, जिनकी उम्र 18 से 35 वर्ष के बीच है। यानी राज्य का सबसे ताकतवर और कामकाजी वर्ग अपने ही राज्य में अवसर न मिलने के कारण बाहर निकल रहा है। सीएमआइइ के अनुसार मई 2024 तक झारखंड की बेरोजगारी दर 14.7 प्रतिशत थी, जबकि देश का औसत लगभग 8 प्रतिशत रहा।**

# पलायन : झारखंड की सबसे बड़ी त्रासदी

मृत्युंजय शर्मा

हाल ही में गोवा के एक नाइट क्लब में हुए अग्निकांड के मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, लेकिन उस आग में झुलस कर जान गंवाने वाले झारखंड के तीन युवाओं के परिजन आज भी न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं। साल की शुरूआत में तेलंगाना की सुरंग हादसे में जिन 8 मजदूरों की मौत हुई, उनमे से 4 गुमला जिले के थे। तमाम आधुनिक मशीनों और दावों के बावजूद कोई उन्हें बचा नहीं सका। रोजी-रोटी कमाने गये इन घरों के लालों का शव तक उनके परिजनों को नसीब नहीं हुआ।

इसी वर्ष जून से अगस्त के बीच, महज तीन महीनों के भीतर बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड से रोजगार की तलाश में गए पाँच प्रवासी श्रमिकों की दूसरे राज्यों में अलग-अलग दुर्घटनाओं में मौत हो गयी। शायद ही कोई ऐसा दिन बीतता हो जब अखबारों में बाहर काम करने गए किसी झारखंडी मजदूर की मौत की खबर न छपती हो। यह संयोग नहीं, बल्कि राज्य में व्याप्त बेरोजगारी और उससे उपजे पलायन की वह कीमत है, जिसे गरीब मजदूर अपनी जान देकर चुकाता आया है।

**जब राज्य में ही सुरक्षित, सम्मानजनक और स्थायी आजीविका के अवसर विकसित होंगे, तभी झारखंड से हो रहे बड़े पैमाने पर पलायन पर प्रभावी अंकुश लग सकेगा।**

जब ये लोग मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद या गोवा जैसे महानगरों में पहुंचते हैं, तो उन्हें सबसे असुरक्षित और कम मजदूरी वाले काम सौंपे जाते हैं। निर्माण स्थल, फैक्ट्रियां, होटल, नाइट क्लब या सुरंग जैसी जोखिम भरी परियोजनाएं–हर जगह झारखंड के मजदूर मिल जाते हैं।



**पलायन रोकने के लिए सरकार को केवल योजनाओं की घोषणा तक सीमित न रह कर ठोस और दूरदर्शी कदम उठाने होंगे। माइनिंग टूरिज्म जैसी संभावनाओं को विकसित कर स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित किया जा सकता है, वहीं स्टार्ट-अप संस्कृति को प्रोत्साहन देकर युवाओं को अपने ही राज्य में उद्यम शुरू करने का अवसर देना होगा।**

पलायन की मार केवल पुरुष मजदूरों तक सीमित नहीं है। घरेलू काम का लालच देकर आदिवासी महिलाओं की तस्करी की जाती है और उन्हें देह व्यापार जैसे अमानवीय धंधों में झोंक दिया जाता है। 2018 से 2023 के बीच झारखंड के 1574 लोग मानव तस्करी के शिकार हो चुके हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार राज्य में दलित और आदिवासी आबादी का लगभग 35 प्रतिशत पलायन को मजबूर है, जिसमें 55 प्रतिशत महिलाएं, 30 प्रतिशत पुरुष और 15 प्रतिशत बच्चे शामिल हैं।

एनएसएसओ और आइआइपीएस की 2017-18 की रिपोर्ट के अनुसार हर साल झारखंड से 7.8 से 9.5 लाख लोग पलायन करते हैं। इनमें से 68 प्रतिशत युवा पुरुष हैं, जिनकी उम्र 18 से 35 वर्ष के बीच है। यानी राज्य का सबसे ताकतवर और कामकाजी वर्ग अपने ही राज्य में अवसर न मिलने के कारण बाहर निकल रहा है। सीएमआइइ के अनुसार मई 2024 तक झारखंड की बेरोजगारी दर 14.7 प्रतिशत थी, जबकि देश का औसत लगभग 8 प्रतिशत रहा। राज्य के 264 प्रखंडों में से 195 ब्लॉक पलायन प्रभावित घोषित किये जा चुके हैं।

झारखंड में पलायन अब केवल आर्थिक मजबूरी नहीं, बल्कि गरीबों की नियति बन चुका है। राज्य सरकार ने केरल माइग्रेशन सर्वे मॉडल से प्रेरित होकर झारखंड माइग्रेशन सर्वे करवाया था। जनवरी से मार्च 2023 के बीच सभी जिलों के 10,674 परिवारों का सर्वे किया गया, जिससे यह सामने आया कि लगभग 45 लाख झारखंडी आजीविका के लिए देश और दुनिया के अलग-अलग कोनों में काम करने को मजबूर हैं। लेकिन विडंबना यह है कि इन शहरों में काम करते हुए उनकी मौतों का कोई आधिकारिक रिकॉर्ड तक नहीं रखा जाता। वे न तो किसी सूची में दर्ज होते हैं और न ही उनके परिजनों को न्याय या मुआवजे की स्पष्ट व्यवस्था मिल पाती है।

पलायन रोकने के लिए बनायी गयी योजनाओं की स्थिति भी निराशाजनक है। ग्रामीण विकास के अनुसार 2023-24 में झारखंड में 25 प्रतिशत आवेदकों को मनरेगा के तहत समय पर काम नहीं मिला, जबकि 40 प्रतिशत मामलों में मजदूरी भुगतान में देरी हुई। इसका अर्थ यह है कि हर चौथा मजदूर केवल आवेदन भरकर रह गया। जब काम समय पर न मिले और मजदूरी भी महीनों बाद आये, तो गरीब परिवारों के सामने पलायन के अलावा कोई रास्ता नहीं बचता।

राज्य सरकार की मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा योजना भी जमीन पर असरदार साबित नहीं हो सकी। श्रम विभाग की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार केवल 4.2 प्रतिशत पंजीकृत प्रवासी श्रमिकों को ही इस योजना का लाभ मिला। अधिकांश मजदूरों को तो यह तक नहीं पता था कि उनके लिए कोई ऐसी योजना मौजूद है।

पलायन रोकने के लिए सरकार को केवल योजनाओं की घोषणा तक सीमित न रह कर ठोस और दूरदर्शी कदम उठाने होंगे। माइनिंग टूरिज्म जैसी संभावनाओं को विकसित कर स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित किया जा सकता है, वहीं स्टार्ट-अप संस्कृति को प्रोत्साहन देकर युवाओं को अपने ही राज्य में उद्यम शुरू करने का अवसर देना होगा।

कानून व्यवस्था को सुदृढ़ कर निवेश का भरोसेमंद माहौल बनाना, लघु-मध्यम उद्योगों और स्वरोजगार से जुड़े प्रशिक्षण व वित्तीय सहायता को सरल बनाना आवश्यक है, ताकि लोग मजबूरी में बाहर न जायें।

जब राज्य में ही सुरक्षित, सम्मानजनक और स्थायी आजीविका के अवसर विकसित होंगे, तभी झारखंड से हो रहे बड़े पैमाने पर पलायन पर प्रभावी अंकुश लग सकेगा। अन्यथा, जब तक झारखंड के युवाओं को अपने ही राज्य में सम्मानजनक रोजगार और सुरक्षित जीवन नहीं मिलेगा, तब तक तेलंगाना की सुरंगें, गोवा के नाइट क्लब और गिरती इमारतें पलायन की इस त्रासदी की कीमत वसूलती रहेंगी और हर बार किसी गरीब मजदूर की जान देकर।

**(लेखक, आर्थिक मामलों के जानकार एवं झारखंड भाजपा के चुनाव प्रबंधन प्रमुख हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# विधायक संजीव सरदार ने किया पीसीसी सड़क का शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**पोटका।** जमशेदपुर प्रखंड के ग्रामीणों की मांग पर विधायक संजीव सरदार ने घाघीडीह जेल से टीआरएफ कॉलोनी होते हुए बस्ती तक वर्षों से लंबित पीसीसी सड़क निर्माण के लिए पहल शुरू कर दी। शनिवार को पोटका विधायक संजीव सरदार ने पूजा-अर्चना कर 24 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक श्री सरदार ने कहा जनता के भरोसे पर खरा उतरना ही एक जनप्रनिधि की जिम्मेदारी है।पोटका क्षेत्र का विकास के लिए कार्य आगे भी लगातार जारी रहेंगी। विधायक ने कहा पीसीसी सड़क निर्माण की मांग ग्रामीणों की वर्षों से लंबित रहा। अब जल्द ही सड़क निर्माण की मांग पूरी होगी। स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही बरसात में होने वाली समस्याओं से भी राहत मिलेगी। इस अवसर पर झामुमो जमशेदपुर प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### परिसदन में मंत्री दीपक बिरुवा का झामुमो नेताओ ने किया स्वागत

# नुवको सीमेंट और टाटा पावर जोजोबेरा पर प्रदूषण फैलाने का आरोप, सौंपा आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** नुवको विस्तास सीमेंट कंपनी एवं टाटा पावर जोजोबेरा से हो रहे प्रदूषण और उससे उत्पन्न क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर सामाजिक सेवा संघ के बैनर तले झारखंड सरकार के परिवहन सह भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुवा को जमशेदपुर परिसदन में एक आवेदन सौंपा गया। आवेदन में स्थानीय ग्रामीणों की गंभीर समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया। शनिवार को सोपे गये आवेदन में बताया गया फ्लाई ऐश डस्ट नालों के माध्यम से बहकर गद्‌डा, तुपुडांग, गोविंदपुर, डोमजूरी सहित आसपास के गांवों की कृषि भूमि को नुकसान पहुंचा रहा है। खेत बंजर होते जा रहे हैं, जिससे



किसानों को खेती करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा जोजोबेरा के पार्वती नगर बस्ती में कचरा और फ्लाई ऐश फेंके जाने एवं जेमको फ्लाई ऐश पॉइंट से उड़ने वाली धूल के कारण भोलाबगान, गोविन्दपुर, सुंदरहातु, राहरगोड़ा, बारीगोड़ा, जेमको, सरजमदा, सोपोडेरा समेत कई क्षेत्रों में 365 दिन घरों की छतों पर सीमेंट डस्ट की मोटी परत जम जाती है। जिससे लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है।

आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया नुवको कंपनी की बड़ी-बड़ी गाड़ियां सड़क के दोनों ओर खड़ी रहने के कारण जाम और दुर्घटनाओं की स्थिति बनी रहती है। वहीं कंपनी के फ्रंट गेट के सामने बड़े गड्ढे और कीचड़ के कारण आम लोगों को आवागमन में भारी परेशानी होती है।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कंपनी में बाहरी ठेकेदारों और मजदूरों को प्राथमिकता दी जाती है, जबकि स्थानीय मजदूरों और ठेकेदारों को नजरअंदाज किया जाता है। साथ ही ठेकेदारों द्वारा मजदूरों से ऐसे फॉर्म पर साइन कराये जाते हैं, जिनमें दुर्घटना की स्थिति में मुआवजा नहीं देने की शर्त होती है, जिसे तत्काल बदलने की मांग की गयी। आवेदन में यह भी कहा गया कि कंपनी से सटे तीन किलोमीटर के दायरे में मेडिकल, शिक्षा, पेयजल, साफ-सफाई और बिजली जैसी बुनियादी नागरिक सुविधाओं का अभाव है। इन सभी समस्याओं

# सशस्त्र क्रांतिकारियों के योगदान पर अंतर-विद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। झारखंड बंगभाषी समन्वय समिति एवं साकची हाई स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में समिति के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अंतर-विद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता का विषय भारत की आजादी की लड़ाई में सशस्त्र क्रांतिकारियों का संघर्ष रखा गया। इसमें 40 टीमों के 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन समिति के अध्यक्ष बिकाश मुखर्जी ने की। प्रसिद्ध क्विज मास्टर देबाशीष सरकार (कोलकाता) ने प्रतियोगिता का संचालन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद साकची हाई स्कूल के सनातन नंदी एवं रौशन यादव विजेता बने। रामकृष्ण मिशन इंग्लिश स्कूल, सिदगोड़ा की टीम प्रथम उपविजेता तथा विवेकानंद हाई स्कूल, साकची की टीम द्वितीय उपविजेता रही।इस अवसर पर समिति और विद्यालय से जुड़े अनेक गणमान्य अतिथि,शिक्षक और अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ किया गया।

# रामकथा के चौथे दिन श्रीराम जन्म प्रसंग का हुआ भावपूर्ण वर्णन



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। शहर के बारीडीह विजया गार्डेन सेंट्रल कमेटी के तत्वावधान मे नौ दिवसीय रामकथा के चतुर्थ दिन शनिवार को उज्जैन की कथावाचिका ममता दीदी ने श्रीराम भगवान के जन्म प्रसंग की व्याख्या कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा भगवान श्रीराम का अवतार अधर्म के नाश और धर्म की स्थापना के लिए हुआ। कथावाचिका ने रामकथा के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से जीवन मूल्यों, मयार्दा और सत्य के महत्व को रेखांकित किया। कथा शाम पांच से रात आठ बजे तक चली, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा के उपरांत आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।आयोजकों ने बताया 26 दिसंबर को रामकथा के समापन के अवसर पर सभी श्रद्धालुओं के लिए महाभोग की व्यवस्था की जायेगी।

# शहीद निर्मल महतो की 75वीं जयंती को लेकर बैठक, कई प्रस्ताव पारित

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला संयोजक मंडली पूर्वी सिंहभूम की ओर से वीर शहीद निर्मल महतो की 75वीं जन्म जयंती को लेकर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। शनिवार को शहीद निर्मल महतो सामुदायिक भवन कदमा में आयोजिय बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक प्रमुख बाघराय मार्डी ने की। संचालन विधा सागर दास एवं धन्यवाद ज्ञापन कालीपोदो गोराई ने की। बैठक में सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किये गये। प्रस्ताव के अनुसार पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन एवं पूर्व मंत्री रामदास सोरेन के आकस्मिक निधन के कारण इस वर्ष शहीद निर्मल महतो की 75वीं जयंती शांतिपूर्ण एवं शोकपूर्ण वातावरण में





मनायी जायेगी।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11:45 बजे चामरिया गेस्ट हाउस के समीप स्थित शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर केंद्रीय पदाधिकारियों, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य, जिला एवं महानगर संयोजक मंडली, महिला नेत्रियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित कर की जायेगी। साथ ही जिले के 11 प्रखंडों और 3 नगर समितियों में भी शहीद निर्मल महतो की जयंती शौहार्दपूर्ण मनाने का निर्णय लिया गया। संगठन विस्तार के तहत मानगो नगर निगम के 36 वार्ड, जुगसलाई नगर परिषद के 22 वार्ड और चाकुलिया नगर पंचायत के 12 वार्डों में प्रत्येक वार्ड से तीन सक्रिय सदस्य बनाने एवं बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करना अनिवार्य किया गया। बैठक में मानगो नगर अध्यक्ष फतेह चंद टुडू द्वारा 12 मौजों के लोगों द्वारा मानगो नगर निगम चुनाव के विरोध संबंधी प्रस्ताव को केंद्रीय समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया। साथ ही, वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को पार्टी में अपेक्षित सम्मान नहीं मिलने के मुद्दे को उठाते हुए केंद्रीय अध्यक्ष से मुलाकात कर अवगत कराने का प्रस्ताव पारित हुआ। इसके अलावा पूर्वी सिंहभूम जिला समिति का शीघ्र गठन 30 दिसंबर तक सदस्यता पुस्तिका जमा करने और नया सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, सौरव चक्रवर्ती और कौशिक कुमार को जिला प्रमुख द्वारा पार्टी की सदस्यता दिलायी गयी। वहीं घाटशिला के नवनिर्वाचित विधायक सोमेश चंद्र सोरेन को जिला संयोजक मंडली की ओर से पुष्पगुच्छ एवं शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। मौके पर दिशोम गुरु शिबू सोरेन, पूर्व मंत्री रामदास सोरेन और अब्दुल रहमान (पोटका प्रखंड उपाध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी) के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गयी।

बैठक में विधायक सबिता महतो,विधायक सोमेश चंद्र सोरेन, झारखंड आंदोलनकारी नेता एवं बड़ी संख्या में पार्टी के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि, जिला परिषद अध्यक्ष, प्रखंड व नगर अध्यक्ष-सचिव आदि उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान विवाद



आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। एनआइटी जमशेदपुर में आगामी 29 दिसंबर को 15वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को लेकर नगर निगम द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं।शनिवार को खरकाई पुलिया से एनआईटी तक अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है।दुकानदार कर्मेंद्र कुमार झा ने आरोप लगाया उनकी दुकान झारखंड हाउसिंग बोर्ड द्वारा विधिवत आवंटित है, इसके बावजूद बिना किसी नोटिस के नगर निगम द्वारा दुकान तोड़ने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने कहा यदि हाउसिंग बोर्ड की ओर से नोटिस मिलता है तो वे स्वयं दुकान हटा देंगे, अन्यथा न्यायालय जाने को मजबूर होंगे।समाजसेवी अजीत कुमार सिंह ने कार्रवाई को तानाशाही बताते हुए कहा इससे गरीब दुकानदारों की रोजी-रोटी छीनी जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी यदि दुकानों को नुकसान पहुंचाया गया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।नगर निगम की इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों में सवाल उठ रहे हैं। बिना पूर्व सूचना दुकानों को तोड़ना कितना न्यायसंगत है। दुकानदारों ने मांग की है उन्हें नोटिस, सुनवाई का अवसर और वैकल्पिक व्यवस्था दी जाये। फिलहाल मामले को लेकर क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

# भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे हैं आरइओ के कार्यपालक अभियंता: सत्येंद्रनाथ तिवारी

## कहा, विधानसभा में उठेगा घटिया सड़क निर्माण का मामला

विधायक आरइओं के कार्यपालक अभियंता पर लगाए गंभीर आरोप, विभागीय सचिव से की शिकायत



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने ग्रामीण कार्य विभाग (आरइओ) के कार्यपालक अभियंता पर भ्रष्टाचार और लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं। विधायक ने कहा कि आरइओ के वर्तमान कार्यपालक अभियंता धर्मेंद्र कुमार भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे हैं। उनके कार्यकाल में बनी अधिकांश सड़कें मानकों पर खरी नहीं उतरतीं। कार्यपालक अभियंता संवेदक के साथ मेल-मिलाप कर करोड़ों का धन उर्पाजन किये हैं। इस संबंध में विभाग के प्रधान सचिव से उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। विधायक ने बताया कि चिनियां प्रखंड के बिलैतीखैर गांव में आरईओ द्वारा कराई जा रही सड़क निर्माण योजना में भारी अनियमितताएं सामने आई हैं। यह सड़क निर्माण कार्य शुरू से ही तकनीकी मानकों की अनदेखी कर किया जा रहा है, जिस कारण बनने के साथ ही खराब होने लगी है। विधायक ने अपनी शिकायत में उल्लेख किया है कि सड़क निर्माण में प्रयुक्त सामग्री (मटेरियल) सही ढंग से ग्रेडेड नहीं है, जिससे सड़क की मजबूती प्रभावित हो रही है। तीसरा और सबसे गंभीर मामला सड़क की मोटाई से जुड़ा है। कहा कि बीएम की मोटाई मात्र 30 मिमी रखी गई है, जबकि प्राक्कलन (एस्टीमेट) के अनुसार इसकी मोटाई कम से कम 50 मिमी होनी चाहिए थी। कहा कि तकनीकी मानकों की इस तरह खुलेआम अनदेखी कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा और जनता के साथ धोखा दिया जा रहा है। मामले को गंभीर बताते हुए विधायक ने प्रधान सचिव से आग्रह किया कि एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन कर पूरे सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराई जाए। उन्होंने दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई की भी मांग की है। विधायक ने चेताते हुए कहा कि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वे इस मुद्दे को जन आंदोलन और विधानसभा दोनों में उठाएंगे। कहा कि कार्यपाल अभियंता के खिलाफ जल्द ही वह ईडी के अधिकारियों को पत्र लिखकर पूरे मामलें की जानकारी देंगे। वहीं, दूसरी ओर घटिया सड़क निर्माण कार्य के खिलाफ ग्रामीणों ने विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी के नेतृत्व में डीसी की अनुपस्थिति में अपर समाहर्ता राज महेश्वरम को मांग पत्र सौंपा है। जिसमें पूरे मामलें की जांच कराने की मांग की गई है। इस मौके पर अमित कुमार प्रसाद, संतोष साह, उमेश कुमार, फागुनी राम, गंगा साव, उदय साव, डहरू साव, अरविंद साह, कृष्णा साह, बबलू साव, अजय यादव, अनुज साव आदि शामिल है।

## ईंट भट्ठा मजदूरों के बीच पहुंचे एसडीएम बांटे गर्म वस्त्र



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सदर एसडीएम संजय कुमार की पहल एवं देखरेख में सामाजिक-प्रशासनिक सहयोग से संचालित 'आइये खुशियां बांटें' अभियान शनिवार को लगातार 21वें दिन भी जारी रहा। इस दिन करमडीह स्थित ईंट-भट्ठा में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां देर पहुंचे एसडीएम और उनकी टीम ने कामगार मजदूरों और उनके बच्चों को गर्म वस्त्र उपलब्ध कराया। रात में ईंट भट्ठा पर पहुंचकर टीम ने वहां रह रहे पुरुषों, महिलाओं एवं छोटे बच्चों को स्वेटर, जैकेट, शॉल, टोपी, मोजे, कंबल आदि दिये, ताकि ठंड के मौसम में उन्हें कुछ राहत मिल सके। मौके पर भट्ठा मालिक, उनके मुंशी और अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे। एसडीएम ने उन्हें सख्त हिदायत दी कि वे अपने इन कामगारों के सुख-दुख में यथा संभव मदद करेंगे। समय पर मजदूरी भुगतान करेंगे और कोई भी नाबालिग बच्चा ईंट भट्ठा पर काम नहीं करेगा। इन मजदूरों के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने का भी निर्देश दिया गया। बताया कि खुशियां बांटने का यह अभियान बीते 21 दिनों से लगातार जिले के विभिन्न वंचित श्रमिक बहुल क्षेत्रों में चलाया जा रहा है।

## आभूषण व्यवसायी से लूटपाट एवं गोलीकांड का पुलिस ने किया पर्दाफाश

# ज्वेलरी मालिक से लूट-गोली कांड के तीन आरोपी गिरफ्तार

- 29 नवंबर की शाम को श्रीबंशीधर नगर में बाइक सवार तीन अपराधियों ने दिया था घटना को अंजाम
- गिरफ्तार तीनों अपराधी सीमावर्ती राज्य उत्तर प्रदेश के : एसपी

### पकड़े गये दो अपराधी हत्या में रहे हैं लिप्त



पकड़े गये अपराधियों की जानकारी देते एसपी अमन कुमार एवं अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** श्रीबंशीधर नगर में विगत 29 नवंबर की शाम राधाकृष्ण ज्वेलर्स के मालिक दीपक सोनी से लूटपाट करने और गोली मारने के मामले का पदार्फाश करते हुए उसमें संलिप्त तीन अपराधियों को पुलिस ने उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है। उनकी पहचान सोनू कुमार (29), राज कुमार उर्फ गोलू उर्फ गज्जू (21) और रोशन कुमार (25) के रूप में हुई है। तीनों मूल रूप से यूपी के सोनभद्र जिले के रहने वाले हैं। इनमें से राज कुमार उर्फ गोलू उर्फ गज्जू वर्तमान में पलामू जिले के डालटनगंज शह थाना क्षेत्र के जीएलए कालेज के पास अनुराग चंद्रवंशी नामक व्यक्ति के मकान में रहता है। जबकि रोशन वर्तमान में गढ़वा के ही टंडवा थाना क्षेत्र के पूरन चौक में रहता है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल सफेद रंग की बाइक, व्यवसायी का बैग एवं चाबी, एक पिस्टल, एक देशी कट्टा, मोबाइल आदि जब्त किया है। इसकी जानकारी एसपी अमन कुमार ने दी। शनिवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर एसपी ने बताया कि बंशीधर नगर थाना में 30 नवंबर को पीड़ित की ओर से विभिन्न धाराओं को तहत मामला दर्ज कराया गया था। जिसके उद्भेदन के लिए एसआइटी गठित की गयी। इसमें श्री बंशीधर नगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येन्द्र नारायण सिंह को टीम लीडर बनाया गया। जिसमें गढ़वा एसडीपीओ नीरज कुमार एवं पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) यशोधरा को सहयोग करने के लिए निर्देशित किया गया था। टीम ने टेक्निकल एवं सूत्रों के आधार पर सबसे पहले सोनू कुमार को गिरफ्तार किया। जिसने इस कांड में राजकुमार एवं रोशन कुमार के शामिल होने की बात बताई। इसके बाद पुलिस टीम ने उन दोनों को भी गिरफ्तार कर लिया। तीनों ने लूट-गोली कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर लिया है। बताया कि 28 नवंबर को जब तीनों अपराधी श्रीबंशीधर नगर से होकर गढ़वा की ओर जा रहे थे, तब उक्त व्यवसायी को देखकर अचानक उसे लूटपाट करने के इरादे से उसकी रेकी की थी। इसके बाद 29 नवंबर की शाम को जब व्यवसायी दीपक सोनी अपनी दुकान बंद कर घर जा रहा था तभी घटना को अंजाम दिया। इसके बाद तीनों बंशीधर मंदिर होते हुए बाइपास पर पहुंचे और वहां से महदेइया होते हुए उत्तर प्रदेश चले गए। इस दौरान हथियार को महदेइया जेल के पास छिपा दिया और वहां से रेणुकूट होते हुए शक्तिनगर जाने के क्रम में रेणुकूट में लूट का माल आपस में बंटवारा कर दीपक सोनी का बैग एवं चाबी वहीं पर फेंक कर शक्तिनगर (यूपी) चले गये। उसके बाद सोनू शक्तिनगर में ही रह गया। जबकि रोशन और राजकुमार उर्फ गोलू बाइक से वापस श्रीबंशीधर नगर होते हुए गढ़वा वापस आ गया। एसपी ने बताया कि इन अपराधियों ने 15 नवंबर को शक्तिनगर में स्वर्ण व्यवसायी से करीब 20 लाख रुपये मूल्य का सोने-चांदी का सामान लूटा था। इस संदर्भ शक्तिनगर थाना में कांड दर्ज है। तीनों अपराधियों का आपराधिक इतिहास रहा है। इनमें राजकुमार एवं रोशन पर हत्या का भी आरोप है। जबकि सोनू कुमार एनडीपीएस कांड का आरोपित है। एसपी ने बताया कि इस कांड में जिले के किसी अन्य अपराधियों की संलिप्तता सामने नहीं आई है। पकड़े गए तीनों अपराधियों के किसी गिरोह से होने की भी बात सामने नहीं आई है।

## एसडीएम ने किया अरंगी पैक्स का औचक निरीक्षण कई अनियमितताएं उजागर



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** एसडीएम संजय कुमार ने शनिवार को मेराल प्रखंड अंतर्गत अरंगी पंचायत में पैक्स की ओर से संचालित धान अधिप्राप्ति केंद्र का औचक निरीक्षण एवं छापामारी की। इस दौरान पैक्स के संचालन में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। मौके पर न तो पैक्स से संबंधित रजिस्टर दुरुस्त पाया गया न ही पैक्स का निर्धारित बैनर बाहर लगा हुआ था। बल्कि परिसर के द्वार पर लिखा था कि 'यहां जिंदा मछली मिलती हैं'। निरीक्षण के समय पैक्स अध्यक्ष आलमगीर अंसारी मौके पर उपस्थित नहीं थे। उनकी अनुपस्थिति में पैक्स का संचालन उनके पिता एवं भाई कर रहे थे। इस दौरान एसडीएम द्वारा पूछे गए किसी भी प्रश्न का वे लोग संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने मौके पर ही जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी को तलब किया। वे कुछ ही देर में मौके पर पहुंच गयीं। उन्होंने एसडीएम को बताया कि उक्त पैक्स के लिए धान अधिप्राप्ति केंद्र का स्थल अरंगी में चयनित किया गया था, जबकि अनधिकृत रूप से संबंधित व्यक्तियों द्वारा दलेली स्थित इस निजी आवासीय परिसर में धान अधिप्राप्ति केंद्र संचालित किया जा रहा था, जो नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि इस परिसर में धान अधिप्राप्ति होने का न कोई औपचारिक उद्घाटन किया गया और न ही उन्हें या आमजन को सार्वजनिक जानकारी दी गई थी कि धान अधिप्राप्ति की शुरूआत कब से होनी है। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि इस पैक्स में धान अधिप्राप्ति 16 दिसंबर से प्रारंभ हुई है। एसडीएम ने जब मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग की जांच की तो 16 दिसंबर से पहले भी हजारों बोरा से अधिक धान वहां संग्रहित होने की पुष्टि हुई। इस पर एसडीएम ने पूछा कि यदि अधिप्राप्ति 16 दिसंबर से शुरू हुई है तो 15 दिसंबर या उससे पूर्व इतनी बड़ी मात्रा में धान कैसे रखा गया, तो पैक्स अध्यक्ष के पिता एवं भाई इसका कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दे सके। इसे गंभीर मानते हुए एसडीएम ने मौके पर ही जिला आपूर्ति पदाधिकारी को भी सूचित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# इलाज के दौरान महिला की मौत, परिजनों ने किया जमकर हंगामा, निजी क्लीनिक सील

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर/गढ़वा।** जिले के भवनाथपुर प्रखंड मुख्यालय के खरौंधी रोड में संचालित शिव शरण सेवा संस्थान नामक निजी क्लीनिक में शनिवार को इलाज के दौरान महिला की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। मृतका की पहचान इंदु देवी के रूप में हुई है। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कोण थाना क्षेत्र के कचनरवा की रहने वाली थी। इस बाबत परिजनों ने बताया कि 17 दिसंबर को इंदु देवी को इलाज के लिए शिव शरण सेवा संस्थान में भर्ती कराया गया था। उसी रात डॉ धर्मेंद्र मेहता ने बच्चेदानी का ऑपरेशन किया था। जिसके बाद से ही महिला की तबीयत लगातार बिगड़ती रही। परिजनों का आरोप है कि महिला द्वारा बार-बार अस्वस्थ महसूस होने की शिकायत के बावजूद सब ठीक हो जाने की बात कहकर लापरवाही बरती गई। 20 दिसंबर को जब महिला की हालत अत्यधिक गंभीर हो गई तो चिकित्सक खुद अपने वाहन से उसे यूपी ले जाने लगे। इसी दौरान रॉबर्ट्सगंज के समीप रास्ते में इंदु की मौत हो गई। आरोप है कि इसके बाद उक्त चिकित्सक ने एक निजी एंबुलेंस से शव को उसमें लादा और पानी लाने का बहाना बनाकर इलाज से संबंधित पर्ची लेकर फरार हो गया। जब परिजन शव लेकर क्लीनिक पहुंचे तो देखा कि शिव शरण सेवा संस्थान का गेट बंद है और सभी लोग फरार हैं। इससे आक्रोशित परिजनों ने जमकर हंगामा करते हुए तोड़फोड़ का प्रयास किया। उधर, घटना की सूचना मिलते ही भवनाथपुर पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह, थाना प्रभारी रजनी रंजन, एसआई दिनेश सिंह, आशुतोष सिन्हा आदि मौके पर पहुंचे और हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराया। इसके बाद सीओ शंभू राम और चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार की मौजूदगी में ताला तोड़वाकर अस्पताल को सील कर दिया। इसे लेकर झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक वर्मा ने फोन पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से कार्रवाई की मांग की। स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वासन दिया कि अविलंब जांच टीम भेजकर मामले की जांच कराई जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी दिनेश सिंह ने बताया कि यह अस्पताल किसी बाहरी डॉक्टर के नाम पर है।

## अभाविप के प्रदर्शनी उद्घाटन में कुलपति होंगें शामिल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रामलला मंदिर परिसर में 25 दिसंबर को आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के चारदीवसीय 26वां प्रदेश अधिवेशन के प्रदर्शनी का उद्घाटन नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. दिनेश कुमार सिंह करेंगें। कार्यकर्ताओं की ओर से निर्मित प्रदर्शनी का नाम प्रा यशवंत राव केलकर मंडपम दिया गया है, एक साल की कई रचनात्मक कार्यक्रम की झलक, संविधान के 75 वर्ष की जानकारी, आपातकाल के 50 वर्ष की जानकारी, बिरसा मुंडा के 150वीं जयंती की तस्वीरों के माध्यम से कई ऐतिहासिक जानकारी दी जाएगी। अधिवेशन व्यवस्था प्रमुख मंजुल शुक्ला ने बताया कि पूरे प्रदर्शनी को अभाविप के कार्यकर्ताओं द्वारा ही तैयार किया जाता है।

# कोयल नदी से धड़ल्ले से हो रहा बालू का अवैध खनन, तटबंध पर मंडराया खतरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र में स्थित कोयल नदी से बालू का अवैध खनन और परिवहन लगातार जारी है। नदी के विभिन्न घाटों से दर्जनों ट्रैक्टरों के माध्यम से दिन-रात बालू का अवैध उठाव किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कोयल नदी के मोखापी, सोहगड़ा, जयनगरा, कोरगांई, रानाडीह सहित अन्य घाटों से रातभर अवैध खनन किया जा रहा है ।मोखापी के सामने कोयल नदी में बने गाइड बांध को काटकर लगभग 100 मीटर की दूरी पर बालू का खनन किया जा रहा है, जिससे तटबंध के अस्तित्व पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। लगातार हो रहे खनन के कारण नदी के भीतर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। मोखापी क्षेत्र में ट्रैक्टरों के आवागमन के लिए तटबंध को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। मोखापी गांव के आगे पश्चिमी किनारे पर बना तटबंध समाप्त हो जाता है, जिससे अवैध खनन का दुष्प्रभाव और भी गंभीर हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि नदी में बने गड्ढों में बरसात के दौरान पानी भर जाने से भविष्य में मानव जीवन के लिए बड़ा खतरा उत्पन्न हो सकता है। पूर्व में जान-माल के नुकसान की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। वहीं, रात्रि में तेज गति से दौड़ते ट्रैक्टरों की आवाज के चलते ग्रामीणों में लगातार भय का माहौल है। स्थानीय लोगों की मानें, तो कोरगांई मोखापी घाट से सरकोनी के तीन ट्रैक्टर, पतीला से एक ट्रैक्टर, जयनगरा घाट से खरौंधा के दो ट्रैक्टर, चोका से एक ट्रैक्टर, कोरगांई घाट से पांच और सोहगाड़ा घाट से पांच से सात ट्रैक्टर बालू के अवैध परिवहन में लगे हुए हैं। इसके अलावा अन्य घाटों से भी दर्जनों ट्रैक्टर संचालित किए जा रहे हैं। इस तरह के अवैध खनन और परिवहन से सरकार को राजस्व की भारी क्षति हो रही है। बावजूद इसके अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। इस संबंध में पूछे जाने पर जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) राजेंद्र उरांव ने कहा कि यदि कहीं अवैध खनन की जानकारी मिलती है तो जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## नीति आयोग की टीम ने किया चिरका डैम का दौरा, केज एक्वाकल्चर मॉडल की सराहना की

# चिरका डैम में संचालित केज एक्वाकल्चर मॉडल अन्य जिलों के लिए प्रेरणास्रोत: जितेंद्र श्रीवास्तव

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** नई दिल्ली आरइसी लिमिटेड के सीएमडी (भाप्रसे) सह केंद्रीय नीति आयोग के गढ़वा जिला प्रभारी जितेंद्र श्रीवास्तव ने शनिवार को जिले के खजुरी-लगमा क्षेत्र में कृषि गतिविधियों का अवलोकन किया। इसके बाद चिनियां प्रखंड अंतर्गत चिरका डैम का दौरा एवं सीएचसी चिनियां का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके स्साथ डीसी दिनेश यादव, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, सिविल सर्जन डॉक्टर जॉनएफ कैनेडी, जिला मत्स्य पदाधिकारी धनराज आर कापसे और जिला कृषि पदाधिकारी खुशबू पासवान आदि उपस्थित थे। नीति आयोग की टीम ने गढ़वा जिले में संचालित कृषि गतिविधियों का गहन अवलोकन किया। इस दौरान फसलों की स्थिति अच्छी पाई गई एवं सिंचाई सुविधाओं की उपलब्धता के कारण मिट्टी में नमी की स्थिति संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि किसान उन्नत कृषि पद्धतियों जैसे लाइन बुवाई, संतुलित उर्वरक उपयोग एवं समुचित कीट प्रबंधन को अपना रहे हैं। हालांकि किसानों ने सिंचाई की सतत उपलब्धता, कीट प्रकोप, उर्वरक आपूर्ति, जंगली जानवरों से फसल क्षति एवं जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से भी अधिकारियों को अवगत कराया। दौरे के दौरान किसानों को बेहतर उत्पादन के लिए अनुशंसित कृषि पैकेज अपनाने की सलाह दी गई। उधर, दौरे के दौरान जिला मत्स्य पदाधिकारी ने बताया कि चिरका डैम, जो कभी एक सुदूरवर्ती आकांक्षी एवं धरती आबा ग्राम के रूप में जाना जाता था, आज आधुनिक 'केज एक्वाकल्चर' (पिंजरा मत्स्य पालन) के माध्यम से सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन का सशक्त उदाहरण बन चुका है। इस परियोजना के माध्यम से मत्स्यजीवी सहकारी समिति के 165 आदिवासी सदस्यों ने पारंपरिक संघर्षों से बाहर निकलकर उद्यमिता की दिशा में कदम बढ़ाया है। इस अवसर पर नीति आयोग के जिला प्रभारी जितेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि चिरका डैम में संचालित केज एक्वाकल्चर मॉडल यह सिद्ध करता है कि आधुनिक तकनीक, प्रभावी प्रशासन और समुदाय की सहभागिता से सुदूर एवं आदिवासी क्षेत्रों को भी आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाया जा सकता है। यह मॉडल अन्य जिलों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वहीं, डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि कृषि, मत्स्य एवं स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में समन्वित विकास को बढ़ावा देते हुए योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। चिरका डैम एवं कृषि गतिविधियों में दिख रहा परिवर्तन इसी सोच का परिणाम है। उधर, चिरका डैम निरीक्षण के बाद नीति आयोग की केंद्रीय टीम ने रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत चिनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। जहां गढ़वा जिला के सिविल सर्जन डॉ जॉन एफ कैनेडी एवं चिनियां की चिकित्सा प्रभारी डॉ पल्लवी कुमारी वे स्वास्थ्य केंद्र का प्रतिनिधित्व किया। डॉ पल्लवी कुमारी ने बताया कि चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की कमी के कारण अस्पताल का संचालन चलंत चिकित्सकों एवं आउटसोर्स व्यवस्था के माध्यम से किया जा रहा है।

**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**
**जिला- लातेहार**

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 31/2025–26**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पंचायत, लातेहार अन्तर्गत अवस्थित **Tertiary Secondary Unit & Store Center Latehar** एवं **Composte Bed Center** हेतु **BALING & SHREADING MACHINE** की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन किया जाना है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता/ निर्माता से मुहरबंद निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय अलग–अलग) आमंत्रित किया जाता है। संबंधित सयत्रों के क्रय हेतु निर्माता आपूर्तिकर्ता अथवा अधिकृत बिक्रेताओं से **दिनांक 03.01.2026 के 2.00 बजे अपराहन् तक** मुहरबंद निविदा आमंत्रित किये जाते है, जो नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। साथ ही उक्त निविदा को **दिनांक 03.01.2026 को अपराहन् 3.00** बजे निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के समक्ष निविदा समिति के द्वारा खोला जायेगा। निविदादाता के द्वारा विहित प्रपत्र में क्रय किये जाने वाले **BALING & SHREADING MACHINE** का अलग–अलग विवरण भर कर निविदा के साथ समर्पित किया जायेगा, जिसका प्रारूप निम्नवत है:–

| S. No | Company/ Product Name | Specification | Image | Quantity | Rate with GST & All Complete |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 01 | | | | | |
| 02 | | | | | |

**नियम एवं शर्त**

1. निविदादाता को आयकर एकनॉलेजमेंट (विगत तीन वित्तीय वर्षों का), अध्यतन पैन कार्ड एवं जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन, 3B रिर्टन का प्रमाण पत्र, ISO 9001:2015, MSME प्रमाण पत्र, उच्चतम गुणवता वाले मशीन होने का शपथ पत्र, संबंधित कम्पनी के अधिकृत बिकेता होने का प्रमाण पत्र, फर्म के निबंधन का प्रमाण पत्र, फर्म के काली सूची में नहीं होने एवं आपूर्ति किये जाने वाले संयत्रों के दो वर्षो के रख–रखाव का शपथ पत्र, फर्म का ऑडीट रिर्पोट (विगत तीन वर्षो का) आपूर्ति की जाने वाली संयत्रों का रंगीन कैटलॉग जमा करना अनिवार्य होगा। संबंधित क्षेत्र में किये गये आपूर्ति का भुगतान प्रमाण/कार्यादेश को प्राथमिकता दी जा सकती है।
2. निविदादाता को सामानों की आपूति प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान एवं सभी कर सहित **दर को स्पष्ट रूप से अंकित कर** निविदा देनी होगी एवं सशर्त निविदा मान्य नहीं होगा। आपूर्ति किये जाने वाले संयत्रों की संख्या धटाई या बढाई जा सकती है।
3. निविदादाता को निविदा के साथ **5,000.00 (पॉच हजार)** रूपये का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चेक जो **Executive Officer, Nagar Panchayat Latehar** के नाम से देय हो निविदा शुल्क के रूप में जमा करना अनिर्वाय होगा। जिसे वापस नहीं किया जायेगा।
4. निविदा का निष्पादन निविदा समिति के (Procurement Committeee) द्वारा किया जायेगा। आवश्कता पडने पर निविदादाता को आपूर्ति किये जाने वाले सयत्रों का **Presentation** निविदा समिति के समक्ष करना पड सकता है।
5. निविदादाता को सामाग्रियों की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन कार्यादेश निर्गत की तिथि से 30 दिनों के अन्दर करना होगा। इसके लिये अलग से कोई राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा।
6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने अथवा एक से अधिक निविदादाताओं के बीच बाटने का पूर्ण अधिकार निविदा समिति को सुरक्षित होगा तथा उन्हे कही चुनौती नहीं दी जा सकेगी।
7. किसी भी तरह के विवाद का निष्पादन लातेहार न्यायालय में ही मान्य होगा तथा विलम्ब से भुगतान के लिये अगल से कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।
8. निविदादाता द्वारा आपूर्ति एवं अधिष्ठापित किये गये सयत्रों के गुणवता का प्रमाण पत्र कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता, नगर पंचायत, लातेहार से उपलब्ध कराने के उपरान्त ही आपूर्ति किये गये सामग्रीयों की राशि का भुगतान सभी कर (Tax) एवं सुरक्षित जमा राशि मद में कटौती करते हुए किया जायेगा।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 369098 Urban Development(25-26)#D

# बिचौलियों से बचें और धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर ही धान बेचें किसान: उपायुक्त

## कहा- प्रति क्विंटल 2450 रुपये की दर से सरकार एकमुश्त करेगी भुगतान

**डीसी ने जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

आजाद सिपाही संवाददाता



जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीसी डॉ ताराचंद एवं अन्य।

**लोहरदगा।** डीसी डॉ ताराचंद ने शनिवार को समाहरणालय परिसर से आपूर्ति विभाग के तीन जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान डीसी ने किसानों से अपना धान जिला के निर्धारित 25 धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर ही जमा करने की अपील की। बताया कि इसमें सरकार की ओर से किसानों को प्रति क्विंटल 2450 रुपये की दर से एकमुश्त भुगतान किया जाएगा। जिला में धान अधिप्राप्ति 15 दिसंबर से शुरू है। धान अधिप्राप्ति के लिए किसान अपना रजिस्ट्रेशन खुद ई-उपार्जन मोबाइल एप के माध्यम से कर सकते हैं। इसमें रजिस्ट्रेशन के बाद अपना स्लॉट बुक कर सकते हैं। साथ ही अद्यतन स्थिति देख सकते हैं। किसी भी जानकारी के लिए टॉल फ्री नबंर 1967 या 180002125512 पर कॉल कर सकते हैं। जिला में निर्धारित सरकारी धान अधिप्राप्ति केंद्रों में 21 लैम्प्स और 4 एफपीओ शामिल हैं। 25 धान अधिप्राप्ति केंद्रों में लोहरदगा प्रखण्ड का हेसल लैम्पस, निंगनी लैम्पस, मन्हो लैम्पस, बाघा लैम्पस, जोरी लैम्पस, कुडू प्रखण्ड का कोलसिमरी लैम्पस, कुडू लैम्पस, ककरगढ़ लैम्पस, लावागाई लैम्पस, चन्दलासो लैम्पस, किस्को प्रखण्ड का अरेया लैम्पस, किस्को लैम्पस, हेसापीड़ी लैम्पस, खरकी लैम्पस, जोडा सखुवा एफपीओ, सेन्हा प्रखण्ड का सेन्हा लैम्पस, बुटी लैम्पस, अलौदी लैम्पस, सुखसम्पदा एफपीओ, सेन्हा एग्रो एफपीओ, बदला लैम्पस, कैरो प्रखण्ड का सढाबे लैम्पस, हनहट लैम्पस, नौशाद एग्रो एफपीओ और भण्डरा प्रखण्ड का गडरपो लैम्पस शामिल है। इस मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनीष कुमार, डीसीएलआर सुजाता कुजूर, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अजय अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### 100 फीसदी राजस्व वसूली के लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** डीसी डॉ ताराचंद ने शनिवार को सभी पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय सभाकक्ष में राजस्व संबंधित बैठक की। जिसमें सभी संबंधित जिला स्तरीय विभागों एवं अंचल अधिकारियों को वर्तमान वित्तीय वर्ष के लक्ष्य को बाकी बचे माह के अंदर पूर्ण करने निर्देश दिया। बैठक में खनन, परिवहन, उत्पाद, वाणिज्यकर, नहर-अंचल, विद्युत, नगर परिषद, निबंधन के राजस्व आदि सहित म्युटेशन, सुओ-मोटो म्युटेशन, सक्सेसन म्युटेशन, लैंड डिमार्केशन, ऑफलाइन नामांतरण, ई-रेवेन्यु कोर्ट, परिशोधन पोर्टल पर मामले, भूमि-स्वामित्व प्रमाण-पत्र, विभिन्न विभागों द्वारा भूमि की अधियाचना, जाति-आवासीय-आय प्रमाण-पत्र, लोक भूमि अतिक्रमण आदि के मामलों की समीक्षा कर लंबित मामलों को निष्पादित करने का निर्देश दिया। इस मौके पर अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी जय शंखी मुर्मू, खनन पदाधिकारी राजा राम प्रसाद, उत्पाद अधीक्षक अनिल शर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# कार्यकर्ताओं में पारिवारिक आत्मीयता जैसा स्नेह हो तो संगठन विस्तार और मजबूती आती है: अर्जुन मुंडा

**- विशुनपुर जाने के क्रम में पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मिले पूर्व मुख्यमंत्री**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** कार्यकर्ताओं के बीच कभी-कभी अनौपचारिक बैठकें भी होनी चाहिए। जिसमें प्रोटोकॉल की कोई जगह न हो। जिसमें हंसी-मजाक हो, खुल कर बातें हों। उक्त बातें पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कही। वे शनिवार को रांची से विशुनपुर जाने के क्रम में बक्सीडीपा स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं सो संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के बीच पारिवारिक आत्मीयता जैसा स्नेह हो, तो संगठन का विस्तार और मजबूती आती है। कहा हमारी पहचान सिर्फ संगठन के दायित्व से न हो, बल्कि हमारे व्यक्तित्व और पार्टी के प्रति हमारी कर्मठता से हो। पार्टी का दायित्व हमें जिम्मेवार कार्यकर्ता बनाता है। जनता अपनी समस्याओं का समाधान चाहती है। दायित्व में रहते हमें उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बातचीत के क्रम में लोहरदगा की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, श्रीचंद प्रजापति, अजय पंकज, अनिल उरांव, बाल कृष्णा सिंह, नवीन कुमार टिंकू, सामेला बाखला, रिपुसूदन साहू, राजकुमार वर्मा, ओम गुप्ता, पवन तिग्गा, कृष्णा मोदी, विश्वजीत भारती, रामलाल उरांव, बजरंग करुवा, राजकुमार मुंडा, संगीता, कुशवाहा, शंकर प्रजापति, सरस्वती देवी, विमल कांत सिंह, निधि कांत, लाल निरंजन, अमरेश भारती, रामकुमार खेरवार, विक्की कुशवाहा, कृष्णा उरांव, मुन्नी उरांव, राजेश महतो और प्रदीप खत्री आदि उपस्थित थे।

### पार्टी के बीमार नेता से घर जाकर मिले

पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने बदला निवासी भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजकिशोर महतो के अवस्थ्य होने की जानकारी दी। इस पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा उनके घर जा कर मुलाकात किये। उनका कुशल क्षेम जाना और जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की। गौरतलब हो कि राजकिशोर महतो कुछ दिनों से बीमार है। उनका इलाज रांची के राज हॉस्पिटल से चल रहा है।

### भाजपा कार्यकर्ताओ ने सीखा एसआइआर के नियम

पार्टी कार्यालय में प्रोजेक्टर के माध्यम से कार्यकर्ताओं को एसआइआर करने से सबंधित जानकारी दी गयी। इस संबंध में उपाध्यक्ष अनिल उरांव ने बताया कि कार्यकर्ता खुद के परिवार सहित समाज को एसआइआर से सबंधित सही जानकारी देंगे, ताकि मतदाता सूची से उनका नाम न कटे और समय से उनका एसआइआर हो जाय।

## ट्रैक्टर चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय के सदर थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान श्याम उरांव (33) के रूप में हुई है। पेशे से ट्रैक्टर चालक श्याम इरगांव का रहने वाला था। उधर, घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने मौत पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। जानकारी के अनुसार, श्याम उरांव शुक्रवार की दोपहर दो बजे अपने घर से ट्रैक्टर चलाने के लिए निकला था। इसी बीच, उसके भाई मंटू उरांव को फोन पर सूचना मिली कि श्याम का दुर्घटना हो गया है। उसका पैर टूट गया है। सूचना मिलते ही परिजन आनन-फानन में घटनास्थल की ओर निकले। मृतक के भाई मंटू उरांव ने बताया कि जब वे रास्ते में थे, तभी उन्होंने देखा कि ट्रैक्टर मालिक बिरसा उरांव और कुछ अन्य लोग श्याम को एक स्कॉर्पियो में लेकर आ रहे हैं। मंटू ने देखा कि श्याम के पैर में नहीं, बल्कि सिर पर गंभीर चोट के निशान थे और उसकी हालत अत्यंत नाजुक थी। उसे तुरंत सदर अस्पताल लाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। मृतक के भाई का कहना है कि उन्हें नहीं पता कि असल में घटना कैसे हुई। फोन पर कुछ और बताया गया, जबकि चोटें कुछ और बयां कर रही हैं। परिजनों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। बता दें कि मृतक श्याम उरांव अविवाहित था और घर का कमाऊ सदस्य था।

## बाइक सवार ने बस में पीछे से मारी टक्कर, दो घायल

**कुडू/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू-रांची मुख्य पथ एनएच-75 पर ढुलूवा खुटा पुल के समीप शनिवार की दोपहर 2.30 बजे सड़क दुर्घटना में दो किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, एक बाइक सवार ने आगे चल रही बस में पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी पहचान किसको थाना क्षेत्र के सल्या कासी टांड़ निवासी हीरालाल लोहरा (18) और सैगर मुंडा (17) के रूप में हुई है। उसकी सूचना मिलते ही कुडू थाना की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।

## डिस्ट्रिक्ट लेवल नेशनल यूथ फेस्टिवल-2025 का आयोजन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** पर्यटन कला संस्कृति, खेलकूद, युवा कार्य विभाग की ओर से डिस्ट्रिक्ट लेवल नेशनल यूथ फेस्टिवल-2025 का आयोजन नगर भवन में हुआ। इसमें आर चुन्नीलाल प्लस टू उच्च विद्यालय, शिशु विद्या मंदिर विद्यालय, ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल, मधुसूदन महिला कॉलेज एवं बीएस कॉलेज के साथ ही लोहरदगा के अन्य विद्यालयों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें लोक सामूहिक नृत्य, सामूहिक गीत, भाषण, चित्रकला एवं कविता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने सम्मानित किया। ये सभी प्रतिभागी 23 दिसंबर को रांची में होने वाले राज्य स्तरीय यूथ फेस्टिवल-2025 में लोहरदगा जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## कंटेनर चालक से मारपीट कर सोने की चेन और नकदी लूटी

**सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सी डीपा के पास एक कंटेनर चालक के साथ मारपीट और लूटपाट का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत कुडू निवासी पीड़ित चालक चांद खान के आवेदन पर सेन्हा पुलिस ने नगरपालिका संवेदक आसिफ कयूम एवं अन्य तीन-चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पीड़ित चालक चांद खान ने पुलिस को बताया कि वह लोहरदगा से अपने कंटेनर वाहन में कार्टून लादकर छत्तीसगढ़ के रायपुर जा रहा था। इसी दौरान बक्सी डीपा के पास चुंगी वसूली कर रहे नगरपालिका संवेदक आसिफ क्यूम और उनके सहयोगियों ने वाहन को रोका। आरोप है कि संवेदक एवं अन्य लोगों ने चालक के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। चांद खान का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उनके गले से सोने की चेन और पॉकेट में रखे 10 हजार रुपये नकद छीन लिए। घटना के बाद पीड़ित ने तत्काल थाने पहुंचकर सुरक्षा की गुहार लगाई और लिखित शिकायत दर्ज कराई। उधर, सेन्हा थाना प्रभारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए नगरपालिका संवेदक आसिफ क्यूम एवं अन्य 3-4 अज्ञात लोगों के खिलाफ शुक्रवार की रात मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की छानबीन के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# छात्र-छात्राएं शिक्षा को बनायें अपने जीवन का हथियार: निशीथ जायसवाल

**लोहरदगा बीएस कॉलेज में मनाई गई कॉलेज फ्रेशर डे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** बलदेव साहू (बीएस) महाविद्यालय में जिला कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई की ओर से शनिवार को फ्रेशर डे कार्यक्रम आयोजित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मेहंदी, पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में प्रतिभागी भाग लिए। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल के अलावा विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ सुनंदा दास, प्राचार्य डॉ शशि कुमार गुप्ता आदि शामिल हुए। सभी का स्वागत एवं कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव और जिला अध्यक्ष मनौव्वर आलम ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत निशीथ जायसवाल और डॉ सुनंदा दास ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं ने हजारों लोगों की भीड़ में डांस, पेंटिंग, मेंहदी, फैशन, जैसे आयोजनों में भाग लेकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य एवं विशिष्ट अतिथों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर निशीथ जायसवाल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से छात्रों के जीवन में एक अलग पहचान दिखाता है। आज छात्र जीवन में शिक्षा के साथ सांस्कृतिक प्रतिभा खेल जैसे प्लेटफॉर्म को छात्र अपने प्रतिभा का लोहा बनवा रहे है। छात्र जीवन भविष्य का निर्माण करती है। छात्र शिक्षा को अपने बेहतर भविष्य के लिए हथियार बनाए। सफलता कदम चूमेगी। वहीं, विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने कॉलेज और छात्रों के विकास के लिए अपने विधायक मद से लाइब्रेरी का निर्माण कराने एवं छात्रावास के साथ लाइब्रेरी में पुस्तक की व्यवस्था की है। वहीं, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू द्वारा लगातार बलदेव साहू महाविद्यालय के विकास के लिए अनेकों कार्य किये जा रहे है। खेल के लिए स्टेडियम का निर्माण लोहरदगा के लिए एक कृतिमान स्थापित करती है। जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ सुनंदा दास ने कहा 'छात्र जीवन' जीवन का सबसे बड़ा संघर्ष है। आज सभी छात्र संकल्प लें कि शिक्षा, अनुशासन, खेल के साथ सांस्कृतिक जैसे जगहों में बेहतर कार्य कर अपने आने वाला का कल को बेहतर बनायेंगें। इस मौके कर जिला युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, सतीश जयसवाल, असलम अंसारी के अलावा लोहरदगा जिला एनएसयूआई के प्रदेश सचिव सविता कुमारी, जिला उपाध्यक्ष रोशन राम, जिला महासचिव शैलेश कुमार, विकास राम, सोहेल अंसारी, जिला सचिव सकलेन मुश्ताक, रितिका कुमारी, रंजीता एक्का, ईशा रानी, दिव्या हर्षित, साइका तकि एवं फलक नाज आदि मौजूद रहे।

# लोहरदगा में घने कोहरे का कहर ठंड से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

## सड़कों पर बढ़ा हादसे का खतरा, स्कूल जाने वाले बच्चे परेशान



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले में ठंड बढ़ने के साथ ही घने कोहरे ने आम जनजीवन और यातायात व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। शनिवार की सुबह 7 बजे लोहरदगा शहर के अधिकांश इलाके घने कोहरे की चादर में लिपटे नजर आए। दृश्यता बेहद कम होने के कारण सड़कों पर चलना खतरे से खाली नहीं रहा। बतातें चलें कि बीते कई दिनों से जारी कोहरे का असर जिले के प्रमुख मार्गों पर ज्यादा देखने को मिल रही है। सुबह के समय हालात इतने खराब रहे कि कई जगहों पर 20 से 40 मीटर के बाद आगे का रास्ता साफ दिखाई नहीं दे रहा था। इस स्थिति में बस, ट्रक, कार, दोपहिया वाहन के साथ ही स्कूल वाहनों का संचालन भी बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया है। अचानक सामने वाहन आ जाने पर चालकों को तेज ब्रेक लगाना पड़ता है, जिससे पीछे से आ रहे वाहनों के टकराने का खतरा और बढ़ जाता है। कई चालक मजबूरी में हेडलाइट जलाकर बेहद धीमी रफ्तार से वाहन चला रहे हैं, फिर भी हादसों की आशंका पूरी तरह खत्म नहीं हो पा रही है। रात के मुकाबले सुबह के समय कोहरे का प्रभाव अधिक रहने से यातायात व्यवस्था सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही है। घने कोहरे का असर सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। स्कूल बसें और ऑटो देर से पहुंच रहे हैं, जिससे बच्चों को समय पर स्कूल पहुंचने में परेशानी हो रही है। जिले के जलस्रोतों के आसपास कोहरा और भी घना हो जाता है। शंख नदी, सीठीयो कोयल नदी, बांकी नदी और कंदनी नदी के पुलों के पास, कूडू-चंदवा मुख्य मार्ग एवं नालों से होकर गुजरने वाली सड़कों पर कोहरे का असर लंबे समय तक बना रहता है।

# मूलभूत समस्याओं का निवारण करना ही मेरी पहली प्राथमिकता है : प्रकाश राम



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** विधायक प्रकाश राम ने शनिवार को चंदवा प्रखंड के पूर्वी लाधूप पंचायत के दुधिमाटी गांव में ग्रामीणों की समस्यायें सुनी। कहा कि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधायें मुहैया कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। कहा कि गांवों में अच्छी सड़क, शिक्षा एवं स्वास्थ्य की व्यवस्था करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। इस दौरान कई ग्रामीणों ने विधायक को गांव की समस्याओं से अवगत कराया। बताया कि प्रखंड सह अचंल कार्यालय में उनका कोई काम नहीं होता है। कई बार कार्यालय का चक्कर लगवाया जाता है। इस पर विधायक ने कहा कि अगर ऐसी कोई शिकायत आती है तो उन्हें बतायें। उन्होंने प्रखंड सह अंचल के अधिकारी एवं कर्मचारियों को अपनी कार्यशैली में सुधार लाने की बात कही। कहा कि ग्रामीणों को बेवजह कार्यालयों का चक्कर ना लगवायें। लगे हाथ सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस वर्तमान सरकार के कार्यकाल में पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। किसी भी कार्यालय में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं होता है। इस अवसर पर लाधुप पंचायत के कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन




**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लेदगाई में संचालित संत कलारेट पब्लिक स्कूल में शनिवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन फादर बाला जॉन और प्रिंसिपल फादर जॉर्ज ने सयुंक्त रूप से किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों के बीच झारखंड की कला संस्कृति से जुड़े गीत और नृत्य को भी पेश किया, जिसने सबका मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नागपुरी, मुंडारी, असामिया, राजस्थानी, बंगाली, गालो डांस, छत्तीसगढ़ी, मराठी, गरबा आदि डांस प्रस्तुत खूब तालियां बटोरी। विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से प्रभु यीशु के जन्म की झांकी भी प्रस्तुत की। क्रिसमस संदेश देते हुए फादर जॉन नें कहा कि प्रभु यीशु मसीह का संदेश प्रेम, शांति, आनंद एवं सौहार्द का है। कहा कि किसी भी जीव को कष्ट न दें और प्रेम भाव से जीवन जिएं, तभी प्रभु का आशीर्वाद मिलेगा। इस मौके मौके पर फादर जोशी, अर्चना डूंगडूंग, जोस, नेहा शर्मा, नीता सहाय, नेहा रानी, रजनी आदि मौजूद रहे।

# समिति के नये सत्र के लिए 13 सदस्यीय संचालन समिति गठित




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** हटिया गार्डन स्थित जिला कार्यालय परिसर में शनिवार को हिंदूवादी संगठन जय श्रीराम समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के मुख्य संरक्षक रमेश उरांव ने की। बैठक के बाद समिति की ओर से प्रेस वार्ता कर रमेश उरांव ने बताया कि जय श्रीराम समिति का सत्र 2024-25 की एक वर्ष की अवधि पूरी हो चुकी है। संगठन के कार्यों को सुचारु रूप से संचालित रखने के उद्देश्य से नए सत्र के लिए 13 सदस्यों की संचालन समिति गठित की गई है। यह संचालन समिति आगामी चुनाव संपन्न होने तक संगठन के समस्त दायित्वों का निर्वहन करेगी। बताया कि संचालन समिति में रमेश उरांव, सुषमा सिंह, अजय सोनी, अनूप गुप्ता, परमेश्वर साहू, लक्ष्मी भगत, शैलेश कुमार कुशवाहा, ओम महतो, कन्हैया करवा, हेमंत वर्मा, चंदन साहू, रामकुमार साहू एवं बजरंग करवा को शामिल किया गया है। समिति के माध्यम से संगठनात्मक कार्यों में सामूहिक निर्णय और अनुशासन सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्य संरक्षक रमेश उरांव ने स्पष्ट किया कि जय श्रीराम समिति से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना या बयान मीडिया में केवल संचालन समिति की ओर से अधिकृत विज्ञप्ति के माध्यम से ही जारी किया जाएगा। समिति के नाम पर किसी भी व्यक्ति द्वारा व्यक्तिगत रूप से जारी की गई जानकारी को संगठन की आधिकारिक राय नहीं मानी जाएगी।

## संत गाडगे महाराज व्यक्ति नहीं, विचारधारा थे : अमित



**कुडू/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ कुडू प्रखंड इकाई के तत्वावधान में शनिवार को रामनगर धोबी टोला कुडू, ककरगढ़, सलगी, सुंदरू, पंडरा और ओपा सहित विभिन्न गांवों में स्वच्छता के प्रतीक एवं धोबी समाज के गुरुदेव संत गाडगे महाराज की 69वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। अपने संबोधन में महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि संत गाडगे महाराज व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे। उन्होंने जीवन भर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के अधिकार और न्याय के लिए संघर्ष किया ।शिक्षा, संगठन और जागरूकता का संदेश दिया। कहा कि शिक्षा के बिना समाज का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। वहीं, प्रदेश नेता राजू रजक एवं प्रखंड अध्यक्ष जयधन बैठा सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर वरूण बैठा, दिलीप बैठा, राजा कुमार, पचू बैठा, रामजीत बैठा, सीताराम रजक, गौतम रजक, आकाश बैठा, रूणा बैठा, सुजित रजक, सुभाष रजक, विष्णु बैठा, अनिता देवी, कृष्णा बैठा, अभिषेक कुमार रिंकू आदि उपस्थित थे।

# छह साइबर अपराधी गिरफ्तार



**साइबर नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश जारी है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर।** पुलिस अधीक्षक देवघर श्री सौरभ (भापुसे) के आदेशानुसार साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस उपाधीक्षक राजा कुमार मित्रा के निर्देश में शुक्रवार को छह साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि पालाजोरी थाना अंतर्गत तुरी पहाड़ी स्थित बड़ा चट्टान के नीचे कुछ संदिग्ध साइबर अपराधी सक्रिय हैं, जो फर्जी बैंक, कस्टमर केयर एवं सरकारी पदाधिकारी बनकर आम लोगों को अपने फर्जी नंबरों से कॉल कर ठगी कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर उक्त स्थान पर छापामारी की गयी, जहां से छह साइबर अपराधियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से बरामद मोबाइल फोन एवं सिम कार्ड की प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि ये साइबर अपराधी फर्जी कस्टमर केयर एवं सरकारी पदाधिकारी बनकर विशेष रूप से फोनपे उपयोगकर्ताओं और पीएम किसान योजना के लाभुकों को निशाना बनाते थे।

**छापामारी का स्थान:** पालाजोरी थाना अंतर्गत तुरी पहाड़ी स्थित बड़ा चट्टान के नीचे, जिला देवघर। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः इजहार आलम, उम्र 23 वर्ष, पिता- हाथिम मियां, सा० रघुनाथपुर, थाना- खागा, हिमांशु कुमार दास, उम्र 30 वर्ष, पिता - मनोज कुमार दास, सा० गिधैया, थाना - देवीपुर, परवेज अंसारी, उम्र 27 वर्ष, पिता - सिराज अंसारी, सा० रघुनाथपुर, थाना - खागा, सफाउल अंसारी, उम्र 22 वर्ष, पिता - समसुद्दीन मियां, सा० रघुनाथपुर, थाना -खागा, रमजान अंसारी उर्फ गुड्डु, उम्र 22 वर्ष, पिता - मजिद मियां, सा० ब्रमसोली (असना), थाना - पालाजोरी खुर्शीद अंसारी, उम्र 23 वर्ष, पिता - मोईन अंसारी, सा० बरमसोली, थाना - पालाजोरी सभी अभियुक्त जिला देवघर के निवासी हैं। पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है तथा साइबर नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की भी तलाश जारी है।

**गिरफ्तार साइबर ठगों की अपराध शैली**

पीएम किसान योजना के लाभुकों को फर्जी लिंक भेजकर झांसे में लेकर ऑनलाइन ठगी करना। फर्जी फोनपे/पेटीएम कस्टमर केयर पदाधिकारी बनकर कैशबैक का लालच देकर फोनपे गिफ्ट कार्ड बनवाकर उसे रिडीम कर ठगी करते थे।

# बच्चों में अगर प्रतिभा है तो उसको कुंठित नहीं होने दिया जायेगाः अविनाश देव

**शैक्षिक सत्र 2026- 27 के लिए नामांकन प्रारंभ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** आगामी शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ को लेकर संत मरियम आवासीय विद्यालय में प्रवेश वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में विद्यालय प्रबंधन ने शिक्षा, अधोसंरचना, नवाचार एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि संत मरियम आवासीय विद्यालय शिक्षा, अनुशासन और संस्कार को अपनी आधारशिला मानते हुए निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि बच्चों में अगर प्रतिभा वह पढ़ाई लिखाई के साथ खेल कूद में आगे बढ़ना चाहता है तो संत मरियम विद्यालय परिवार हमेशा उसके साथ खड़ा है। उन्होंने आगामी शैक्षणिक सत्र को और अधिक सुदृढ़, आधुनिक एवं परिणामोन्मुख बनाने के लिए विद्यालय स्तर पर व्यापक तैयारियां की गयी हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय द्वारा बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए कजरी विद्यालय परिसर में उच्चस्तरीय शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधायें विकसित की गयी हैं।

प्रेस वार्ता में यह भी जानकारी दी गयी कि आगामी शैक्षणिक सत्र से अंतरिक्ष ज्ञान केंद्र के तत्वाधान में विद्यार्थियों को आधुनिक विज्ञान एवं तकनीक से जोड़ने की एक नई पहल की जा रही है। इसके अंतर्गत इसरो स्पेस ट्यूटर के माध्यम से विद्यार्थियों को रॉकेट, मिसाइल, ड्रोन तकनीक एवं अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी महत्वपूर्ण व रोचक जानकारियां नियमित रूप से प्रदान की जायेंगी, जिससे छात्रों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार एवं अनुसंधान की प्रवृत्ति विकसित हो सके। आगामी सत्र से स्पेशल स्पोर्ट एकेडमी की स्थापना की जायेगी। प्रधानाचार्य कुमार आदर्श ने कहा कि विद्यालय गुणवत्तापूर्ण एवं समग्र शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विद्यालय प्रबंधन ने जानकारी दिया कि शैक्षिक सत्र 2026- 27 के लिए नामांकन प्रारंभ हो चुका है। फार्म, प्रोस्पेक्टस एवं नामांकन हेतु प्रैक्टिस पत्र भी हॉस्टल ऑफिस में उपलब्ध है। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से उपस्थित सभी पत्रकारों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उक्त मौके पर चैनपुर किड्स स्कूल निदेशक आनंद कुमार, प्रवीण दुबे, समन्वयक रोशन राज, विकास विश्वकर्मा, श्याम किशोर पांडे सहित कई लोग मौजूद रहें।

## सारठ विस क्षेत्र में जेएलकेएम का एकदिवसीय धरना प्रदर्शन, सरकार के खिलाफ उठी आवाज



पालोजोरी (देवघर)। देवघर जिले के साथ प्रखंड झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) द्वारा सारठ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पालोजोरी प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धरना के माध्यम से पार्टी ने स्थानीय जनसमस्याओं को लेकर सरकार और प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया। कार्यक्रम में जेएलकेएम के जिला उपाध्यक्ष देवघर पवन कुमार उर्फ विक्की भाई, अरुण महतो, अमित मंडल, पार्टी के केंद्रीय सचिव रंजीत रवानी, लखी राम महतो एवं शमशेर अंसारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं-जैसे जनसुविधाएं, रोजगार, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य- को लेकर लंबे समय से अनदेखी हो रही है। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गयी, तो आंदोलन को और तेज किया जायेगा। धरना शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## डिवाइन पब्लिक स्कूल जपला में विज्ञान कला प्रदर्शनी



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। डिवाइन पब्लिक स्कूल जपला में शनिवार को विज्ञान एवं चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक रवि कुमार सिंह, प्राचार्य रवि कुमार गुप्ता आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर प्राचार्य श्री गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की स्वस्थ भावना का विकास करती हैं। उन्होंने शिक्षको से छात्रों के लिए प्रेरक एवम बेहतर मार्गदर्शक बनने की अपील की। विद्यालय के निदेशक श्री सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों के अंदर सृजनात्मक शक्ति का विकास होता है। साथ ही उनकी प्रतिभाएं निखरती है। विज्ञान प्रदर्शनी में वाटर साइकल, चंद्रयान-3, भारत की स्थलाकृति, प्रदूषण मुक्त ग्रामीण व शहरी परिवेश, रूम हीटर, ट्रैफिक सिंगल, पवन चक्की, वाटर शुद्धिकरण समेत अन्य मॉडल प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक राजेश शर्मा, राजेश मेहता रविकांत मेहता, खुशी कुमारी, सुनीता कुमारी, विजय मुन्ना समेत छात्र-छात्राओं का सक्रिय योगदान रहा।

## एक साल में ही जर्जर हो गयी करोड़ों की लागत से बनी होटाई-एरुआ मुख्य सड़क



पांकी(पलामू) (आजाद सिपाही)। सड़क निर्माण के एक साल के अंदर करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित पलामू जिले के पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत होटाई-एरुआ मुख्य सड़क जर्जर हो गयी और सड़क पर गड्ढे बन गये हैं। सड़क पर गहरे गड्ढे होने से हादसे का डर बना हुआ है। खास बात यह है कि अभी इस सड़क पर ट्रैफिक मूवमेंट कम है, इसके बावजूद सड़क एक दो बारिश में ही जर्जर हो गयी। निर्माण के एक साल बाद सड़क जर्जर होने से संवेदक के प्रति लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। विधायक के जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता के निरीक्षण में सड़क की अनियमितता को उजागर किया है। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है, जिसके कारण सड़क समय से पहले ही जर्जर हो गयी। जहां-तहां स्पीच कबड़ गया है। उन्होंने कहा कि विभाग और संवेदक की लापरवाही के कारण सड़क की स्थिति ऐसी हुई है। बताया कि संवेदक को सड़क निर्माण के तीन साल तक इसकी फ्री मेंटेनेंस करनी है। लेकिन संवेदक द्वारा सड़क की मेंटेनेंस नहीं किया जा रहा है। अब इस सड़क की हालत खराब होने की वजह से वाहन चालकों को सुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने विभाग और संवेदक से सड़क को ठीक करने की मांग किया है। बताया कि यदि एक सप्ताह के अंदर संवेदक सड़क को मरम्मत नहीं करता है, तो संवेदक पर कार्रवाई के लिए विभागीय अधिकारियों को पत्र लिखा जायेगा।

## ठंड से ठिठुरते लोगों को मिली राहत, पीडीजे ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। झालसा के निर्देश पर पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राम शर्मा ने स्टेशन परिसर में ठंड से ठिठुर रहे लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने स्टेशन के आसपास भिखारी, रिफ्यूजी, दोना व दतवन बेचने वाले लोगों को ठंड से बचने के लिए कंबल दिया। उन्होंने कहा कि कंबल वितरण का कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि डालसा के सचिव राकेश रंजन को निर्देश दिया है कि जिला प्रशासन और नगर निगम के सहयोग से यह अभियान आगे भी जारी रखा जाये। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन, एसडीजेएम कमल प्रकाश, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी एसके गौतम, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी प्रज्ञेश निगम के अलावे न्यायालयकर्मी, पारा लीगल वॉलिंटियर उपस्थित थे।

# सेक्रेड हार्ट स्कूल ने मनाया वार्षिकोत्सव

**बच्चे भगवान का स्वरूप होते हैं : प्रधानाध्यापिका विनिफ्रेड**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शहर के चियांकी स्थित सेक्रेड हार्ट स्कूल में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। दो दिनी वार्षिकोत्सव में पहले दिन जूनियर क्लास के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों को देश के विभिन्न प्रांतों के वेशभूषा में अपनी प्रस्तुति दी। वार्षिकोत्सव को लेकर बच्चे समेत अभिभावकों को खास उत्साह दिखा। बच्चों ने नृत्य के अलावा नाटक का भी मंचन किया।

मौके पर उपस्थित प्रधानाध्यापिका विनिफ्रेड ने उपस्थित अभिभावक और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इसी स्कूल में अनुशासन बेहतर है। जहां पर अनुशासन होता है, वहां का माहौल अच्छा होता है। कैंपस भी साफ और आकर्षक है। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया वह काफी प्रसन्नीय है। बच्चे भगवान का स्वरूप होते हैं। सभी शिक्षक कुशलता पूर्वक बच्चों के अध्यापन कार्य कराने के साथ अनुशासन का पाठ पढ़ाते हैं। उन्होंने सभी शिक्षक और बच्चों को क्रिससम की शुभकामनाएं भी दिया। मौके पर डांस टीचर अमृता अग्रवाल, सोनी कुमारी, रानी कुमारी, दिव्या कुमारी, उषा कुमारी, सोनाली कुमारी, नितेश कुमार, अभिनव कुमार, स्कूल में भाग लेने वाले बच्चे आरवी कुमारी, वैष्णवी कुमारी, अन्विता कुमारी, श्वेता कुमारी, वेदांत कुमार, स्वास्तिक, अभिजीत कुमार, निष्ठा कुमारी मौजूद थे।

# धान अधिप्राप्ति को लेकर उपायुक्त ने जागरूकता रथ को किया रवाना

**किसानों से बिचौलियों से बचने की अपील**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**देवघर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने जिले में धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया के प्रति किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों से अपील की कि वे बिचौलियों के झांसे में न आएं और सरकारी धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर ही उचित समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री करें।

उपायुक्त ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार 15 दिसंबर से धान खरीद की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। धान अधिप्राप्ति कार्य के लिए देवघर जिला अंतर्गत 42 पैक्सों का चयन किया गया है। जिले के लिए धान क्रय का लक्ष्य 3,00,000 (तीन लाख) क्विंटल निर्धारित किया गया है।

उपायुक्त लकड़ा ने कहा कि जागरूकता रथ के माध्यम से गांव-गांव जाकर किसानों को पंजीकरण प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, भुगतान प्रक्रिया एवं समयसीमा से संबंधित समस्त जानकारी दी जायेगी। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे प्रखंड स्तरीय धान अधिप्राप्ति अनुश्रवण समिति की साप्ताहिक बैठक आयोजित कर अधिप्राप्ति कार्यों की नियमित समीक्षा करें।

इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीतिलता किस्कू, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## अभिमन्यु सिंह बने बसपा के प्रदेश महासचिव



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर विस क्षेत्र के वरिष्ठ राजनेता सह समाजसेवी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह को बसपा का प्रदेश महासचिव बनाया गया है। इससे पहले श्री सिंह ने बसपा सुप्रीमों मायावती से दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। मायावती से मिले निर्देश के बाद उन्होंने बसपा के केंद्रीय नेताओं के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर पार्टी के सेंट्रल को-ऑर्डिनेटर सह राज्यसभा सांसद ई. रामजी गौतम, झारखंड प्रभारी नर्मदा प्रसाद अहिरवार, प्रदेश प्रभारी सह पूर्व एमएलसी आरसी त्यागी, प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, प्रदेश जोन प्रभारी पुनीत कुमार अम्बेडकर और प्रदेश जोन प्रभारी अरुण कुमार राम सहित बसपा के कई केंद्रीय नेता मौजूद रहे। अभिमन्यु सिंह ने प्रदेश महासचिव बनाये जाने पर बसपा सुप्रीमों कुमारी मायावती के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बहन मायावती का आशीर्वाद उनके लिए प्रेरणा स्त्रोत है। इधर बसपा के केंद्रीय नेता रामजी गौतम, नर्मदा प्रसाद अहिरवार, रामचंद्र त्यागी, प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा शिवपुजन मेहता, प्रदेश जोन प्रभारी पुनीत कुमार अंबेडकर, अरुण कु राम आदि ने दावा किया कि अभिमन्यु सिंह के प्रदेश महासचिव बनने से झारखंड में पार्टी काफी मजबूत हुयी है।

## जेएलकेएम ने विभिन्न मांगों को लेकर कचहरी परिसर में दिया धरना



**आठ सूत्री मांग पलामू उपायुक्त को दिया ज्ञापन**

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पलामू जिला इकाई के द्वारा जिला अध्यक्ष के तत्वाधान में विभिन्न मांगों को लेकर कचहरी परिसर मेदनीनगर में धरना दिया गया। धरना के माध्यम से पलामू को उप राजधानी घोषित किया जाए, पड़वा प्रखंड में संचालित फेयर माइंस कार्बन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा अवैध कोयला के निकासी पर रोक लगायी जाये, और झारखंड में स्थानीय नीति जल्द से जल्द लागू हो। पलामू में फोर्थ ग्रेड की बहाली परीक्षा आधारित हो। साथ ही बालू के उत्खनन पूरे जिले में अवैध रूप से हो रहा है इसे अभिलंब रोक लगाई जाये, नीलगाय से हो रहे नुकसान किसानों को अभिलंब राहत प्रदान की जाये। जन वितरण प्रणाली में फैले भ्रष्टाचार पर अभिलंब रोक लगाई जाये, और छात्रों की छात्रवृत्ति अभिलंब दिया जाये। इस धरना के माध्यम से 8 सूत्री मांग पलामू उपायुक्त को ज्ञापन दिया गया। जिला अध्यक्ष दिलीप मेहता, अनिकेत मेहता, पुकार नाथ जयसवाल, विकास यादव, दिलीप कुमार दागी, अरुण वर्मा, विनोद गुप्ता, नंदकिशोर यादव, संजय ठाकुर, अभय सिंह, प्रभात सिन्हा, सहित अन्य लोग इस धरना में उपस्थित थे।

## ऑटो-टोटो चालकों के लिए वर्दी अनिवार्य नियम उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई



**देवघर (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार शनिवार को जिला परिवहन कार्यालय, देवघर में पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) लक्ष्मण प्रसाद की अध्यक्षता में शहरी क्षेत्र में संचालित ऑटो एवं टोटो चालकों के लिए वर्दी निर्धारण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में ऑटो एवं टोटो यूनियन के सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में स्पष्ट रूप से बताया गया कि ऑटो चालकों के लिए खाकी वर्दी तथा टोटो चालकों के लिए नीली वर्दी में वाहन परिचालन अनिवार्य होगा। इस ड्रेस कोड का अनुपालन सभी ऑटो एवं टोटो चालकों को करना होगा। नववर्ष से यदि कोई चालक निर्धारित वर्दी में वाहन चलाते हुए नहीं पाया गया, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जायेगी। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि ऑटो एवं टोटो चालक ड्राइवर सीट के आगे किसी भी प्रकार के सवारी को नहीं बैठायेंगे। वहीं, वाहन जांच के दौरान निबंधन, परमिट, बीमा (इंश्योरेंस) एवं वैध ड्राइविंग लाइसेंस की अनिवार्य रूप से जांच की जायेगी। सभी ऑटो एवं टोटो को अपने निर्धारित रूट पर ही वाहन का परिचालन करना होगा। नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। बैठक में यातायात प्रभारी देवघर संजय कुमार, मोटरयान निरीक्षक देवघर अमित कुमार झा, सुभाष तिग्गा, प्रथम कुमार रजवार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन के शिव कुमार राय सहित अन्य कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

# औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर पलामू में बैठक आज : चेंबर अध्यक्ष

**सूबे के वित्त मंत्री, पलामू सांसद, विधायक गण करेंगे कांक्लेव का उद्घाटन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज के प्रांगण में 'पलामू में औद्योगिक विकास की संभावनाएं' पर एक परिचर्चा का आयोजन रविवार को पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज तथा झारखंड में व्यवसायियों का शीर्ष संगठन फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वाधान में होने जा रहा है। इस बैठक में कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर तथा पलामू सांसद वीडी राम करेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पांकी विधायक शशि भूषण मेहता जो झारखंड चैंबर के सदस्य भी हैं, विधायक प्रकाश राम लातेहार, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, प्रथम महापौर मेदिनीनगर अरुणा शंकर तथा झारखंड चैंबर के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा होंगे। चेंबर अध्यक्ष ने एक बैठक कर बताया कि झारखंड बने 25 वर्ष हो गये हर प्रमंडल में 25 वर्षों की सरकार ने औद्योगिक पार्क या औद्योगिक इकाइयों के बढ़ावे के लिए औद्योगिक क्षेत्र बनाकर कुछ ना कुछ औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर कार्य किये हैं लेकिन हमारा प्रमंडल 25 वर्ष बाद भी वंचित है। हम सबों के इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य पलामू प्रमंडल जो तीन विकसित राज्य उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ से घिरा है, जहां रोड़ के कनेक्टिविटी और रेलवे की कनेक्टिविटी भी अच्छी हो गयी है, खनिज संपदा से भरा क्षेत्र है, विद्युत की स्थिति पहले से अच्छी हुई है, पानी के लिए कोयल अमानत के अलावे मलय मंडल डैम है, कोयला प्रचुर मात्रा में है और नक्सलिज्म भी खत्म हुआ है, साथ ही तीन-तीन इंजीनियरिंग कॉलेज से बच्चे पास आउट हो रहे हैं, आईटीआई कॉलेज से बच्चे पास आउट हो रहे हैं, पहले सत्र के 100 डॉक्टर बच्चे हमारे मेडिकल कॉलेज से निकले, हमारे यूनिवर्सिटी से एमबीए और एमसीए बच्चे निकल रहे हैं, प्रचुर मात्रा में लेबर है जिनका रोजगार के अभाव में पलायन हो रहा है।

चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि मुझे विश्वास है, इस कॉन्क्लेव के बाद हमारी आवाज विधानसभा तक गूंजेगी और सकारात्मक प्रभाव होगा तभी हमारा प्रमंडल खुशहाल होगा। चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि इस परिचर्चा में गड़वा चेंबर ऑफ कॉमर्स, लातेहार चेंबर ऑफ कॉमर्स स्थानीय व्यावसायिक संघ, डाल्टनगंज चेंबर ऑफ कॉमर्स, मेदिनीनगर चैंबर ऑफ कॉमर्स सभी को आमंत्रित किया गया है जो अपनी बातों को रखेंगे। एक्जीक्यूटिव बैठक में काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। झारखंड चैंबर के रीजनल उपाध्यक्ष उदय शंकर दुबे ने बताया कल के बैठक में हमारे नये 51 सदस्य पलामू प्रमंडल से बनेंगे।

## परमर्षि कपिल ने दिखाया शांति और सात्विक सुख का मार्ग : स्वामी भाष्कर



मधुपुर (आजाद सिपाही)। शहर के बावनबीघा स्थित प्रसिद्ध कापिल मठ में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन का अद्भुत संगम देखने को मिला। देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु और शिष्य उत्सव में भाग लेने पहुंचे हैं। उत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को मठ परिसर में सामूहिक पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों अनुयायियों ने एक साथ सहभागिता की। शनिवार को भी सुबह आठ बजे सामूहिक पाठ का आयोजन होगा। इस अवसर पर सद्गुरु स्वामी भाष्कर आरण्य गुफा द्वार पर आए और शिष्यों को दर्शन देकर उनका आशीर्वाद प्रदान किया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए स्वामी भाष्कर आरण्य ने कहा कि कापिल मठ के उत्सव के आमंत्रण पत्र में केवल दो शब्द पूजा और उत्सव अंकित रहते हैं। उन्होंने कहा कि जिस धर्मिक अनुष्ठान से सात्विक सुख की अनुभूति होती है, वहीं सच्चा उत्सव है। इस संसार में हर व्यक्ति सुख चाहता है, कोई दुख नहीं चाहता, लेकिन सुख के भी अनेक प्रकार होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इंद्रिय भोग से मिलने वाला सुख क्षणिक होता है, जबकि मानसिक और सात्विक सुख स्थायी शांति प्रदान करता है। कुछ लोग दूसरों को दुख देकर भी सुख महसूस करते हैं, वहीं कोई भूखे को अन्नदान कर सच्चा आनंद प्राप्त करता है। परमर्षि कपिल का दर्शन हमें उसी सात्विक और करुणामय सुख का मार्ग दिखाता है।उत्सव के अंतिम दिन रविवार को श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी और बुंदिया का प्रसाद वितरण किया जायेगा। मठ परिसर में सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर विशेष प्रबंध किये गये हैं, जिससे श्रद्धालु शांतिपूर्ण ढंग से अनुष्ठान में भाग ले सकें।

## क्रिसमस गाइडरीन का आयोजन



बसिया (आजाद सिपाही)। रांची-सिमडेगा मुख्य सड़क पर स्थित मानफोर्ट स्कूल, कोनबीर नवाटोली में क्रिसमस गाइडरीन का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और स्वागत गीत से हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बसिया बीडीओ सुप्रिया भगत उपस्थित रही। उन्होंने विद्यार्थियों को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, प्रेम, करुणा और भाईचारे के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने क्रिसमस के संदेश पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियां, समूह नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। नाटकों के माध्यम से शांति, सेवा और मानवता का संदेश दिया गया, वहीं नृत्य कार्यक्रमों ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिये। इस अवसर पर मानफोर्ट स्कूल के प्रधानाध्यापक ब्रदर विनॉय, ब्रदर सुशील, ब्रदर आनंद, ब्रदर फिलिप, अमर कंडुलना समेत विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। विद्यालय के प्रिंसिपल अवाम शिक्षकों द्वारा अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकगण भी शामिल हुए और बच्चों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम का समापन ब्रदर बिनॉय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन देकर किया गया किया गया। इस आयोजन ने विद्यालय परिसर में आपसी प्रेम,और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया, जिसे सभी ने सराहा।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो की मौत, सात घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को अलग-अलग स्थानों पर हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग घायल हो गये। जिनमें दो की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल गुमला में चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार गंभीर रूप से घायल दो वृद्ध की हालत में सुधार नहीं होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया जा सकता है। घायलों में 60 वर्षीय भद्र उरांव और 65 वर्षीय जम्बवा उरांव शामिल हैं। दोनों सदर प्रखंड के सिलाफारी हुंडरा टोली के निवासी बताए जा रहे हैं। वहीं दूसरी दुर्घटना में घायल काजल कुमारी उर्फ काजल उरांव और अजय उरांव सदर थाना क्षेत्र के ग्राम चंदाली के रहने वाले हैं।



फाइल फोटो

पहली घटना शनिवार की देर शाम करीब 7 बजे की है। यह हादसा भरदा स्कूल के पास हुआ। जानकारी के अनुसार, भद्र उरांव और जम्बवा उरांव बाइक से गुमला शहर से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े और उनके सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं।

हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद स्थानीय राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों की स्थिति को गंभीर बताया है। फिलहाल उन्हें चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। दूसरी घटना पोगरा गांव के पास हुई। चंदाली निवासी काजल कुमारी उर्फ काजल उरांव और अजय उरांव बाइक से चैनपुर से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। इस हादसे में दोनों के पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। हालांकि राहत की बात यह रही कि दोनों ने हेलमेट पहन रखा था, जिसके कारण उन्हें सिर में गंभीर चोट नहीं लगी।

## लोहे के रॉड से मारकर साला को किया घायल

गुमला(आजाद सिपाही)। जारी थाना क्षेत्र के पांची गांव में गाना नहीं गाने पर जीजा उसके दोस्त चार्लेश ने पांची गांव निवासी 22 वर्षीय माइकल पन्ना को लोहे के रॉड से सिर में मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना शुक्रवार की शाम की है। दुर्गम क्षेत्र होने के कारण घायल युवक को परिजन अस्पताल नहीं ले जा पाये। शनिवार की सुबह 9 बजे घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर ले गये। जहां से गुमला रेफर कर दिया गया। गुमला अस्पताल में घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक माइकल उसके जीजा दिलीप और एक अन्य युवक चार्लेश धान ढोने के बाद शराब का सेवन कर रहे थे। इसी बीच चार्लेश ने माइकल को गाना गाने को कहा माइकल द्वारा गाना नहीं गाने पर दिलीप और चार्लेश उसे मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। लोहे के रॉड से सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसे रिम्स रेफर किया गया।

## ऑटो पलटने से व्यक्ति की हुई मौत

रायडीह (आजाद सिपाही)। रायडीह थाना क्षेत्र के नीच खटंगा के पास ऑटो के पलटने से कोबी टोली निवासी 46 वर्षीय कृष्णा उरांव पिता बुधवा उरांव की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कृष्णा शुक्रवार की शाम कांसीर बाजार से ऑटो में सवार होकर अपने घर लौट रहा था ऑटो में क्षमता से अधिक सवारियों को बैठाया गया था ऑटो के ऊपर भी सवारी बैठे थे। चढ़ने के क्रम में ऑटो चढ़ नहीं पाया और पीछे लुढ़कने लगा इसके बाद अनियंत्रित होकर पलट गया। ऑटो पलटने से कृष्णा ऑटो के नीचे दब गया स्थानीय लोगों की मदद से उसे शुक्रवार की शाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायडीह ले जाया गया जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल आने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। शनिवार की दोपहर 12:00 बजे शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

**ट्रैक्टर से गिरकर कुचले जाने से बुधेश्वर उरांव की मौत :** गुमला सिसई थाना क्षेत्र अंतर्गत सिसई बस्ती निवासी 42 वर्षीय बुधेश्वर उरांव उर्फ बुधन की एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। यह हादसा रांचीझगुमला मुख्य मार्ग पर स्थित टोल टैक्स के समीप उस समय हुआ, जब वह बिजली विभाग से संबंधित विद्युत सामग्री लोड कर ट्रैक्टर से गुमला से सिसई की ओर जा रहा था। अचानक ट्रैक्टर से गिरने के बाद उसी ट्रैक्टर से कुचल जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

बुधेश्वर उरांव को जो स्वयं उस ट्रैक्टर का मालिक था।

घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों के बयान आपस में मेल नहीं खा रहे हैं, जिससे मामला और भी रहस्यमय बन गया है। कुछ लोगों का कहना है कि ट्रैक्टर खुद बुधेश्वर उरांव चला रहा था और किसी कारणवश संतुलन बिगड़ने से वह अचानक ट्रैक्टर से नीचे गिर गया। वहीं, कुछ अन्य लोगों का दावा है कि ट्रैक्टर बंगाल के किसी व्यक्ति द्वारा चलाया जा रहा था, जबकि बुधेश्वर ट्रैक्टर पर बैठा हुआ था। इसी दौरान वह गिर पड़ा।

बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर पर बंगाल का एक व्यक्ति भी सवार था, जो हादसे के समय सब कुछ अपनी आंखों के सामने होते देखता रह गया। घटना इतनी अचानक हुई कि किसी को संभलने का मौका नहीं मिला। हादसे के बाद किसी तरह चलते ट्रैक्टर को रोका गया। शनिवार की सुबह 11 बजे सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

## नशा मुक्ति अभियान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम



सिसई (आजाद सिपाही)। रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर में छात्रों के बीच नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य है कि आज अपने क्षेत्र में कम उम्र के युवा नशा की चपेट में आ रहे हैं जिससे उनमें सामाजिक व्यवहार और शिक्षा के प्रति रुचि क्षीण होती जा रही है और वे अवसाद की ओर बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। इस कारण आज हमारे आसपास अनेक दुखद घटनाएं घट रही है। इसी संदर्भ में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की जेंडर सीआरपी लक्ष्मी देवी, चिंतामणि देवी, रीता देवी ने अपने विद्यालय के सभी भैया बहनों को नशा के दुष्प्रभाव को बतलाते हुए नशा मुक्ति का शपथ दिलाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र वर्मा ने आगंतुक समाजसेवी कार्यकर्ताओं का परिचय कराया और अपने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब का दायित्व है कि हम अपने आसपास के समाज को नशा मुक्ति हेतु जागृत करें। इस अवसर पर अपने विद्यालय के शिक्षक गण तथा कर्मचारियों ने भी नशा मुक्ति अभियान का शपथ लिया।

## जन्म-मृत्यु पंजीकरण पर प्रशिक्षण कार्यशाला



गुमला (आजाद सिपाही)। नगर भवन, गुमला में शनिवार को जन्म हो या मरण—जरूरी है पंजीकरण विषय पर जीवनांक (जन्म-मृत्यु) से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो, उप निर्वाचन पदाधिकारी और जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यशाला में जिले के सभी प्रखंडों की 159 पंचायतों के पंचायत सचिव सह जन्म-मृत्यु निबंधक शामिल हुए। उप विकास आयुक्त ने कहा कि जन्म और मृत्यु पंजीकरण एक महत्वपूर्ण दायित्व है, जिसे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करते हुए नागरिकों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र एसआईआर -2 सहित कई कार्यों के लिए आवश्यक है तथा फर्जी प्रमाण पत्रों से बचाव को लेकर सतर्कता जरूरी है। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने प्रक्रिया, नियम व दायित्वों की जानकारी दी। प्रशिक्षण में ढढळ के माध्यम से तकनीकी जानकारी साझा की गयी और 21 दिनों के भीतर प्रमाण पत्र निर्गत करने पर जोर दिया गया।

## जोया कलेक्शन में महिला चोरों की करतूत सीसीटीवी में कैद, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल



गुमला (आजाद सिपाही)। शहर के व्यस्ततम इलाके मधुबाला गली स्थित जोया कलेक्शन दुकान में कपड़ा चोरी का मामला सामने आया है। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कुछ महिलाएं चोरी करते हुए स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हैं। शनिवार की अपराह्न 3 बजे घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये महिलाएं ग्राहक बनकर दुकान में दाखिल हुईं और मौका पाकर कपड़ों की चोरी को अंजाम दिया। चोरी की पूरी वारदात दुकान में लगे कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। फुटेज सामने आने के बाद यह साफ हो गया कि महिलाएं सुनियोजित तरीके से चोरी कर रही थीं। घटना के बाद मधुबाला गली समेत आसपास के दुकानदारों में चिंता का माहौल है। व्यापारियों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। जिससे छोटे दुकानदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। दुकानदारों ने अन्य व्यापारियों से भी अपील की है कि वे ऐसी महिलाओं से सावधान रहें और अपने प्रतिष्ठानों में सतर्कता बढ़ाएं। सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद दुकानदारों के साथ-साथ आम लोग भी महिला की पहचान करने में जुट गये हैं। यदि कोई व्यक्ति इन महिलाओं को पहचानता है या इनके बारे में कोई जानकारी रखता है, तो दुकानदारों को सूचित करने की अपील की गयी है। साथ ही व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई की जाये ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके। फिलहाल यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है और सोशल मीडिया पर लोग अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और आपसी सहयोग से ही इस तरह की चोरी की घटनाओं पर लगाम लगायी जा सकती है।

# 600 लोगों के बीच कंबल का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**डुमरी।** प्रखंड अंतर्गत कटकाही तेतरटोली ग्राम की समाजसेवी रीता कुजूर की ओर से ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से डुमरी, चैनपुर और जारी प्रखंड के लगभग 600 बुजुर्ग महिला और पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी रीता कुजूर ने कहा कि समाज के प्रति सेवा भाव ही उनकी सबसे बड़ी प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनकी सेवा करना उनका नैतिक दायित्व है। इसी सेवा भाव के तहत आज तीनों प्रखंडों में बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि वे अपने गृह जिला के लोगों के बीच सेवा कार्यों के साथ-साथ खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए भी निरंतर प्रयासरत हैं। रीता कुजूर ने बताया कि उनके पिता भारतीय सेना से सेवानिवृत्त थे। बचपन में उन्होंने अपने पिता को ड्यूटी के दौरान बुजुर्गों को कठिनाइयों से जूझते हुए देखा था, जिससे उनके मन में समाज सेवा की भावना जागृत हुई। उन्होंने कहा कि उन्हीं अनुभवों से प्रेरित होकर उन्होंने लगभग 12 वर्ष पूर्व बुजुर्गों की सेवा का संकल्प लिया और तब से निरंतर निष्ठा के साथ इस दिशा में कार्य कर रही हैं। ठंड के मौसम में बुजुर्गों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने समाजसेवी रीता कुजूर के कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। मौके पर अनिल कुमार साहू, असीस ताज, अशोक तिग्गा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप मिंज, महासचिव फिरासत अली उर्फ भोला, राजेश एक्का, सचिन एक्का, बीबीयाना कुजूर, एलिजाबेथ, मकबूल आलम, नारायण रजक, गोरटी बखला, द्रोथिया कुजूर, वाल्टर बखला सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## ठंड को देखते हुए बंद की जाये स्कूल : रमेश

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला में बढ़ते ठंड के प्रकोप को देखते हुए स्कूलों की कक्षाएं बंद करने की मांग सरकार और उपायुक्त से की गयी है। चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने मांग करते हुए कहा है कि मौसम विज्ञान के अनुमान के आधार पर आगामी दिनों में पारा और गिरेगा। ऐसे में कंपकंपाती ठंड में बच्चों को स्कूल जाने पर विवश होना पड़ेगा। यदि स्कूलों की कक्षाएं कुछ दिनों के लिए बंद नहीं की जाती है, तो बच्चों की सेहत के साथ-साथ उनके अभिभावकों के सेहत पर भी असर पड़ेगा। इसलिए ठंड कम होने तक स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया जाये। ऐसे उन्होंने पलामू में होने वाली चैंबर की बैठक में भी इस मुद्दे को उठाते हुए सरकार तक पहुंचाने की बात कही है।

## भाजयुमो जिला अध्यक्ष ने स्कूल बंद करने और अलाव-कंबल की रखी मांग



गुमला (आजाद सिपाही)। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष संदीप कुमार ने कहा कि गुमला जिले में दिनों दिन तापमान गिरता जा रहा है और कोहरे के साथ अप्रत्याशित ठंड ने दस्तक दे दी है। ऐसे में खासकर बुजुर्गों और बच्चों को इस ठंड से बचने की आवश्यकता है। अतः जिला प्रशासन से मांग है कि जिले के सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों को तत्काल अवकाश का निर्देश दिया जाए और नगर परिषद से भी आग्रह है की शहर के विभिन्न चौक चौराहों मे अलाव की व्यवस्था करायें ताकि फुटपाथ के दुकानदारों, दैनिक मजदूरों और राहगीरों को ठंड से राहत मिल सके। शहर में वार्ड और ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से बुजुर्ग, जरूरतमंद और असहाय वृद्धि जनों के बीच कंबलों का वितरण कराया जाये।

## टेलीग्राम के जरिये शेयर निवेश के नाम पर युवती से 1.33 लाख की साइबर ठगी

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला शहर की रहने वाली अंजली कुमारी साइबर ठगी का शिकार हो गयी हैं। शेयर मार्केट में निवेश कर मुनाफा कमाने के लालच में ठगों ने उनसे एक लाख 33 हजार 956 रुपये की ठगी कर ली। यह ठगी आनलाइन प्लेटफार्म टेलीग्राम के माध्यम से की गयी। पीड़िता के अनुसार, बैंक निफ्टी इंट्राडे स्टाक मार्केट नामक ग्रुप से जुड़े मोबाइल नंबर 9783086943 और एक अन्य नंबर से संपर्क कर निवेश करने का झांसा दिया गया। ठगों ने पहले छोटे लाभ का भरोसा दिलाकर विश्वास जीता, जिसके बाद अलग-अलग किस्तों में उनसे रकम ट्रांसफर करायी गयी। जब अंजली कुमारी को ठगी का आभास हुआ तो उसने शनिवार की अपराह्न 3 बजे गुमला थाना में आवेदन देकर साइबर ठगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि ठग अब भी उन्हें लगातार फोन और मैसेज कर अधिक निवेश करने की सलाह दे रहे हैं और मोटा मुनाफा दिलाने का आश्वासन दे रहे हैं।

# बर्तन के बदले खराब मोबाइल खरीद कर भेजा जा रहा बंगाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिला में इन दिनों साइकिल व बाइक में बर्तन व प्लास्टिक के समान लाद कर गांव-गांव में लाउडस्पीकर के माध्यम से पुराने मोबाइल की खरीदी की जा रही है। इन मोबाइल को रांची का फकीर नामक एक व्यक्ति हर माह के अंतिम सप्ताह में गुमला आकर ले जाता है जिन्हें रांची से बंगाल भेज दिया जाता है। जहां खराब मोबाइल को ठीक कर उससे साइबर क्राइम की घटना को अंजाम दिया जाता है। ग्रामीण 50 से 100 रुपये के लालच में पुराने मोबाइलों को इन लोगों के पास बेच देते हैं। शुक्रवार दिन के 2 बजे एक फेरी वाला जो अपना नाम रहीम बताता है और कोलकाता का रहने वाला है ने बताया हम लोग बाल के बदले बर्तन देते हैं साथ ही पुराने मोबाइल को 50 से 100 तक में खरीद लेते हैं। रांची का एक व्यक्ति बस से आकर मोबाइल ले जाता है। बदले में अच्छी खासी रकम मिलती है। रहीम ने बताया बाजार टांड़ में भाड़े के मकान में तीन लोग रहते हैं, और हमारा रोज का यही काम है।

## बाजार टांड में युवक की चाकू मारकर हत्या, क्षेत्र में सनसनी

कामडारा (आजाद सिपाही)। कामडारा थाना क्षेत्र के एक गांव सरिता स्थित बाजार टांड़ में एक 25 वर्षीय युवक की हत्या कर दी गयी। यह घटना शनिवार की शाम करीब 6 बजे घटी। शाम साढ़े आठ बजे तक हत्यारे पुलिस की गिरफ्त से बाहर थे। मृतक की पहचान टिटीही गांव निवासी अनुप साहु के रुप में हुई है। हमलावरों ने मृतक के सीने में चाकू घोंप कर युवक की हत्या कर दी। घटना के बारे में थाना प्रभारी मुकेश कुमार सुमन ने बताया कि शनिवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट में कुछ लोगों के साथ मृतक का विवाद हुआ था। इसके बाद देर शाम में सीने में चाकु से वार कर अनुप की हत्या कर दी गयी। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गयी। संभावना व्यक्त की जा रही है कि आपसी विवाद में घटना को अंजाम दिया गया है। घटना की सुचना पर कामडारा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मृतक के शव को बरामद किया है। मामले की छानबीन में पुलिस जूटी है। एसडीपीओ नजीर अख्तर घटना पर नजर बनाये हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पुलिस हत्यारे की पहचान कर रही है। जल्द ही वह जेल की सालाखों की पीछे होगा।

## ड़ॉ नुसरत हेमंत को नौकरी का ऑफर ऐतिहासिक फैसला : उमर



गुमला (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री नितीश कुमार द्वारा हिजाब खींचने वाली घटना के कारण चर्चा में आई महिला डॉक्टर, डॉ. नुसरत प्रवीण को झारखंड में नौकरी का ऑफर मिला है। डॉक्टर के साथ हुई अमानवीय और शर्मनाक घटना के बाद हेमंत सोरेन के नेतृत्व में और स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के डॉ. नुसरत प्रवीण को झारखंड राज्य में नौकरी देने के कार्य का झामुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष उमर फारूक अंसारी ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से यह साफ हो गया कि झारखंड में बेटियों और डॉक्टरों के सम्मान से कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि डॉ. नुसरत प्रवीण को झारखंड में 3,लाख मासिक वेतन की सरकारी नौकरी, सरकारी फ्लैट, पूर्ण सुरक्षा और सम्मानजनक कार्य वातावरण प्रदान करना नियुक्ति नहीं, सम्मान की जीत है। आगे कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री ने जिन्हें अपमानित किया था, वहीं झारखंड ने इंसानियत की मिसाल पेश की।

## पूर्व अध्यक्ष तेजपाल राम का निधन पर शोक



गुमला (आजाद सिपाही)। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गुमला के पूर्व अध्यक्ष, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षाविद और प्रख्यात समाजसेवी तेजपाल राम का निधन हो गया। उनके निधन की सूचना से जिले के शिक्षा जगत और सामाजिक क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गयी। उनके सम्मान में विद्यालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। तेजपाल राम जी वर्ष 2015 से 2021 तक विद्यालय की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रहे। उनके कार्यकाल में विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और आधारभूत संरचना के विकास में उल्लेखनीय प्रगति हुई। उन्होंने जीवनभर शिक्षा के प्रसार और समाज सेवा को अपना ध्येय बनाये रखा। शोक सभा में प्रबंधन समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह ने उन्हें नमन करते हुए कहा कि उन्होंने गुमला जैसे पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा के उत्थान के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य किया। प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने उन्हें महान मार्गदर्शक बताया। इस अवसर पर सभी आचार्यों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# गोपाल साहू स्कूल घाघरा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** गोपाल साहू पब्लिक स्कूल घाघरा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख सविता देवी, भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी और विद्यालय के निदेशक नीरज कुमार साहू ने संयुक्त रूप से भारत माता और स्वर्गीय गोपाल साहू के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच जलेबी रेस, 100 मीटर व 200 मीटर दौड़, मेंढक रेस, फुटबॉल सहित कई खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बालकों के 100 मीटर दौड़ में शिवम उरांव ने प्रथम, नितेश उरांव ने द्वितीय और प्रिंस उरांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के बाद अतिथियों द्वारा प्रथम से तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि खेलकूद बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। खेल से अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने विद्यालय द्वारा इस तरह के आयोजन की सराहना करते हुए बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी ने कहा कि खेलकूद बच्चों के जीवन में सकारात्मक सोच और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है। ऐसे आयोजनों से बच्चों की छिपी प्रतिभा निखर कर सामने आती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए निरंतर अभ्यास से सफलता प्राप्त करने की बात कही।मौके पर अनंत देवघरिया, शिवानी सिंह, ललित वर्मा, स्वाति वर्मा, उत्तम प्रजापति, संगम सिंह, आंचल देवरिया, आकृति कश्यप, नीलम कुमारी, पिंकी कुमारी, गीता कुमारी, विवत्सु पांडे, सुमेधा कुमारी, रोशन कुमार भगत, लीलावती देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

घाघरा (आजाद सिपाही)। मोंटेसरी पैराडाइज एकेडमी में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड झारखंड के तत्वावधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में स्काउट एंड गाइड के अनुभवी ट्रेनर देव आदित्य कुमार मिश्रा और अजीत सिंह द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के उपयोगी और व्यवहारिक प्रशिक्षण दिये। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को आत्मरक्षा, ड्रिल परेड, मेडिकल रेस्क्यू, आपदा प्रबंधन की प्राथमिक जानकारी, अनुशासन से संबंधित अभ्यास तथा विभिन्न प्रकार के क्लैप के माध्यम से टीमवर्क और एकाग्रता बढ़ाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने बच्चों को जीवन में अनुशासन, सेवा भावना और आत्मनिर्भर बनने का संदेश भी दिया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और नई-नई गतिविधियों को सीखने में विशेष रुचि दिखाई। शिविर में विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे।

# हथियारों के साथ चार अपराधी गिरफ्तार

**निरसा थाना के एमपीएल ओपी क्षेत्र में पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

**आरोपियों के पास से दो देसी पिस्टल, चार जिंदा कारतूस, तीन मैगजीन, तीन बाईक और दो मोबाइल फोन बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**निरसा (धनबाद)।** निरसा थाना अंतर्गत एमपीएल ओपी क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी आपराधिक वारदात की योजना को समय रहते नाकाम कर दिया। गुप्त सूचना के आधार पर की गयी कार्रवाई में पुलिस ने नीलकुठी मोड़ के पास से हथियारों के साथ चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार 19 दिसंबर 2025 की रात करीब 8:30 बजे सूचना मिली थी कि 5-6 संदिग्ध अपराधी अवैध हथियारों के साथ एमपीएल ओपी क्षेत्र के नीलकुठी मोड़ के आसपास इकट्ठा होकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, धनबाद के निर्देश पर निरसा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया।

रात करीब 9:55 बजे पुलिस टीम नीलकुठी मोड़ पहुंची, जहां तीन मोटरसाइकिलों के साथ खड़े संदिग्धों को घेर लिया गया। पुलिस को देखकर सभी आरोपी भागने लगे, जिसमें चार को मौके पर ही पकड़ लिया गया, जबकि एक आरोपी फरार हो गया।

तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से दो देशी पिस्टल, चार जिंदा कारतूस, तीन मैगजीन, तीन मोटरसाइकिल तथा दो मोबाइल फोन बरामद किये गये। पूछताछ में आरोपियों ने निरसा क्षेत्र स्थित एक पेट्रोल पंप में लूटपाट की योजना बनाने की बात स्वीकार की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शेख हाजिरुल, शेख दिलावर, सद्दाम अंसारी उर्फ भोलू और शेख आरिफ के रूप में हुई है। सभी आरोपी निरसा थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव के निवासी बताए जा रहे हैं।

इस संबंध में निरसा थाना के एमपीएल ओपी कांड संख्या 630/2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता और आर्म्स एक्ट की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है।

# सच्ची खुशियां बांटना ही पर्व का संदेश है : डॉ कोमल

**क्रिसमसः प्रेम, बलिदान और नयी आशा का पर्व**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** क्रिसमस का पर्व आते ही हृदय में एक अनोखी उमंग जाग उठती है। ठंडी हवाओं में घंटियों की झंकार, रंग-बिरंगी लाइटों की चमक और घरों में महकते केक की खुशबू - सब कुछ हमें याद दिलाता है कि यह सिर्फ. एक त्योहार नहीं, बल्कि ईश्वर के असीम प्रेम का उत्सव है। यह उक्त जानकारी निजी प्रेक्टिस फिजियोथैरेपिस्ट डॉ कोमल ने दी।

उन्होंने बताया कि आज से लगभग दो हजार वर्ष पहले, इजराइल के छोटे से नगर बेथलेहम में एक साधारण गोशाले में संसार के उद्धारकर्ता यीशु मसीह का जन्म हुआ। मरियम और यूसुफ जैसे निर्धन माता-पिता, ठंडी रात, और चरवाहों की रखवाली - उस छोटे से शिशु ने आकर संसार को सबसे बड़ा तोहफा दियाः खुद को। स्वर्गदूतों ने गाया, 'आज दाऊद के नगर में तुम्हारे लिए एक उद्धारकर्ता उत्पन्न हुआ है।' यह जन्म हमें सिखाता है कि ईश्वर का प्रेम कितना विनम्र और पहुंच योग्य है। वह राजमहलों में नहीं, बल्कि गरीबों के बीच आया। यीशु का जीवन हर पल प्रेम और सेवा का जीवंत उदाहरण है। बचपन से ही वे ईश्वर के कार्य में लगे रहे। जब वे बड़े हुए, तो गलील की सड़कों पर घूमकर लोगों को सिखाया। पहाड़ पर बैठकर दिये गये उनके उपदेश 'धन्य वचन' आज भी लाखों दिलों को छूते हैं। 'धन्य हैं वे जो मन के दीन हैं', 'धन्य हैं वे जो दया करते हैं', 'धन्य हैं वे जो शांति स्थापित करते हैं' - ये शब्द हमें बताते हैं कि सच्ची खुशी धन-दौलत में नहीं, बल्कि विनम्रता, दया और प्रेम में है।

यीशु ने रोगियों को छुआ, अंधों को आंखें दी, कोढ़ियों को शुद्ध किया और पापियों को कहा, 'तेरा विश्वास तुझे बचा लेगा।' उन्होंने कभी किसी को तुच्छ नहीं समझा। यीशु का सबसे बड़ा बलिदान क्रूस पर हुआ। निर्दोष होने पर भी उन्होंने हमारे पापों का बोझ उठाया। कीलों से छिदे हाथ-पांव, कांटों का मुकुट, और अंतिम शब्द -'हे पिता, इन्हें क्षमा कर, क्योंकि ये नहीं जानते कि क्या कर रहे हैं।' यह प्रेम कितना गहरा है! क्रूस पर मरकर वे तीसरे दिन जी उठे, और मौत पर विजय प्राप्त की। यह पुनरुत्थान हमें आशा देता है कि अंधेरी रात के बाद सुबह अवश्य आती है।

क्रिसमस हमें यीशु की इन शिक्षाओं को जीवन में उतारने का अवसर देता है। आज के व्यस्त जीवन में, जब स्वार्थ और झगड़े बढ़ रहे हैं, हमें उनके प्रेम को याद करना चाहिए। एक-दूसरे की मदद करें, गरीबों को दान दें, परिवार के साथ समय बिताएं और दिल से क्षमा करें। यह पर्व हमें बताता है कि सच्ची खुशी बांटने में है। जब हम यीशु के प्रकाश को अपने जीवन में जगह देते हैं, तो हमारा हृदय भी रोशनी से भर जाता है। मेरे प्रिय यीशु, आपका अनंत धन्यवाद कि आप हमारे लिए आये, हमारे लिए जिए और हमारे लिए मरे। इस क्रिसमस पर, हम आपके चरणों में अपना हृदय समर्पित करते हैं। आपका प्रेम हमें नयी ताकत, नयी आशा और नया जीवन दे।

## सौरव सिंह पर गोलीबारी: चार पर एफआइआर



धनबाद (आजाद सिपाही)। धनबाद के व्यवसायी पारस सिंह के पुत्र सौरव सिंह पर निरसा पेट्रोल पंप में गोलीबारी की घटना के बाद परिजनों ने प्रेस वार्ता की। परिजनों ने बताया कि प्रीतम सिंह, अमित साहू उर्फ निकू साहू, मंटू सिंह और अजीत सिंह पर एफआईआर दर्ज की गयी है। आरोप लगाया गया है कि गोलीबारी के पीछे लेनदेन या व्यावसायिक मामला हो सकता है। सौरव की गाड़ी से 2 लाख रुपये गायब हैं। गोली लगने के बाद सौरव को अशर्फी अस्पताल, फिर मिशन हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां से गंभीर स्थिति के कारण दिल्ली रेफर किया गया है। पुलिस ने मिशन अस्पताल में सौरव का बयान दर्ज किया है, लेकिन अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। परिजनों ने पुलिस से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के समग्र विकास का मजबूत आधार है: मंत्री योगेंद्र प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** गोमिया के लोयोला इंग्लिश मीडियम स्कूल में शनिवार को स्कूली बच्चों की विज्ञान, कला और क्राफ्ट की वार्षिक प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजित की गयी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मध निषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद पहुंचे। सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने विज्ञान, कला और क्राफ्ट में तरह-तरह के आकर्षक प्रोजेक्ट और मॉडल प्रदर्शित कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं नवाचार क्षमता की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं उन्हें बधाई दी। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज एवं राष्ट्र के समग्र विकास का मजबूत आधार है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, सुलभ एवं प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, परिश्रम, समर्पण एवं नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाते हुए आगे बढ़ने का आह्वान किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से विद्यालय के सचिव फादर सीरियक जोसेफ, प्रिंसिपल सिस्टर सेरिन, वाइस प्रिंसिपल सिस्टर दया, विद्युत कार्यपालक अभियंता तेनुघाट प्रभाकर कुमार, विधायक प्रतिनिधि अमित पासवान, मुखिया बंटी उरांव, मुखिया अंशु कुमारी, आईईएल थाना प्रभारी प्रफुल्ल कुमार महतो,पूर्व मुखिया धनंजय सिंह, महावीर रविदास सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# डोमगढ़ बचाओ मोर्चा ने प्रेस वार्ता कर विस्थापन के खिलाफ बुलंद की आवाज

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिंदरी।** डोमगढ़ बचाओ मोर्चा के लोगों ने अपने अस्तित्व की लड़ाई को लेकर एक साथ एक मंच पर आकर प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता में डोमगढ़ बचाओ मोर्चा के अध्यक्ष धीरज सिंह ने प्रेस के लोगों को सम्बोधित करते हुए प्रबंधन के दलालों से सावधान रहने की गुजारिश की एवं अपना कोई भी कागजात किसी भी दल तथा किसी भी नेतृत्व से शेयर ना करने की शक्त हिदायत दी। सिंह ने कहा कि मोर्चा पुरे डोमगढ़ के लोगों की केवल लड़ाई नहीं लड़ रहा, बल्कि पुरे सिंदरी को बचाने की लड़ाई लड़ रहा है, जिसकी सुरुवात डोमगढ़ से आगाज हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि एफसीआईएल प्रबंधन ने डोमगढ़ के साथ-साथ पूरे सिंदरी को गुमराह कर सिंदरी में उथल-पुथल करना चाह रही है, इनकी मनसा किसी भी कीमत पर पूरी नहीं होगी और डोमगढ बचाओ मोर्चा डोमगढ को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। यहां के लोग भविष्य में यही रहना चाहते हैं। हमें विस्थापन की कोई जरूरत नहीं है। डोमगढ़ बचाओ मोर्चा विस्थापन का पुरजोर विरोध करता है। केवल अपने निजी स्वार्थ की पूर्ति करने के लिए वर्तमान एफसीआई प्रबंधन सबको लड़ा कर अपनी रोटी सेकने का कार्य कर रही है।

सिंह ने पुरे सिंदरी के लोगों से अनुरोध किया है कि अपनी-अपनी अस्तित्व की लड़ाई के लिए घर से बाहर आएं और रविवार से होने वाली अनिश्चित कालीन धरना में सहयोग करें। यह धरना डोमगढ हीं नहीं, पूरे सिंदरी की दिशा निर्देश बदलेगा। धरना स्थान डोमगढ़ हर्ल मेटेरियल गेट के सामने डोमगढ़ बाजार में होना तय हुआ है। प्रेस वार्ता में विदेशी सिंह, दिलीप मिश्रा, अनिल सिंह,शशि शेखर पांडे, अजय अग्रवाल, सत्येंद्र सिंह, महेंद्र, प्रयाग सिंह गंगा देवी, मोनी मंडल, ज्योति सिंह, मीना देवी, सपना देवी आदि सैकड़ो लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सांसद खेल महोत्सव फुटबॉल प्रतियोगिता का दूसरा दिन



धनबाद (आजाद सिपाही)।बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स धनबाद में खेल महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को फुटबॉल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि खुशवंत देवा आर्य देव समर्पण सेवा फाउंडेशन के संस्थापक, विशिष्ट अतिथि सावंत कुमार महतो विधायक प्रतिनिधि ने खिलाड़ियों के साथ परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का सेमीफाइनल में बीएमएफसी, गोपीनाथ स्पोर्टिंग, सरना एफसी, एफसी मुर्गा बनी की टीम ने जगह बनाई। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में खेल प्रभारी सांसद प्रतिनिधि सुनील चौधरी, मनोज सिंह, कैलाश कुमार गुप्ता, संदीप शर्मा, संघ के महासचिव मृदुल बोस, कोषाध्यक्ष मो सलाउद्दीन, संयुक्त सचिव शुभंकर सरकार ने अहम भूमिका निभाया।

## सार्वजनिक पशुओं पर क्रूरता पर डीसी ने सेल्टर होम और फीडिंग जोन बनाने का दिया निर्देश

बोकारो (आजाद सिपाही)। शनिवार को उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सार्वजनिक रूप से विचरण कर रहे पशुओं, जो निजी नहीं हैं के प्रति क्रूरता की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने हेतु प्रत्येक 45 दिन पर जिला स्तरीय बैठक आयोजित की जाये। सभी विभागों के कार्य दायित्व अनुपालन को सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। जिला पशुपालन पदाधिकारी को सभी संबंधित विभाग- स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर निगम चास/नगर परिषद फुसरो तथा पुलिस विभाग के साथ मासिक समन्वय बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। पशु क्रूरता के विरुद्ध जिले में कार्यरत एनजीओ उनके प्रतिनिधियों के साथ प्रतिमाह बैठक आयोजित करने तथा बैठक का प्रतिवेदन जिला कार्यालय को समर्पित करने का निर्देश दिया। नगर निगम चास, नगर परिषद फुसरो एवं बीएसएल नगर प्रशासन को निर्देश दिया कि सार्वजनिक रूप से विचरण कर रहे, गैर-निजी पशुओं के लिए सेल्टर होम एवं फीडिंग जोन स्थायी निर्माण हेतु उपयुक्त स्थल चिन्हित करें।

## धनबाद: दो-दिवसीय बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित



धनबाद (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के तत्वावधान में धनबाद में प्रथम दो-दिवसीय बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। इस दो-दिवसीय टूर्नामेंट में झारखंड प्रांत की कुल 20 शाखाओं ने हिस्सा लिया, जिसमें 16 पुरुष और 4 महिला टीमें शामिल रहीं। प्रमुख प्रतिभागी शाखाओं में रांची, जमशेदपुर, चांडिल, झुमरी तलैया, झुमरी तलैया प्रेरणा धनबाद, धनबाद शक्ति, झरिया, चाईबासा जागृति, धनबाद कोयलांचल भागा, केंदुआ, जामताड़ा, देवघर, गिरिडीह, गिरिडीह प्रेरणा धैया एवं चास शाखा की उपस्थिति थी। नीरज अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं के भीतर 'युवा शक्ति-राष्ट्र शक्ति' के मंत्र को चरितार्थ करना और खेल के माध्यम से आपसी सौहार्द बढ़ाना है।

## राज्यपाल के धनबाद आगमन पर दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर





आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद ।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का आगमन शनिवार को धनबाद एयरपोर्ट पर हुआ। इस दौरान धनबाद एयरपोर्ट पर उपायुक्त आदित्य रंजन तथा वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने राज्यपाल का पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। इस दौरान राज्यपाल को धनबाद एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बता दें कि टुंडी में एक स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार धनबाद पहुंचे हैं।

मौके पर सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर द्विवेदी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश बाउरी, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।


**कार्यालय झुमरीतिलैया नगर परिषद**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**निविदा सूचना सं०– 24/2025-26**

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक पदाधिकारी, झुमरी तिलैया, नगर परिषद
2. परिमाण विपत्र बिक्री तिथि एवं स्थान : 27.12.2025 को 5.00 अपराहन तक, झु0ति0, नगर परिषद कार्यालय
3. निविदा प्राप्ति का स्थान तिथि एवं समय : झु0ति0, नगर परिषद, 29.12.2025 को 3:00 बजे अप0 तक
4. निविदा खोलने की तिथि स्थान एवं समय : झु0ति0, नगर परिषद 30.12.2025 को 3:00 बजे अप0 से
5. कार्य का विवरण –

| क्र0 सं0 | मद् का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (in Rupees) | अग्रधन की राशि (in Rupees) | निविदा शुल्क (in Rupees) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शहरी परिवहन मद् | CONSTRUCTION OF PAVER BLOCK IN D N SINGH CAMPUS FROM SHIVENDRA NARAYAN SINHA GATE VIA SONAM LAND TO NITESH SETH HOUSE IN WARD NO-07. | 811300.00 | 16226.00 | 5000 | 3 MONTH |
| 2. | शहरी परिवहन मद् | CONSTRUCTION OF PCC ROAD FROM NILAM DEVI HOUSE TO DEEPAK SHARMA HOUSE AT WARD NO -19. | 956300.00 | 19126.00 | 5000 | 3 MONTH |
| 3. | शहरी परिवहन मद् | CONSTRUCTION OF PAVER BLOCK IN IMAM BADA CAMPUS WARD NO-16. | 302950.00 | 6060.00 | 1000 | 2 MONTH |
| 4. | शहरी परिवहन मद् | CONSTRUCTION OF PAVER BLOCK ROAD FROM MADHO DEVI HOUSE TO BALO SAW HOUSE AND KASHI SAW HOUSE TO SUBHASH PASWAN HOUSE WARD NO-21. | 817100.00 | 16342.00 | 5000 | 3 MONTH |
| 5. | शहरी परिवहन मद् | CONSTRUCTION OF PCC ROAD IN WARD NO-17 FROM HALIM KHATUN TO ASIA KHATUN AND JABBAR MARHUM TO ANWAR BEG. | 535200.00 | 10704.00 | 5000 | 3 MONTH |
| 6. | शहरी परिवहन मद् | CONSTRUCTION OF PAVER BLOCK ROAD FROM SAMUDAIK BHAWAN TO BAJRANGI VISHWAKARMA HOUSE AND LAKHAN YADAV HOUSE TO KAILASH SAW SHOP WARD NO-19. | 259600.00 | 5192.00 | 1000 | 2 MONTH |
| 7. | शहरी परिवहन मद् | CONSTRUCTION OF PCC ROAD FROM YUGAL BHUIYAN TO MURLI SAW HOUSE AT WARD NO -19. | 996900.00 | 19938.00 | 5000 | 3 MONTH |
| 8. | शहरी परिवहन मद् | CONSTRUCTION OF PAVER BLOCK ROAD FROM UMA MEDICAL TO BAZAR SAMITI GATE WARD NO-15. | 830700.00 | 16614.00 | 5000 | 3 MONTH |
| 9. | शहरी परिवहन मद् | CONSTRUCTION OF PAVER BLOCK ROAD SHIV MANDIR TO MATHUR CHOUDHARY HOUSE WARD NO-19. | 236100.00 | 4722.00 | 1000 | 2 MONTH |
| 10. | शहरी परिवहन मद् | CONSTRUCTION OF PCC ROAD FROM MAIN ROAD HARI OM PRESS GALI TO SAMBHU TAMOLI HOUSE WARD NO-15. | 313300.00 | 6266.00 | 1000 | 2 MONTH |
| 11. | शहरी परिवहन मद् | CONSTRUCTION OF PAVER BLOCK ROAD FROM KULDIP VERMA HOUSE TO PRAMESHWAR VERMA HOUSE WARD NO-19. | 327200.00 | 6544.00 | 1000 | 2 MONTH |
| 12. | शहरी परिवहन मद् | CONSTRUCTION OF PAVER BLOCK ROAD FROM RAMDEV YADAV HOUSE TO KEDAR VISHWAKARMA HOUSE AT WARD NO -04. | 995700.00 | 19914.00 | 5000 | 3 MONTH |
| 13. | शहरी परिवहन मद् | CONSTRUCTION OF PAVER BLOCK ROAD IN BAJRANG NAGAR NICHE MOHALLA FROM SHAYAM SUNDAR PRASAD HOUSE TO MAIN ROAD AND SURESH RAM HOUSE TO MAIN ROAD AT WARD NO -27. | 592600.00 | 11852.00 | 5000 | 3 MONTH |
| 14. | शहरी परिवहन मद् | CONSTRUCTION OF PCC ROAD IN GAUSALA ROAD FROM KADIR MIYAN HOUSE TO SKS MEMORIAL SCHOOL AT WARD NO -27. | 996400.00 | 19928.00 | 5000 | 3 MONTH |
| 15. | शहरी परिवहन मद् | CONSTRUCTION OF PAVER BLOCK ROAD IN AMBEDKAR NAGAR FROM MEENA DEVI HOUSE VIA RADHIYA DEVI HOUSE TO ANGANBADI KENDRA AT WARD NO-27. | 495700.00 | 9914.00 | 1000 | 3 MONTH |
| 16. | शहरी परिवहन मद् | CONSTRUCTION OF PCC ROAD IN GAS GODAM GALI FROM VINOD KESHRI HOUSE VIA AJAY MODI HOUSE TO MAHESH VISHWAKARMA HOUSE AT WARD NO -23. | 980000.00 | 19600.00 | 5000 | 3 MONTH |
| 17. | शहरी परिवहन मद् | CONSTRUCTION OF PAVER BLOCK ROAD FROM KRISHNA PRASAD VERMA HOUSE TO BHIKHAN NAYAK HOUSE VIA SURESH MAHTO HOUSE AT WARD NO -23. | 739900.00 | 14798.00 | 5000 | 3 MONTH |
| 18. | शहरी परिवहन मद् | CONSTRUCTION OF PCC ROAD VISHWANATH MODI GATE TO SUBHASH MODI HOUSE AND PAVER BLOCK ROAD FROM JIWLAL MAHTO HOUSE TO DILIP MODI HOUSE AT WARD NO -25. | 999900.00 | 19998.00 | 5000 | 3 MONTH |
| 19. | शहरी परिवहन मद् | CONSTRUCTION OF PAVER BLOCK ROAD FROM PRAKASH YADAV HOUSE (MAIN ROAD) TO SARKARI BADA NALA (SABJI BAJAR) AT WARD NO -11. | 681396.00 | 13628.00 | 5000 | 3 MONTH |
| 20. | शहरी परिवहन मद् | CONSTRUCTION OF PAVER BLOCK ROAD FROM MAHENDRA LOHANI HOUSE VIA RAMCHANDRA PRASAD HOUSE TO KALI MANDIR AND ASHOK KESHRI HOUSE TO MADAN PRASAD HOUSE AT WARD NO -14. | 305498.00 | 6110.00 | 1000 | 2 MONTH |
| 21. | नागरिक सुविधा | CONSTRUCTION OF RCC SLAB BLOCK ROAD AT BADA NALA UNDER JHUMRI TELAIYA NAGAR PARISHAD WARD NO-12. | 396800.00 | 7936.00 | 1000 | 3 MONTH |
| 22. | शहरी परिवहन मद् | CONSTRUCTION OF PCC ROAD FROM RAM CHANDRA HOUSE VIA SUNIL THAKUR HOUSE TO SHAMBHU MODI HOUSE AT WARD NO-10. | 902777.00 | 18056.00 | 5000 | 3 MONTH |
| 23. | नागरिक सुविधा | CONSTRUCTION OF BOUNDARY WALL NEAR CO AAWAS AT WARD NO -11. | 292380.00 | 5848.00 | 1000 | 3 MONTH |
| 24. | शहरी परिवहन मद् | CONSTRUCTION OF PAVER BLOCK ROAD AT WARD NO-09. | 444338.00 | 8887.00 | 1000 | 3 MONTH |

प्रशासक
झुमरी तिलैया, नगर परिषद

PR 369108 Urban Development(25-26)#D


# बीएसएल में परिचालन उत्कृष्टता, कर्मचारी कल्याण और सुरक्षा संस्कृति को मिला नया आयाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) में तकनीकी उन्नयन, मानव संसाधन विकास तथा सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ करने की दिशा में हाल के दिनों में कई महत्वपूर्ण पहलें की गईं, जो संयंत्र की सतत सुधार एवं विश्वसनीय संचालन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

हॉट स्ट्रिप मिल (एचएसएम) विभाग के एमआर-4 क्षेत्र में स्थित महत्वपूर्ण ड्राइव रूम्स हेतु केंद्रीय एयर-कंडीशनिंग प्रणाली के प्रतिस्थापन और उन्नयन का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इस उन्नत प्रणाली का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन्स) अनूप कुमार दत्त ने किया। एमआर-4 क्षेत्र के ड्राइव रूम्स भूतल और भूमिगत स्तर पर स्थित हैं और हॉट स्ट्रिप मिल की कॉइलर प्रणालियों के निर्बाध, सुरक्षित और सतत संचालन में अहम भूमिका निभाते हैं। इन कक्षों में ताप-संवेदनशील कन्वर्टर्स, ड्राइव्स एवं इलेक्ट्रॉनिक कार्ड्स जैसे परिष्कृत उपकरण स्थापित हैं। पूर्व की 280 टीआर क्षमता की केंद्रीय एसी प्रणाली के जर्जर हो जाने के कारण शीतलन दक्षता प्रभावित हो रही थी। इसे ध्यान में रखते हुए 220,000 सीएफएम क्षमता की नवीन डीएक्स-टाइप एयर हैंडलिंग यूनिट्स स्थापित की गयीं। यह कार्य विभागीय इन-हाउस संसाधनों से, निर्धारित सुरक्षा एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप, 12 दिनों की नियोजित अवधि के स्थान पर मात्र 8 दिनों में पूरा किया गया। नयी प्रणाली के कमीशनिंग के बाद ड्राइव रूम्स का तापमान लगभग 20 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर रखा जा रहा है, जिससे परिचालन विश्वसनीयता, उपकरण सुरक्षा, ब्रेकडाउन में कमी और लागत बचत जैसे महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त हुए हैं। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-II और सी सीएस) डीके सक्सेना, महाप्रबंधक (सुरक्षा) विकास गुप्ता, विभागीय सुरक्षा अधिकारी के साथ विभाग के कर्मचारी तथा ठेका श्रमिक मौजूद थे।

## 'तनाव प्रबंधन' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

बोकारो स्टील प्लांट में महिला संविदा कर्मियों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 'तनाव प्रबंधन' विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन विभाग के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की 24 महिला संविदा कर्मियों ने भाग लिया। योग गुरु कृष्ण बंधु मिश्रा द्वारा योग और तनाव प्रबंधन के व्यावहारिक उपाय बताये गये। अधिशासी निदेशक (ऑपरेशंस) श्री दत्त ने महिला सशक्तिकरण पर बल देते हुए ऐसे कल्याणकारी कार्यक्रमों की आवश्यकता को रेखांकित किया।

## 'सुरक्षित हम-सुरक्षित प्लांट' संवाद कार्यक्रम आयोजित

बोकारो स्टील प्लांट में एसएमएस-II और सीसीएस विभाग में 'सुरक्षित हम-सुरक्षित प्लांट' संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें श्री दत्त ने कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों के साथ सीधे संवाद कर सुरक्षा उपायों, जोखिम पहचान एवं जोखिम आकलन के महत्व पर प्रकाश डाला। उपस्थित कर्मियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुये 'शून्य-दुर्घटना कार्यस्थल' के संकल्प को दोहराया। ये सभी पहलें बीएसएल की परिचालन उत्कृष्टता, कर्मचारी कल्याण और मजबूत सुरक्षा संस्कृति के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से प्रतिबिंबित करती हैं।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 21 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया, अफसोस की बात है : सोनिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शनिवार को मनरेगा योजना को लेकर केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा है कि बहुत अफसोस की बात है कि हाल में सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया। संसद के शीतकालीन सत्र में केंद्र सरकार मनरेगा की जगह वीबी-जीरामजी बिल लेकर आयी, जिसे पहले लोकसभा से और फिर राज्यसभा से पारित करवा लिया गया। विपक्ष ने कड़ा विरोध जताया। जनता को संबोधित करते हुए सोनिया गांधी ने कहा, मुझे आज भी याद है, 20 साल पहले डॉ मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री थे, तब संसद में मनरेगा कानून आम राय से पास किया गया था। यह ऐसा क्रांतिकारी कदम था, जिसका फायदा करोड़ों ग्रामीण परिवारों को मिला था। खासतौर पर वंचित, शोषित, गरीब और अतिगरीब लोगों के लिए रोजी-रोटी का जरिया बना। रोजगार के लिए अपनी माटी, अपना गांव, अपना घर-परिवार छोड़कर पलायन करने पर रोक लगी। रोजगार का कानूनी हक दिया गया, साथ ही ग्राम पंचायतों को ताकत मिली। मनरेगा के जरिये महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपनों के भारत की ओर एक ठोस कदम उठाया गया। उन्होंने आगे कहा, पिछले 11 साल में मोदी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार, गरीबों और वंचितों के हितों को नजरअंदाज कर मनरेगा को कमजोर करने की हर कोशिश की, जबकि कोविड के वक्त ये गरीब वर्ग के लिए संजीवनी साबित हुआ। लेकिन बहुत अफसोस की बात है कि अभी हाल में सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया। न सिर्फ महात्मा गांधी का नाम हटाया गया, बल्कि मनरेगा का रूप-स्वरुप बिना विचार-विमर्श किये, बिना किसी से सलाह-मशवरा किये, बिना विपक्ष को विश्वास में लिये मनमाने ढंग से बदल दिया गया। अब किसको, कितना, कहां और किस तरह रोजगार मिलेगा, यह जमीनी हकीकत से दूर दिल्ली में बैठकर सरकार तय करेगी। सोनिया गांधी ने अपने बयान में कहा, कांग्रेस का मनरेगा को लाने और लागू करने में बड़ा योगदान था, लेकिन यह पार्टी से जुड़ा मामला कभी नहीं था। ये देशहित और जनहित से जुड़ी योजना थी। मोदी सरकार ने इस कानून को कमजोर करके देश के करोड़ों किसानों, श्रमिकों और भूमिहीन ग्रामीण वर्ग के गरीबों के हितों पर हमला किया है।

# बंगाल को महा जंगलराज से मुक्ति दिलायेंगे : पीएम मोदी

- कहा- बिहार ने बंगाल में भाजपा की जीत के द्वार खोल दिये हैं
- टीएमसी की सरकार को कट एवं कमीशन की सरकार बताया
- बंगाल का बच्चा-बच्चा आज कह रहा-बांचते चाई, बीजेपी ताई

आजाद सिपाही संवाददाता



## 3200 करोड़ की दो राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया

जनसभा से पहले पीएम ने वर्चुअल माध्यम से 3,200 करोड़ रुपये की दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्धाटन व शिलान्यास भी किया। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग-12 के 66.7 किलोमीटर लंबे सेक्शन का उद्घाटन और 17.6 किलोमीटर लंबे सेक्शन के फोर-लेन कार्य का शिलान्यास शामिल है। पीएम ने कहा कि ये सड़कें सिर्फ कंक्रीट का रास्ता नहीं हैं, बल्कि बंगाल के आर्थिक विकास के नये द्वार खुला है।

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ममता सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि बंगाल में चल रहे महा जंगलराज का जल्द खात्मा होगा। बांग्लादेश की सीमा से सटे नदिया जिले के ताहेरपर (राणाघाट) में भाजपा की परिवर्तन संकल्प जनसभा को कोलकाता एयरपोर्ट से वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि जिस प्रकार बिहार की जनता ने विकास के लिए जंगलराज को एक स्वर से नकार दिया है, उसी प्रकार अब बंगाल की बारी है। पीएम ने कहा कि आज देश तेजी से विकास चाहता है। बिहार ने 20 साल बाद भी भाजपा-एनडीए को भारी जनादेश व पहले से ज्यादा सीटें दी हैं। बिहार चुनाव परिणामों ने बंगाल में भाजपा की जीत के द्वार खोल दिए हैं। गंगाजी बिहार से बहते हुए बंगाल पहुंचती है। अब हमें बंगाल को महा जंगलराज से मुक्ति दिलानी है। टीएमसी चाहे जितना विरोध करे, लेकिन बंगाल के विकास को नहीं रोक सकती। मोदी ने कहा कि बंगाल का आज बच्चा-बच्चा, हर गांव, शहर, गली व मोहल्ला कह रहा है कि च्बांचते चाई, बीजेपी ताईच (बचना है तो भाजपा चाहिए)।

मोदी ने कहा कि ऐसा नहीं है कि बंगाल के विकास के लिए पैसों की कमी है, लेकिन यहां की सरकार सिर्फ कट और कमीशन में लगी रहती है। इस जनसभा के जरिए पीएम ने बंगाल में भाजपा के चुनावी अभियान का शंखनाद करते हुए राज्य की जनता से हाथ जोड़कर डबल इंजन की सरकार बनाने का आह्वान करते हुए भाजपा को एक मौका देने की अपील की।

**घुसपैठियों के लिए एसआइआर का विरोध कर रही टीएमसी**

घुसपैठ के मुद्दे पर चिंता जताते हुए मोदी ने कहा कि टीएमसी सरकार उन घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रही हैं जो बंगाल पर कब्जा करने पर तुले हुए हैं। घुसपैठियों को खुला संरक्षण हासिल है। उन्होंने कहा कि टीएमसी घुसपैठियों को बचाने के लिए बंगाल में एसआइआर का विरोध कर रही है। लोगों को टीएमसी की साजिशों से सावधान रहने की जरूरत है। पीएम ने कहा कि मैंने इंटरनेट मीडिया पर देखा कि कुछ लोगों ने गो बैक मोदी के बोर्ड लगा रखे हैं। इससे बेहतर होता कि बंगाल की हर गली और खंभे पर गो बैक घुसपैठिए लिख दिया जाता। नदिया में इस रैली के दौरान पीएम ने कहा कि भाजपा ही बंगाल के लोगों की एकमात्र आशा और विश्वास है। हम हर शरणार्थी और हर नागरिक को सम्मान और सुरक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एसआइआर को लेकर जो भ्रम फैलाया जा रहा, जनता उसे समझ चुकी है।

**घने कोहरे के कारण पीएम का हेलीकाप्टर लैंड नहीं कर पाया**

घने कोहरे व खराब विजिबिलिटी के कारण पीएम का हेलीकाप्टर ताहेरपुर में लैंड नहीं कर सका। पायलट ने सुरक्षा कारणों से हेलीकाप्टर को वापस कोलकाता एयरपोर्ट लाया। जहां से पीएम ने जनसभा को संबोधित किया। संबोधन की शुरुआत में ही पीएम ने ताहेरपुर न पहुंच पाने के लिए लोगों से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि मौसम ने कठिनाइयां पैदा कीं, लेकिन मैं फिर आऊंगा।

# मद्रास हाइकोर्ट के जज को 36 पूर्व जजों का मिला समर्थन

- पूर्व न्यायाधीश बोले, जस्टिस स्वामीनाथन के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव न्यायपालिका पर हमला

आजाद सिपाही संवाददाता

**चेन्नई।** मद्रास हाइकोर्ट के जज जस्टिस जीआर स्वामीनाथन के खिलाफ विपक्षी सांसदों के महाभियोग प्रस्ताव का देश के 36 पूर्व जजों ने विरोध किया है। इससे पहले 56 पूर्व जज भी इस प्रस्ताव पर विरोध जता चुके हैं। शनिवार को इन 36 जजों ने खुले पत्र में कहा कि महाभियोग के प्रस्ताव का कदम जजों पर राजनीतिक-वैचारिक दबाव बनाने और डराने की कोशिश है। अगर इस तरह की कोशिशों को आगे बढ़ने दिया गया, तो यह लोकतंत्र और न्यायपालिका की स्वतंत्रता की जड़ों पर हमला होगा, क्योंकि लोकतंत्र में फैसलों की परीक्षा अपील और कानूनी समीक्षा से होती है, न कि महाभियोग की धमकियों से।

दरअसल, जस्टिस स्वामीनाथन ने एक दिसंबर को मंदिर और दरगाह से जुड़े मामले में हिंदुओं के पक्ष में फैसला दिया था। इसके बाद 9 दिसंबर को प्रियंका गांधी वाड्रा समेत इंडिया गठबंधन के 107 सांसदों ने उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश किया था। जजों ने चार पूर्व सीजेआइ दीपक मिश्रा, रंजन गोगोई, एएस बोबड़े, डीवाइ चंद्रचूड़ का भी पत्र में जिक्र करते हुए कहा कि इनके खिलाफ भी महाभियोग लाने की कोशिश की गयी थी। जज संविधान और शपथ के प्रति जवाबदेह होते हैं, न कि राजनीतिक दबाव के लिए। इसलिए देश के सभी सांसदों, नागरिकों को विपक्ष के इस कदम की खुल कर निंदा करनी चाहिए।

**यह है पूरा मामला :** मद्रास हाइकोर्ट की मदुरै बेंच ने एक राइट-विंग एक्टिविस्ट की याचिका पर 4 दिसंबर को सुनवाई करते हुए तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर मौजूद एक मंदिर और दरगाह से जुड़े मामले में हिंदुओं के पक्ष में फैसला दिया था। जस्टिस स्वामीनाथन ने सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर के अधिकारियों को दूसरे पक्ष के विरोध के बावजूद दीपाथून पर शाम छह बजे तक दीपक जलाने का आदेश दिया था। इस आदेश के बाद तमिलनाडु सरकार काफी भड़क गयी थी और आदेश मानने से ही इनकार कर दिया। इसी के बाद से विरोध शुरू हुआ था। जस्टिस स्वामीनाथन के आदेश को तमिलनाडु सरकार ने लागू करने से मना कर दिया।

सरकार ने इसके पीछे कानून-व्यवस्था बिगड़ने का हवाला दिया था। इसी को आधार बनाकर महाभियोग लाने का तर्क दिया गया। अपने फैसले में जज ने स्पष्ट कहा था कि दीपाथून पर दीप जलाने से दरगाह या मुसलमानों के अधिकारों पर कोई असर नहीं होगा।

# मोदी की अभूतपूर्व कूटनीतिः छह में से पांच जीसीसी देशों ने पीएम मोदी को दिया अपना सर्वोच्च सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत का खाड़ी देशों के साथ जुड़ाव, पिछले दशक में बहुत बदल गया है और इस बदलाव पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की व्यक्तिगत कूटनीति की स्पष्ट छाप दिखायी देती है। 2014 के बाद से नयी दिल्ली ने जो पश्चिम एशिया में उपलब्धि हासिल की है, वह भारत-खाड़ी संबंधों के इतिहास में अभूतपूर्व है। यह साझेदारी हाइड्रोकार्बन और भारतीय कार्यबल पर अपनी शुरुआती निर्भरता से कहीं आगे बढ़ चुकी है और अब यह एक अधिक निश्चित, संस्थागत और राजनीतिक रूप से आत्मविश्वासी संबंध में बदल गयी है। पीएम मोदी के खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों के 15 दौरे, जो किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की यात्राओं में सबसे अधिक हैं, ने एक ऐसा गर्मजोशीपूर्ण और परिचित होने का स्तर पैदा किया है, जो पहले की सरकारें कभी भी नहीं कर पायीं। स्वयं जीसीसी, जिसमें छह अरब देश शामिल हैं और जो सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रीय गठबंधनों में से एक है, पश्चिम एशिया के आर्थिक और राजनीतिक परिदृश्य को आकार देता है।

इस नयी आत्मविश्वास की एक उल्लेखनीय अभिव्यक्ति क्षेत्र के शीर्ष नागरिक सम्मान के रूप में सामने आयी है। छह में से पांच खाड़ी देशों ने पीएम मोदी को अपने सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान किये हैं और ओमान पिछले सप्ताह आर्डर ऑफ ओमान देकर इस सूची में शामिल हो गया है। यह सम्मान 2019 में यूएइ के आर्डर ऑफ जायद, 2016 में सऊदी अरब के किंग अब्दुलअजीज सैश, 2019 में बहरीन के किंग हमाद आर्डर ऑफ द रिनेसेंस (फर्स्ट क्लास), और 2024 में कुवैत के ऑर्डर ऑफ मुबारक अल-कबीर के बाद प्रदान किया गया है।

**सिर्फ. औपचारिक प्रतीक नहीं :** महत्वपूर्ण रूप से ये सम्मान केवल औपचारिक प्रतीक नहीं हैं। एक ऐसे क्षेत्र में, जहां ये सम्मान केवल उन राजनेताओं को दिये जाते हैं, जिन्हें भरोसेमंद, विश्वसनीय और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है। ये सम्मान अत्यधिक विश्वास का संकेत देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी पांच जीसीसी देशों से शीर्ष सम्मान प्राप्त करने वाले पहले वैश्विक राजनेता हैं, यह एक राजनीतिक संदेश है, जो प्रतीकात्मकता से आगे जाता है और खाड़ी क्षेत्र का उनके नेतृत्व और भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा पर दीर्घकालिक विश्वास को प्रतिबिंबित करता है। 2014 से पहले मौजूद अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए, यह क्षण विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। कई विशेषज्ञों ने क्षेत्रीय आंतरिक प्रतिद्वंद्विताओं और क्षेत्र के राजनीतिक माहौल की जटिलताओं का हवाला देते हुए कहा था कि पश्चिम एशिया पीएम मोदी के लिए एक कठिन क्षेत्र बन सकता है। इसके बजाय, उन्होंने हर खाड़ी देश के साथ व्यक्तिगत संबंध बनाये, ऐसी कूटनीतिक सफलता हासिल की, जो पहले किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री ने हासिल नहीं की थी।

संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ उनका संबंध अक्सर असाधारण रूप से गर्मजोशी भरा और व्यक्तिगत विश्वास पर आधारित बताया जाता है। सऊदी के सुलतान सलमान बिन अब्दुलअजीज के साथ उनकी बातचीत ने रणनीतिक सामंजस्य के एक चरण को सुगम बनाया। बहरीन के किंग हमद बिन ईसा अल खलीफा, कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह, ओमान के सुलतान हैथम बिन तारिक और कतर के अमीर शेख तमिम बिन हमद अल थानी, सभी ने ऐसे स्तर की खुली स्वीकृति और पहचान के साथ प्रतिक्रिया दी है, जो विदेश के किसी भी नेता को शायद ही दी गयी हो।



## प्रधानमंत्री मोदी की ऐतिहासिक सफलता

पूरे खाड़ी क्षेत्र में, इसका समग्र प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखायी पड़ता है: प्रधानमंत्री मोदी ने ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। सर्वोच्च नागरिक सम्मान केवल उस परिवर्तन को औपचारिक रूप देते हैं, जो पहले से ही क्षेत्र के कूटनीतिक परिदृश्य में दिखायी दे रहा है। भारत को खाड़ी में लंबी अवधि की रणनीतिक व्यवस्था में एक स्थिर, भरोसेमंद और अनिवार्य साझेदार के रूप में देखा जाता है, विशेष रूप से जब क्षेत्र आर्थिक विविधीकरण, डिजिटल एकीकरण, नवीकरणीय ऊर्जा सहयोग और भू-राजनीतिक संतुलन के नए प्रारूपों की तलाश में है। यह सद्भावना का कोई अस्थायी क्षण नहीं है बल्कि एक संरचनात्मक पुनर्निर्माण है। अब खाड़ी की पूर्व की ओर दृष्टि, भारत को हाशिये में नहीं, बल्कि अपनी दीर्घकालिक सोच के केंद्र में पाती है। मोदी के नेतृत्व में, भारत एक लेन-देन से जुड़े साझेदार की बजाय रणनीतिक भविष्य को आकार देने वाली शक्ति बन गया है, यह बदलाव वास्तव में भारत के पश्चिम एशिया के साथ संबंधों में अप्रत्याशित है।

# असम में राजधानी एक्सप्रेस से टकरा कर सात हाथियों की मौत

- एक घायल, ट्रेन के पांच डिब्बे-इंजन पटरी से उतरे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नौगांव/गुवाहाटी।** असम के होजाई जिले में शनिवार सुबह हाथियों का एक झुंड सैरंग-नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। हादसे में सात हाथियों की मौत हो गयी और एक हाथी का बच्चा घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में ट्रेन का इंजन और पांच कोच भी पटरी से उतर गये। यह हादसा सुबह 2:17 बजे चांगजुराई गांव के पास हुआ। शुरुआत में आठ हाथियों के मारे जाने की सूचना थी, लेकिन बाद में पुष्टि हुई कि एक हाथी का बच्चा जिंदा है और गंभीर रूप से घायल है। हादसे में किसी यात्री के घायल होने की खबर नहीं है। नगांव के डीएफओ सुहास कदम ने बताया कि इलाके में घना कोहरा होने के कारण यह हादसा होने की आशंका है। स्थानीय पशु चिकित्सक घायल हाथी का इलाज कर रहे हैं।




# तोशाखाना केस में इमरान और बुशरा बीबी को 17-17 साल की सजा

- 16.40 करोड़ का जुर्माना, 2 करोड़ की घड़ी को 5 लाख का बताया था

एजेंसी




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआइ के संस्थापक इमरान खान तथा उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना केस-2 मामले में 17-17 साल की जेल की सजा सुनायी गयी है। यह फैसला शनिवार को फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एफआइए) की विशेष अदालत ने सुनाया। दोनों पर 16.4 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। यह मामला एक महंगे बुल्गारी घड़ी सेट से जुड़ा है। उन्हें 2018 में सऊदी प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने यह सेट गिफ्ट की थी, जिसकी कीमत करीब 2 करोड़ थी। इमरान ने पाकिस्तान आर्काइव को इस गिफ्ट के सही कीमत की जानकारी नहीं दी। उन्होंने झूठ कहा कि यह सिर्फ 5 लाख की है, जिससे घड़ी सरकारी खजाने में जाने से बच जाये। इमरान इसे निजी तौर पर बेचना चाहते थे। रावलपिंडी की अडियाला जेल में सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश शाहरुख अरजुमंद ने फैसला सुनाया। इमरान भ्रष्टाचार के मामले में अगस्त 2023 से अडियाला जेल में बंद हैं। इमरान को कुल 17 साल की जेल की सजा सुनायी गयी। उन्हें भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 409 के तहत 10 साल का कठोर कारावास और धारा 5(2)47 के तहत सात साल की सजा सुनायी गयी। फैसले के बाद इमरान ने फैसले को चुनौती देने का इरादा जताया।




## देश विरोधी ताकतों के साथ मिलकर देश को बदनाम कर रहे हैं राहुल : भाजपा

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** भाजपा ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला और उन पर देश को बदनाम करने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि राहुल गांधी को जब संसद में रहना चाहिए, तब वह विदेश चले जाते हैं और भारत विरोधी शक्तियों से मिलते हैं। गौरव भाटिया ने कहा कि विदेशी जमीन पर जाकर भारत को बदनाम करना, देश विरोधी ताकतों से मिलना, ये किसी और के द्वारा नहीं, बल्कि हमारे लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा किया जा रहा है।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**